

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 आउट होना मेरी नाराजगी का सबब...

इस बार विद्रोह का मकसद शिवसेना को... 12



वर्ष : 13 | अंक : 69 | नई दिल्ली, मंगलवार, 26 जुलाई 2022 | श्रावण मास कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 28.0°C

मौसम विभाग के अनुसार गर्मी से राहत मिलेगी और बारिश होने की संभावना है।

**पोल**

**क्या महाराष्ट्र में शिवसेना के बाद कांग्रेस को लगेगा झटका?**

| | |
|---|---|
| हां | 50% |
| नहीं | 40% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 52,510 |
| चांदी | 54,900 |
| सेंसेक्स | 55,766 |
| निफ्टी | 16,631 |

# सावन शिवरात्रि आज : गांव-गांव, शहर-शहर, गूंज रहा बम-बम भोले

**बोल बम-**

- दिल्ली-एनसीआर के मंदिरों में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक की खास तैयारी



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

सावन शिवरात्रि पर दिल्ली-एनसीआर के मंदिरों में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। इस बार दो दिन शिवालयों में जलाभिषेक किया जाएगा। मंगलवार रात्रि से भगवान शिव के जलाभिषेक की प्रक्रिया आरंभ होगी और अगले दिन यानी बुधवार तक जल चढ़ाया जाएगा। इसी क्रम में राजधानी दिल्ली के मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। मौजपुर के श्रीकृष्ण सनातन मंदिर, चांदनी चौक गौरी शंकर मंदिर आदि जगहों पर जलाभिषेक किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए मंगलवार सुबह से मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे। वहीं आज सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा। भोर से ही मंदिरों में शिव भक्तों व कांवड़ यात्रियों का पहुंचना शुरू हो गया था। श्रद्धालु बम भोले का उद्घोष करते हुए मंदिर में पहुंच रहे थे। भक्तों ने दूध, दही और फल लेकर भगवान शिव की उपासना की।

**सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त**

- एनसीआर में गाजियाबाद के ऐतिहासिक सिद्धपीठ दूधेश्वरनाथ मंदिर में करीब पांच लाख शिवभक्त जलाभिषेक करेंगे। मंदिर परिसर और आसपास सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। मंहत नारायण गिरी महाराज ने बताया कि हर सोमवार को लाखों शिवभक्त जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। मंदिर परिसर के भीतर ही गंगाजल और पूजा अर्चना की सभी सामग्री उपलब्ध है।

**द्रौपदी मुर्मू ने देश के 15वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली**

# जनता का हित सर्वोपरि : मुर्मू

## मैंने अपने अब तक के जीवन में जनसेवा में ही जीवन की सार्थकता को अनुभव किया



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को संसद भवन के केंद्रीय सभागार में देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की शपथ ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना उन्हें 15वें राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। राष्ट्रपति मुर्मू ने हिन्दी में शपथ लेने के बाद पुस्तिका में हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही वह देश की पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति बन गईं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ लेने के बाद पहली बार संसद को संबोधित करते हुए कि राष्ट्रपति के रूप में उनका चुनाव करोड़ों भारतीयों के विश्वास का प्रतिबिंब है। ये हमारे लोकतंत्र की ही शक्ति है कि उसमें एक गरीब घर में पैदा हुई बेटी, दूर-सुदूर आदिवासी क्षेत्र में पैदा हुई बेटी, भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंच सकती है। उन्होंने कहा,मैं भारत के समस्त नागरिकों की आशा-आकांक्षा और अधिकारों की प्रतीक इस पवित्र संसद से सभी देशवासियों का पूरी विनम्रता से अभिनंदन करती हूं। उन्होंने कहा, कल यनी 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस भी है। ये दिन, भारत की सेनाओं के शौर्य और संयम दोनों का ही प्रतीक है। मैं आज, देश की सेनाओं को तथा देश के समस्त नागरिकों को कारगिल विजय दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देती हूं।' राष्ट्रपति मुर्मू के इस संबोधन में अमृतकाल की सिद्धि का संकल्प भी समाहित है।

**अमृतकाल में नया दायित्व मिला**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि ये भी एक संयोग है कि जब देश अपनी आजादी के 50वें वर्ष का पर्व मना रहा था तभी मेरे राजनीतिक जीवन की शुरूआत हुई थी।

और आज आजादी के 75वें वर्ष में मुझे ये नया दायित्व मिला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा,मैं देश की ऐसी पहली राष्ट्रपति भी हूं जिसका जन्म आजाद भारत में हुआ है। सबका प्रयास और सबका कर्तव्य के आधार पर होगा काम। हमारे स्वाधीनता सेनानियों ने आजाद हिंदुस्तान के हम नागरिकों से जो अपेक्षाएं की थीं, उनकी पूर्ति के लिए इस अमृतकाल में हमें तेज गति से काम करना है। इन 25 वर्षों में अमृतकाल की सिद्धि का रास्ता दो पटरियों पर आगे बढ़ेगा-सबका प्रयास और सबका कर्तव्य।'

**भविष्य के भारत की नींव रख रहे युवा**

उन्होंने कहा, मैं अपने देश के युवाओं से कहना चाहती हूं कि आप न केवल अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं बल्कि भविष्य के भारत की नींव भी रख रहे हैं। देश के राष्ट्रपति के तौर पर मेरा हमेशा आपको पूरा सहयोग रहेगा। मैंने जंगल और जलाशयों के महत्व को अपने जीवन में महसूस किया है। मैंने अपने अब तक के जीवन में जनसेवा में ही जीवन की सार्थकता को अनुभव किया है।

**खड़गे की सीट को लेकर विवाद**

राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने सोमवार को कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के इस दावे का खंडन किया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण समारोह में उच्च सदन के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को ऐसी सीट पर बैठाया गया जो उनके पद की गरिमा के अनुरूप नहीं थी। गोयल ने उच्च सदन में कहा कि कांग्रेस के एक नेता और इस सदन के सदस्य ने बेबुनियाद ट्वीट कर जनता को गुमराह करने की कोशिश की।

**भारत में गरीब भी देख सकता है सपना**

देश की प्रथम नागरिक मुर्मू ने कहा,राष्ट्रपति के पद तक पहुंचना, मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, ये भारत के प्रत्येक गरीब की उपलब्धि है। मेरा निर्वाचन इस बात का सबूत है कि भारत में गरीब सपने देख भी सकता है और उन्हें पूरा भी कर सकता है। मेरे इस निर्वाचन में पुरानी लीक से हटकर नए रास्तों पर चलने वाले भारत के आज के युवाओं का साहस भी शामिल है। ऐसे प्रगतिशील भारत का नेतृत्व करते हुए आज मैं खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं।'

**मुर्मू का पदभार ग्रहण करना ऐतिहासिक क्षण : मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के 15वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर द्रौपदी मुर्मू को बधाई दी और कहा कि उनका देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद को संभालना भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण है, खासकर गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों के लिए। उन्होंने कहा, पूरे देश ने आज गर्व से द्रौपदी मुर्मू को भारत के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेते देखा।

# मानसून सत्र : सदन में हंगामा करने पर कांग्रेस के चार सांसद निलंबित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



लोकसभा में तख्तियां लेकर महंगाई के विरोध में नारेबाजी के बाद कांग्रेस के चार सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया गया। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर, ज्योतिमणि, राम्या हरिदास और टीएन प्रतापन को पूरे सत्र के लिए निलंबित किया गया है। वहीं लोकसभा की कार्यवाही 26 जुलाई, सुबह 11 बजे के लिए स्थगित कर दी गई है। सदन की कार्यवाही स्थगित करने के पहले अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठे राजेंद्र अग्रवाल ने कांग्रेस के चार सांसदों को हंगामा करने के लिए नामित किया और नियम 374 के तहत कांग्रेस के चार सांसदों को सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया। महंगाई के मुद्दों पर केंद्र से चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों ने सोमवार को सदन में नारेबाजी की और तख्तियां दिखाईं।

**सरकार चर्चा को तैयार**

लोकसभा अध्यक्ष बिड़ला ने कहा, तीन बजे बाद सदन में चर्चा करवाने के लिए तैयार हूं। सरकार चर्चा कराने को तैयार है। उन्होंने कहा कि लेकिन यदि पोस्टर ही दिखाना हैं तो तीन बजे बाद सदन के बाहर दिखाइएगा। हंगामे के कारण सदन कार्रवाई शुरू होने के करीब 20 मिनट बाद दोपहर तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

**लोकसभा अध्यक्ष ने दी नसीहत**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उनको नसीहत दी। स्पीकर ओम बिरला ने कहा, ये लोकतंत्र का मंदिर है, सदन की गरिमा बनाए रखना सदस्यों की जिम्मेदारी है। सरकार चर्चा करने के लिए तैयार है। मैं सदस्यों से सदन में पोस्टर नहीं लाने का आग्रह करता हूं। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, अगर आप चर्चा करना चाहते हैं तो मैं इसके लिए तैयार हूं, लेकिन अगर सदन में केवल तख्तियां दिखाना चाहते हैं तो दोपहर तीन बजे के बाद सदन के बाहर ऐसा कर सकते हैं। देश की जनता चाहती है कि सदन चले। बिरला ने चेतावनी दी कि सदन में तख्तियां लाने वाले किसी भी सांसद को कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## संक्षिप्त खबर

**सीएम योगी ने हेलीकॉप्टर से की कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हेलीकॉप्टर से कांवड़ यात्रा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कांवड़ियों पर फूल भी बरसाए। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को दिल्ली की दो दिवसीय यात्रा से वापसी के दौरान मुख्यमंत्री ने हेलीकॉप्टर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा का जायजा लिया और कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा भी की। योगी ने पूर्व में ही प्रशासनिक अधिकारियों को हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करने और कांवड़ यात्रा की निगरानी करने के निर्देश दिए थे। कोरोना महामारी के बाद यह पहला मौका है, जब प्रदेश में कांवड़ यात्रा आयोजित की जा रही है। सड़कों पर शिव भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है।

**कैटरीना कैफ-विक्की को जानमाल की धमकी देने वाला गिरफ्तार**

मुंबई। पिछले दिनों बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान को जान से मारने की धमकी के बाद अब विक्की कौशल और कटरीना कैफ को जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद विक्की कौशल ने मुंबई के सांताक्रूज पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई थी। अब खबर है कि मुंबई पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए कटरीना को ऑनलाइन धमकी देने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। इस आदमी का मनविंदर सिंह बताया जा रहा है। पुलिस ने धमकी देने वाले शख्स मनविंदर को कुछ घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया। वह मुंबई में एक स्ट्रगलिंग एक्टर है और फिल्मों में काम पाने की कोशिश कर रहा है। मनविंदर ने पुलिस पूछताछ में बताया है कि वह कटरीना कैफ से एकतरफा प्यार करता है।

## आबकारी नीतिः एक और शिकायत, एलजी ने दिए जांच के आदेश


नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली सरकार की नई शराब नीति पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पहले सीबीआई जांच के आदेश दे चुके हैं। अब उनको एक और नई शिकायत मिली है, जिसके बाद उन्होंने दूसरी जांच के आदेश भी दे दिए हैं। उपराज्यपाल कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने काली सूची में डाले गये फर्म के पक्ष में आबकारी लाइसेंस के माध्यम से साठगांठ के आरोप पर दिल्ली के मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी हैं। दिल्ली सरकार की मुश्किलें अब और बढ़ सकती हैं। पहली शिकायत मामले पर ही दिल्ली की सियासत अभी गरम है, अब नई शिकायत पर भी जांच के आदेश हो गए हैं।

अपराध | **बिजनौर में भगवा साफा पहन मुस्लिम युवकों ने 3 मजारों में की तोड़फोड़, 2 गिरफ्तार**

# यूपी में सौहार्द बिगाड़ने की साजिश नाकाम

बिजनौर, एजेंसी





उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के शेरकोट थाना क्षेत्र में रविवार की शाम असामाजिक तत्वों ने चार अलग-अलग स्थानों पर मजारों पर तोड़फोड़ कर सांप्रदायिक सौहार्द खराब करने का प्रयास किया। पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक (बिजनौर) दिनेश सिंह ने बताया कि रविवार शाम को पीआरवी सूचना प्राप्त हुई। शेरकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुतुब शाह थाने के पास स्थित एक मजार, हरेवली में जलाल शाह, घोसियावाला गांव की भूरे शाह मजार व एक अन्य मजार पर तोड़फोड़ की। मजार पर पड़ी चादर को भी जलाया गया। एसपी ने कहा कि पुलिस ने आरोपी मोहम्मद कमाल और मोहम्मद आदिल गिरफ्तार किया, जिन्होंने भगवा रंग के कपड़े पहन रखे थे। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि शेरकोट में एक बड़ी सांप्रदायिक साजिश को रोका गया है। धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। फील्ड अधिकारियों को और सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं और लगातार सोशल मीडिया की निगरानी भी चल रही है।

**शेरकोट और घोसियावाल में हुई घटना**

बिजनौर के शेरकोट थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों पर मजारों में लगभग थोड़े थोड़े समय अंतराल में तोड़फोड़ हुई। बताया जा रहा है कि जो युवक घटना को अंजाम दे रहे थे उनमें से एक को ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ लिया और बाद में मौके पर पहुंची पुलिस उसे पकड़ कर थाने ले गई।

एएसपी पूर्वी के अनुसार दोनों युवक आपस में भाई हैं। आरोपी शेरकोट के मोहल्ला कायस्थान के रहने वाले हैं। दरअसल ये मामला शेरकोट में रविवार शाम करीब साढ़े पांच बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव घोसियावाला स्थित एक धार्मिक आस्था केंद्र में कुछ ग्रामीणों ने दो युवकों को तोड़-फोड़ करते देखा। मौके पर जब ग्रामीण पहुंचे तो एक युवक बाइक पर बैठकर फरार हो गया, जबकि ग्रामीणों ने एक को रंगे हाथों पकड़ लिया।




## संक्षिप्त खबरें

### जदयू प्रदेश महासचिव ने किया दवा दुकान का उद्घाटन



आरा। भोजपुर जिले के सन्देश बाजार में बाबा कम्पलेश मंदिर मोड़ के पास सोमवार को शंकर मेडिकल अंग्रेजी थोक दवा दुकान का उद्घाटन जदयू प्रदेश महासचिव किसान प्रकोष्ठ बिहार जागा कुशवाहा के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर श्री कुशवाहा ने कहा कि इस दुकान पर सभी प्रकार की दवा उपलब्ध होगी, जो खुदरा दवा दुकान को बाहर की रेट में लेने की जरूरत नही पड़ेगी इसी दुकान पर उस रेट में उपलब्ध होगी। इस होलसेल दवा के विक्रेता रवि शंकर जी बोले कि हम सभी प्रकार की दवा इस क्षेत्र के लिये उपलब्ध रखेगे ताकि लोगो को बाहर दवा खरीदने के लिये नही जाना पड़ेगा। उद्घाटन कार्यक्रम में उप मुखिया अखिलेश प्रभाकर, सरपंच पति कन्हैया जी, श्यामनन्दन कुशवाहा, कृष्णा जी, पंकज कुशवाहा, सहित अन्य कई सम्मानित जनता उपस्थित थे।

# मादक पदार्थों के धंधे में चिन्हित आठ जिलों में वैशाली भी शामिल

## डीएम का नशा के विरुद्ध व्यापक छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



**बैठक**

● रेलवे स्टेशनो, होटलों, केला बगान आदि में नियमित रूप से होगा रेड

जिलाधिकारी यशपाल मीणा ने अपने कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की बैठक में जिले में रेलवे स्टेशनों के आसपास, रेलवे ट्रैक के आसपास वाले क्षेत्र, आवासीय होटलों, रोड साइड स्थित गुमटियों, केले के बगान, टूरिस्ट प्लेस, स्कूल-कालेज के आसपास तथा अन्य संभावित स्थलों पर नशापान के खिलाफ नियमित रूप से छापेमारी करने का निर्देश दिया।

उन्होंने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को नशा के धंधे में जुडे. लोगों तक पहुंचने तथा गांजा, अफीम, चरस, स्मैक आदि के बड़े धंधेबाजों को पकड़ने के लिए लगातार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आजकल स्कूली बच्चों में इसकी गलत प्रवृति बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि नशा ना केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य और परिवार को बर्बाद करता है, बल्कि पूरे समाज को खोखला बनाता है। यह गंभीर विषय है, जिस पर आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की जरूरत है। बैठक में उपस्थित पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय देवेंद्र प्रसाद ने बताया कि जिले में नार्कोटिक्स के 109 मामले अभी लंबित हैं, जिसमें चार्जशीट दाखिल किया जाना बाकी है। इस मामलों में पकड़े गए प्रदर्श जांच के लिए मुजफ्फरपुर भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट आना बाकी है।

वहीं वर्तमान में 25 लोगों के विरुद्ध स्पीडी ट्रायल चल रही है। उन्होंने बताया कि जिले में अभी गांजे की खेती नही हो रही और इसकी कहीं से शिकायत प्राप्त नही है। इस पर डीएम ने कहा कि यहां राघोपुर और बिदुपुर सहित अन्य सस्पेक्टेड क्षेत्रों में चौकीदारों के माध्यम से जांच कराकर जानकारी प्राप्त करें। जिलाधिकारी ने थानों में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों को एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी के लिए प्रशिक्षण देने का निदेश दिया। वहीं ड्रग्स की पहचान के लिए नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को वैशाली जिले के तीनों अनुमंडल पदाधिकारियों को नारकोटिक किट उपलब्ध करा देने की बात कही। बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग माध्यम से जुडे नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पदाधिकारी ने बताया कि बिहार के आठ जिले मादक पदार्थो के अवैध धंधे के लिए चिन्हित किए गए हैं, जिसमें वैशाली जिला भी सम्मिलित है। राघोपुर क्षेत्र एवं गंगा नदी की दोनों तरफ ड्रग्स की अवैध तस्करी होने की सूचना है। डीएम ने इन क्षेत्रों के अतिरिक्त गंगा ब्रिज थाना, औद्योगिक क्षेत्र थाना, सदर थाना सहित हाजीपुर शहरी क्षेत्र में चौकसी बरतने का निदेश दिया। बैठक में डीएम ने सहायक औषधि नियंत्रक को मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधित कफ सीरप की जांच कर कानूनी कार्रवाई का निदेश दिया। बैठक में जिलाधिकारी के साथ एसडीओ महनार सुमित कुमार, हाजीपुर एसडीपीओ राघव दयाल, एसडीपीओ महुआ पूनम केसरी, डीएसपी विशेष शाखा मुजफ्फरपुर, अधीक्षक सीजीएसटी वैशाली, अधीक्षक मद्य निषेध, सहायक औषधि नियंत्रक आदि उपस्थित थे।

# सुरक्षित जीवन के लिए पेड़ों को सुरक्षित रखना आवश्यक: बीडीओ

चांद(कैमूर), प्रात : किरण संवाददाता

जीवन के लिए वनों का काफी महत्व होता है वन सुरक्षित रहेंगे तभी जीवन सुरक्षित रह सकता है। इसके लिए सभी लोगों को आगे आना होगा। जब हम वन काटते हैं तो चिड़ियों के और कई जीव जंतुओं के आश्रय को उजाड़ देते हैं यदि कोई हमारा घर उजाड़े तो कितना बुरा लगेगा सभी लोगों का फर्ज है कि वनों को सुरक्षित रखें तभी जीवन सुरक्षित रह सकता है। उक्त बातें प्रखंड विकास पदाधिकारी चांद शशि भूषण साहू ने वन महोत्सव पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मानव भारती हेरिटेज स्कूल चांद में कही।

उन्होंने कहा की अधिकाधिक पौधा लगाने की आवश्यकता है चैनपुर रेंज के फॉरेस्ट अजीत कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोगों को अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखरेख भी करना चाहिए ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे।



सोमवार को मानव भारती स्कूल में वन महोत्सव के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के सचिव धनंजय पांडे एवं संचालन महिमा ,अंजली ने किया।

विद्यालय के प्राचार्य विकास कुमार पांडे ने कहा कि 25 जुलाई 1941 को मानव भारती के संस्था मसूरी में पहली बार वन महोत्सव मनाया गया उसके बाद जहां विद्यालय के संस्थापक डॉ दुर्गा प्रसाद पांडे और महात्मा गांधी ने एक बरगद का पेड़ लगाया उसके बाद से प्रति वर्ष 25 जुलाई को वन महोत्सव के अवसर पर मानव भारती हेरीटेज स्कूल की सभी शाखाओं में पौधरोपण किया जाता है।

# विस की निवेदन उप समिति ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

गडहनी, प्रात : किरण संवाददाता

स्थानीय परिसदन में आज विधानसभा के निवेदन समिति की उप समिति-02, द्वारा जिला स्तरीय विभागों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता विधायक छोटेलाल राय ने की। बैठक में विभिन्न विभागों में चल रहे सरकार के योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गयी।

विधायक राय ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने अधिकारियों को हर व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में योगदान देने की बात कही। उन्होंने समीक्षा के दौरान शिक्षा,स्वास्थ्य,ग्रामीण विकास, आपूर्ति, कृषि, पथ निर्माण से संबंधित मामलों का निष्पादन शीघ्र करने का निर्देश दिया। इस क्रम में सभापति ने संबंधित पदाधिकारियों को जांच कर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन निवेदन समिति को उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने संबंधित सभी विभागों कि विगत 3 वर्षों की अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। समिति द्वारा जानकारी दी गई कि विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का स्थल निरीक्षण भी किया जाएगा। बैठक में सदस्य माननीय विधायक शशि भूषण सिंह और बेलदौर(खगड़िया) के माननीय विधायक पन्नालाल पटेल, उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, निदेशक डीआरडीए चंदन चौहान सहित जिले के सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।



● विगत तीन वर्षों की अद्यतन प्रगति उपलब्ध कराने को कहा

### बाढ़ में तैनात बड़हरा के दरोगा के हृदय गति रुकने से मौत



**बड़हरा।** बाढ़ थाना में तैनात बड़हरा के एक दरोगा की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। इस दौरान स्वजनों में चीख-पुकार मच गई। बता दें कि बड़हरा थाना क्षेत्र के छपरापर गांव निवासी स्वर्गीय भोला सिंह के 54 वर्षीय पुत्र योगेंद्र सिंह बाढ़ थाना में दरोगा के पद पर तैनात थे। योगेंद्र सिंह को रविवार की रात्रि करीब 9 बजे अचानक सीने में दर्द हुआ। इस दौरान आनन-फानन में दरोगा को बाढ़ सदर अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। जहां थाना में तैनात दरोगा योगेंद्र सिंह की मौत हो गई। इस दौरान मौत की समाचार मिलते ही घर में चीख-पुकार मच गई। मृतक दरोगा की पत्नी त्रिलोतमा देवी का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था। इस दौरान पूरे घर में मातमी सन्नाटा फैल हुई थी। मृत दरोगा का अंतिम संस्कार केशवपुर गंगा घाट पर किया गया।

# भजन -कीर्तन से बही भक्ति रस की धारा

पूर्णिया, प्रात :किरण संवाददाता

आनंद मार्ग का अष्टाक्षरी महामंत्र बाबा नाम केवलम महामंत्र की गूंज, भजन और कीर्तन से पूरा माहौल भक्तिमय हो रहा था। स्त्री और पुरुष सभी भाव विभोर हो कर मार्ग गुरु श्री श्रीआनन्दमूर्ति जी के चित्र के चारों तरफ परिक्रमा कर रहे थे। उनके मुख से बारम्बार बाबा नाम केवलम का महामंत्र गूंज रहा था । यह मौका था राज्य के प्रमुख रियल स्टेट व्यवसाई ई0 मनोज कुमार भारती के शहर के झुन्नी कला स्थित नवनिर्मित कार्यालय सह आवास आनंद कॉटेज के उद्घाटन समारोह का। इस समारोह में पूर्णिया सहित राज्य के प्रमुख व्यवसाई, बुद्धिजीवी ,शिक्षाविद और धर्मगुरु सम्मिलित हुए। व्यवसाई ई मनोज कुमार भारती ने इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत किया। बता दें भारती इंजीनियर हैं और इन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय में पढ़ाई की है। विदेशों में वर्षों का अनुभव लेने के बाद अब अपने देश व राज्य के लोगों की सेवा करने की ठानी है। उन्होंने सेवा के मकसद से वर्ष 2001 में रियल इस्टेट के क्षेत्र में काम करना शुरू किया है । उन्होंने क्विक एण्ड क्वालिटी कन्स्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की है। अब यह भारती मेरतिया ग्रुप का हिस्सा है। इसके बाद उन्होंने गेस्ट हाउस निर्माण के क्षेत्र में भी काम शुरू किया है। वे राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास के क्षेत्र में भी विभिन्न सामाजिक संगठनों के माध्यम से अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने अपने आगामी परियोजनाओं पर भी विस्तार से बात की। मौके पर उपस्थित धर्मगुरुओं ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है ।



# चिकित्सकों ने नए आविष्कार एवं इलाज के तरीकों पर की गहन चर्चा

सुपौल, प्रात : किरण संवाददाता

सदर अस्पताल, सुपौल के ऑडिटोरियम में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कोसी डिवीजन के द्वारा साइंटिफिक व्याख्यान एवं एसोसिएशन से संबंधित कार्य के लिए सम्मेलन आयोजित किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि डॉक्टर ( कैप्टन) विजय शंकर सिंह, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सहजानंद सिंह स्टेट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बिहार के अध्यक्ष डॉ डी एस सिंह, स्टेट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सेक्रेटरी डॉ अशोक कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया गया।

जहाँ साइंटिफिक व्याख्यानमाला में चर्चा एवं भाग लेने के लिए डॉक्टर सुबोध पी शिरूर मुंबई से, डॉ राहुल चौधरी, डॉक्टर नंदेश सिंह एवं डॉ अरविंद कुमार पटना से आमंत्रित किए गए और उन्होंने अपने व्याख्यान दिए। साइंटिफिक सेशन एवम् कांफ्रेंस का मंच संचालन डॉक्टर रविंद्र कुमार शर्मा द्वारा किया गया। इस कांफ्रेंस का मुख्य उद्देश्य चिकित्सकों के बीच में वैज्ञानिक चिकित्सा विधि जिसमें चिकित्सा से संबंधित नए-नए आयामों के बारे में जानकारी को साझा करना था। चिकित्सा विज्ञान में होने वाले नए-नए आविष्कार एवं इलाज के नए-नए तरीकों पर विचार विमर्श किया गया। इस सम्मेलन के आयोजन करने का मकसद कोशी क्षेत्र के सभी चिकित्सक का आपस में वर्तमान समय में होने वाले दिक्कतों का आपस में साझा करना और समाज में चिकित्सक के योगदान को और बढ़ाने में सहयोग करना तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कोसी डिवीजन के संगठन को और सुगठित करना और किसी भी तरह की कठिनाई आने पर आपस में इसका समाधान करना, इन सब पर विचार विमर्श किया गया । वर्तमान समय में समाज में चिकित्सक और समाज को आपस में और जोड़ना और समाज में चिकित्सकों के प्रति संवेदनशील होना, इन सब बातों पर चर्चा किया गया।




कार्यक्रम में आईएमए कोशी डिवीजन के अध्यक्ष डॉक्टर एसएन यादव, डॉक्टर एके मंडल डॉ अशोक कुमार सिंह एवं कोसी क्षेत्र के सभी गणमान्य चिकित्सक इस कॉन्फ्रेंस में आमंत्रित किए गए एवम् इसमे भाग लिए।

### अश्लील पोस्ट करने वाले युवक को गिरफ्तार नहीं करने को लेकर बीजेपी करेगी बैठक

**चांद(कैमूर)।** हिंदू लड़कियों पर फेसबुक पर अश्लील पोस्ट करने का मामला तुल पकड़ता जा रहा है। भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने आरोपी युवक को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। शुक्रवार को युवक के द्वारा हिंदू लड़कियों पर फेसबुक आईडी से बहुत घटिया एवं अश्लील पोस्ट करने का मामला सामने आने के बाद हिंदू वादी संगठन ने जबरदस्त विरोध शुरू कर दिया। पुलिस के टाल मटोल करने के बाद संगठन एवं हिंदुओं के दबाव में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर लिया। पुलिस के प्राथमिकी दर्ज करने के दो दिन बाद भी युवक की गिरफ्तारी नहीं होने से भाजपा की प्रखंड इकाई ने नाराजगी है। पुलिस के युवक को गिरफ्तार करने के प्रति उदासीनता को देखते हुए भाजपा ने आगे की रणनीति के लिए 11 बजे दिन में चांद बाजार में बैठक करने वाली है। इसकी जानकारी भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने दी। बात चीत करते हुए भाजपा मण्डल अध्यक्ष ने कहा आरोपित युवक को गिरफ्तार नहीं किया गया तो प्रदर्शन धरना आदि आंदोलन पर बिचार भाजपा प्रखंड इकाई कर सकती है।

# प्रख्यात बहुजन चिंतक की पुण्यतिथि आज

छपरा, प्रात : किरण संवाददाता

प्रख्यात बहुजन, सामाजिक चिंतक, गरीब, असहाय, दबे कुचले, बेजुबानों की आवाज एवं नेतृत्वकर्ता धर्मनाथ राम की दूसरी पुण्यतिथि अंबेडकर स्मारक स्थल पर मंगलवार को मनाई जाएगी। डॉ बी आर अम्बेडकर परिगणित जाति कल्याण संघ, बामसेफ एवं अन्य सहयोगी संगठनों के तत्वावधान में होने वाले इस पुण्यतिथि समारोह के अवसर पर एक व्याख्यानमाला का भी आयोजन किया जाएगा।

इस स्मृति व्याख्यानमाला का विषय आजादी की 75 वीं वर्षगांठ एवं भारत का वंचित समाज होगा। समारोह का उद्घाटन विधान पार्षद प्रो। वीरेंद्र नारायण यादव करेंगे जबकि विषय प्रवेश डॉ लाल बाबू यादव के द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिगणित जाति संघ के अध्यक्ष अजीत माँझी करेंगे, तो वहीं ई। डी एन दत्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद होंगे। स्मृति वातार्कार के रूप में बहुजन चिंतक चंद्रभूषण सिंह यादव अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। इस अवसर पर जिला एवं प्रदेश के बहुजन एकत्रित हो अपने चहेते शुभचिंतक और बहुजन नायक को श्रद्धांजलि देंगे तथा श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे, साथ ही स्मृति व्याख्यान से लाभ उठा अपनी सामाजिक राजनीतिक चेतना जागृत करने का प्रयास करेंगे।



# माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला स्तरीय चुनाव को लेकर नियोजित शिक्षकों की बैठक संपन्न

गरखा, प्रात :किरण संवाददाता

माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला स्तरीय चुनाव को लेकर नियोजित शिक्षकों की एक बैठक गरखा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उत्तम कुमार ने की। बैठक में मुख्य रूप से नियोजित शिक्षकों ने बताया की हमारे अभिभावक एवं नियमित शिक्षक नियोजित शिक्षकों के बारे में तरह-तरह के उल्टी-सीधी बातें प्रखंडों में घूम कर समझा रहे हैं जो कहीं न कहीं नियोजित शिक्षकों के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ है। प्रखंड के नियोजित शिक्षकों ने यह भी बताया कि विगत 2 दिन पहले नियमित शिक्षकों की एक जत्था विद्यालय में आ कर बताया कि नियमित शिक्षकों के बदौलतआप सभी नियोजित शिक्षक चुनाव जीते हैं जो सरासर अनुचित है। एक सेवानिवृत्त अभिभावक के द्वारा बताया गया कि आप का वेतन हम लोगों के रहमों करम पर राज्य से आता है अन्यथा आपका वेतन राज्य से सारण जिला में नहीं आ पाता। इस बात को सुनकर प्रखंड के सारे नियोजित शिक्षक गोलबंद हो गए हैं और उन्होंने तय कर लिया है कि ऐसे बड़बोले पन वाले अभिभावकों को चुनाव के दिन निश्चित रूप से सबक सिखाएंगे। अपनी चट्टानी एकता का परिचय देते हुए समय पर इनको करारी जवाब वोट के माध्यम से देंगे कि आने वाले समय में यह नियोजित शिक्षकों के बारे में ऐसी बातें नहीं करें। इस बैठक में प्रखंड के भिन्न-भिन्न स्थानों से आए शिक्षकों ने पूरे जोशो खरोश के साथ अपनी तन्मयता दिखाते हुए नियोजित शिक्षक एक है इसकी बात कही गई और एक नारा लगाया गया कि इस बार जय नियोजित नियोजित के तर्ज पर हम सभी चुनाव में अपना मतदान करेंगे। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि नियोजित शिक्षक सुजीत कुमार के समर्थित पैनल को हम सभी एकमुश्त वोट देकर जिले के चुनाव में प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज कराते हुए अपने अभिभावक को दिखाएंगे कि अब यह समय हमारा है आपका समय घर पर रहने के लिए है ।



● नियोजित शिक्षकों में पुराने अभिभावक के प्रति आक्रोश

# मुखिया ने ग्राहक सेवा केंद्र का किया उद्घाटन

हाजीपुर , प्रात :किरण संवाददाता

बिदुपुर प्रखण्ड क्षेत्र के जुड़ावनपुर हाट, चकौसन बाजार में पंजाब नेशनल बैंक के ग्राहक सेवा केन्द्र का उद्घाटन स्थानीय मुखिया ममता कुमारी, सरपंच धर्मेन्द्र कुमार चौरसिया, कॉमन सर्विस सेंटर के जिला प्रबन्धक दीपक कुमार एवं जिला समन्वयक गौरव कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत केन्द्र संचालक रविकांत कुमार चौरसिया ने किया।

विदित हो कि चकौसन बाजार में लगभग सैकड़ों छोटी बड़ी दुकान है। यहां लगभग एक करोड़ रूपए से भी ज्यादा का प्रति दिन कारोबार होता है, उसके बाद भी इस बाजार में एक भी राष्ट्रीयकृत बैंक नहीं है। ऐसी स्थिति में ग्राहक सेवा केन्द्र के विशेष महत्ता के तहत पंजाब नेशनल बैंक अपना केन्द्र स्थापित कर लोगों को सेवा प्रदान करने का अवसर दिया है। इस केन्द्र के खुलने से चकौसन बाजार के व्यापारी ,दुकानदारों एवं ग्रामीण में हर्ष का माहौल है।



● केंद्र के खुलने से व्यापारी ,दुकानदारों एवं ग्रामीण में हर्ष का माहौल

उद्धघाटन समारोह के मौके पर समाज सेवी गजेंद्र भगत चौरसिया,महेश भगत, सुजीत झा,स्वेता कुमारी,संजय मेहता सोनी चौरसिया, डॉ दिलीप कुमार,शिक्षक उपेंद्र राय आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुख रूप में मौजूद थे।

# मुज्जफरपुर में अपना क्लब वेयरहाउस का उद्घाटन

मुजफ्फरपुर, प्रात :किरण संवाददाता

फास्ट- मूविंग कंज्यूमर गुड्स का बी2बी होलेसेल प्लेटफॉर्म अपना क्लब ने सोमवार को अपने नए वेयरहाउस का मुजफ्फरपुर में उद्घाटन किया। यह इस स्टार्टअप का बारहवां लोकल वेयरहाउस है। इसके अलावा अपनाक्लब के तीन बड़े मदर वेयरहाउसेस दिल्ली, कोलकाता और पटना में स्थित हैं। इस सुविधा की स्थापना के साथ कंपनी अब मुजफ्फरपुर शहर में अपने मौजूदा और नए ग्राहकों के ऑर्डर्स को 24 घंटे में डिलीवर करेगी।

स्टार्टअप का कहना है कि इनका मिशन अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवसाइयों को बेहतर मार्जिन, लोकप्रिय ब्रांड्स और विस्तृत सिलेक्शन मुहैया कराने के मकसद से हाइपर लोकल माइक्रो-डिस्ट्रीब्यूशन व्यवसाय स्थापित करना है। कंपनी का उद्देश्य छोटे और मझौले विक्रेताओं का सशक्तिकरण करना है। अपना क्लब की ऐक फाउंडर श्रुति मुज्जफरपुर से ही है और उन्होंने अपने सफर की शुरूआत भी बिहार से ही की थी तो यह ब्रांड के लिए घर वापिस आने जैसा है। अपना क्लब अपने वेयरहाउस के माध्यम से पूरे भारत में 15000 से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है और अब तेजी से उत्तर और पूर्वी भारत में अपने चाइल्ड हब नेटवर्क का विस्तार कर रहा है। कम्पनी के फाउंडर्स श्रुति और मनीष ने अपना सफर बिहार से ही शुरू किया था और इसलिए बिहार उनके दिल के बहुत करीब है। अब वे अपना क्लब के माध्यम से बिहार और बिहार वासियों की उन्नति में अपना योगदान दे रहे हैं। वे अपने राज्य में डिजिटल क्रांति की लहर ला रहे हैं जिससे वो लोकल होलसेल विक्रेताओं की सहायता करेंगे।




श्रुति ने कहा कि मुझे अपने शहर मुजफ्फरपुर में वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। अपनाक्लब के माध्यम से हम भारत के टियर // और टियर /// शहरों में रिटेल विक्रेताओं और व्यापारियों को उनकी सामूहिक माँग और भौगोलिक उपस्थिति का लाभ उठाने के लिए, एक समृद्ध होलसेल व्यापार में मदद करना चाहते हैं। सह-संस्थापक और सीओओ मनीष कुमार ने कहा कि पटना के बाद हम मुजफ्फरपुर में अपना क्लब लॉन्च करके खुश हैं। अपना क्लब के माध्यम से, हमारा लक्ष्य डिजिटल थोक आपूर्ति की सुविधा लाना है। हम स्थानीय ब्रांडों के लिए अपने उत्पादों को सूचीबद्ध करने और पूरे भारत में व्यापक दर्शकों तक पहुंचकर बेहतर कमाई करने के अवसर भी पैदा करेंगे। हार्वर्ड से पढ़ी श्रुति और मेट्रो व वालमार्ट जैसे बड़े नामों के साथ काम कर चुके मनीष कुमार द्वारा 2020 में स्थापित बैंगलोर स्थित स्टार्टअप, हाल ही में टाइगर ग्लोबल से अपनी सीरीज ए फंडिंग में 10 मिलियन अमरीकी डॉलर जुटाने के लिए चर्चा में था। अपना क्लब ने अतीत में सिकोइया इंडियाः सर्ज, ब्लूम वेंचर्स, व्हाइटबोर्ड कैपिटल और फ्लोरिश वेंचर्स से अपने निवेशकों के रूप में सीड फंडिंग जुटाई है।

**उदघाटन**

● अपना क्लब अपने वेयरहाउस के माध्यम से पूरे भारत में 15000 से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है

### समाजसेवी ने की आर्थिक मदद



**माँझी सारण।** पिछले 20 जुलाई को पश्चिम बंगाल के हावड़ा के मालिक पचघडा. थाना क्षेत्र में नशीला शराब पीने से हुई मौत मामले में छपरा शहर के जोगिनीया कोठी निवासी रंग लाल पंडित के पुत्र त्रिभुवन पंडित की भी मृत्यु हो गई थी। सोमवार को पश्चिम बंगाल भाजपा प्रदेश के सचिव श्री उमेश राय के आग्रह पर मांझी के पूर्व जिला पार्षद सह भाजपा किसान मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक कुमार सिंह उर्फ पंकज सिंह ने भाजपा सारण जिला उपाध्यक्ष श्री रंजीत सिंह भाजपा आईटी सेल संयोजक सह श्री राम दरबार सेवा समिति ट्रस्ट के सचिव कमल कुमार एवं संजीव कुमार पटेल के साथ पहुंचकर शोक सन्तप्त परिवार से मिलकर सांत्वना दी तथा 10 हजार रूपया की आर्थिक मदद उनके पुत्र विकास कुमार एवं पत्नी मनीषा पंडित को सौंपा। नेताओं ने आश्वासन दिया कि पश्चिमी बंगाल के भाजपा के शीर्ष नेता पश्चिम बंगाल सरकार से मुवावजा दिलाने का प्रयास कर रहे है।

# महागठबंधन ने 11 सूत्री मांगों को ले समाहरणालय के समक्ष दिया धरना

जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

● जहानाबाद जिला को सुखाड़ ग्रस्त क्षेत्र घोषित करें सरकार: विधायक

जिला को सुखाड़ ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर महागठबंधन के नेताओं एवं कार्यकताओं सोमवार को समाहरणालय स्थित कारगिल चौक के समीप धरना दिया। तत्पश्चात, महागठबंधन के षिष्टमंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से बिहार के राज्यपाल को एक पत्र भेजकर स्थिति से अवगत कराया। धरना में जहानाबाद विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव, घोसी विधायक रामबली सिंह यादव, विधान पार्षद कुमार नागेन्द्र उर्फ रिंकू यादव, पूर्व विधायक डॉ मुनीलाल यादव, डॉ सच्चितानंद यादव, सूबेदार दास सहित महागठबंधन के कई नेता शामिल हुए। नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि जिले में इस साल कहीं भी पर्याप्त वर्षा नहीं हुई है। सूखे की मार से पूरा जिला कराह रहा है। पेयजल पर आफत है, लेकिन नीतीष सरकार को इससे कोई मतलब नही है। नेताओं ने कहा कि जिले में धान की रोपणी न के बराबर हुई है। जो किसान पम्प सेट के सहारे रोपनी किए भी हैं वे उसे बचाने में जुटे हैं। नेताओं ने सरकार पर निषाना साधते हुए कहा कि सरकार किसानों के साथ छल कर रही है। किसान अपने खेतों में सिंचाई करने के लिए काफी परेषान हैं लेकिन सरकार द्वारा सिंचाई प्रणाली को दुरूस्त नही किया जा रहा है। मौसम की मार से खेती-किसानी भी चौपट हो रही है। नेताओं ने कहा कि सरकार तत्काल जिले में सभी बंद पड़े नलकूपों को चालू कराएं। साथ ही साथ किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली प्रदान करने, हमीद नगर पुनपुन परियोजना को अविलम्ब चालू कराएं, किसानों को उचित मूल्य पर खाद-बीज उपलब्ध कराएं, उदेरा स्थान बराज से छरियारी सुलिसगेट तक नाला की उड़ाही, बगवार-एरकी पईन पक्कीकरण के शेष कार्य को पूरा कराने, जिले में उत्पन्न भीषय पेय जल संकट को अविलम्ब दूर करने, सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार और नौकरषाही पर रोक लगाने, पुलिसिया दमन पर रोक लगाने, मनरेगा को कृषि कार्य से जोड़ा तमाम मजदूरों को काम उपलब्ध कराने की मांग किया। धरना की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष महेष ठाकुर ने किया। इस मौके पर राजद के प्रधान महासचिव परमहंस राय, डॉ शषिरंजन, माले के जिला सचिव कॉ. श्रीनिवास शर्मा, कॉ. रामाधार प्रसाद, वसी अहमद, सीपीआई नेता रफीक आलम अंसारी, सीपीएम नेता रामप्रसाद पासवान, राजद नेता संजय लालसे, कारू पंडित, फतो खॉ, पैक्स अध्यक्ष सुरेष यादव, विधान पार्षद प्रतिनिधि सूर्यदेव यादव, धर्मपाल यादव, बैकुण्ठ यादव, मरछु रविदास, अनिल पासवान, अरविंद चन्द्रवंषी, अरमान मल्लिक, पप्पू दास सहित बड़ी संख्या में महागठबंधन के नेताओं ने संबोधित किया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 26 जुलाई, 2022



## संक्षिप्त खबरें

### डीएसईयू ने स्नातक, डिप्लोमा कार्यक्रमों में आवेदन की अंतिम तिथियां घोषित कीं

नई दिल्ली। दिल्ली कौशल और उद्यमिता विश्वविद्यालय (डीएसईयू) में डिप्लोमा कार्यक्रम और डिजिटल मीडिया एवं डिजाइन में बीए के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 27 जुलाई है। विश्वविद्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। स्नातक कार्यक्रमों में आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 अगस्त है। डीएसईयू ने ट्विटर पर कहा, डिप्लोमा कार्यक्रमों और बीए डिजिटल मीडिया और डिजाइन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 जुलाई 2022 है। स्नातक कार्यक्रमों के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 15 अगस्त 2022 है। केजरीवाल सरकार द्वारा संचालित विश्वविद्यालय ने अपने दूसरे बैच के लिए 15 पूर्णकालिक डिप्लोमा कार्यक्रमों और दो अंशकालीन डिप्लोमा कार्यक्रमों तथा (बीटेक को छोड़कर) 16 स्नातक कार्यक्रमों में दाखिले के वास्ते आवेदन मांगे हैं।

### कांग्रेस ने केजरीवाल सरकार की आबकारी नीति के खिलाफ प्रदर्शन किया

नई दिल्ली। कांग्रेस की दिल्ली इकाई ने अरविंद केजरीवाल सरकार की आबकारी नीति में नियमों एवं प्रक्रियाओं का कथित तौर पर उल्लंघन किए जाने के विरोध में सोमवार को प्रदर्शन किया और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के इस्तीफे की मांग की। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेता और कार्यकर्ता यहां के पटपड़गंज इलाके में जमा हुए और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और सिसोदिया के खिलाफ नारेबाजी की। इससे पहले, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने दिल्ली के पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना को लिखित शिकायत कर आबकारी नीति की जांच की मांग की और आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के क्रियान्वयन में कथित खामियों और अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की सिफारिश की है।

### सस्ते सामान का विज्ञापन देकर ठगने वाले तीन जालसाज गिरफ्तार

नई दिल्ली। सस्ता पैकेजिंग सामग्री का विज्ञापन देकर ठगने वाले तीन जालसाजों को उत्तर-पूर्वी जिला की साइबर थाना पुलिस ने गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों 44 वर्षीय पवार श्याम, 47 वर्षीय परमार दिलीप भाई और 35 वर्षीय जितेंद्र कुमार चौहान उर्फ चौहान जितेंद्र कुमार से पांच मोबाइल फोन, नौ सिम कार्ड, 13 एटीएम कार्ड, आठ चेकबुक और दो बैंक पासबुक बरामद किए हैं। आरोपियों ने ज्योति नगर के एक कारोबारी से 3.89 लाख रुपये की ठगी की थी। डीसीपी संजय कुमार सैन ने बताया कि इस साल फरवरी में ज्योति नगर निवासी नितिन जैन ने साइबर थाने में शिकायत दी थी। नितिन का अपना कारोबार है। सामान पैक करने के लिए उन्हें पैकेजिंग सामग्री की जरूरत पड़ती है। नितिन ने एक वेबसाइट पर काफी कम दाम में पैकेजिंग सामग्री का विज्ञापन देखा तो दिए हुए नंबर पर संपर्क किया। बात करने वाले ने खुद को गुजरात की निजी कंपनी का कर्मचारी बताया और सामग्री का सैंपल भेजा। सैंपल देखने के बाद नितिन ने 19 फरवरी को ऑर्डर दिया और खाते में 3.89 लाख रुपये का अग्रिम भुगतान कर दिया। लेकिन, इसके बाद से आरोपी का नंबर बंद हो गया।

# आतिशी ने 4 सरकारी स्कूलों का किया निरीक्षण

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



- विधायक आतिशी ने कहा सिलेबस लादने के बजाय बच्चों की मूलभूत कौशल में सुधार करने को दी जाए प्राथमिकता
- सिर्फ नौकरी ढूंढने के लिए नहीं, बल्कि दुसरें लोगों के लिए रोजगार उत्पन्न करने के लिए पढ़ें छात्र - विधायक आतिशी

दिल्ली विधानसभा शिक्षा स्थायी समिति की अध्यक्ष एवं कालकाजी विधायक आतिशी ने सोमवार को दिल्ली के चार सरकारी स्कूलों का निरीक्षण किया जिसमें एस.के.वी. गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बुलबुली खाना, चाँदनी चौक, एस.के.वी. नंबर-1, गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जीनत महल, कमला मार्केट, एस.बी.वी. गवर्नमेंट बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जीनत महल, कमला मार्केट और गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लंबी गली शामिल थे। उन्होंने निरीक्षण के दौरान इन स्कूलों में चल रही विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों जैसे हैप्पीनेस करिकुलम, देशभक्ति करिकुलम, रीडिंग कैंपेन आदि की प्रगति की जाँच की। इसके अलावा उन्होंने साइंस लैब और लाइब्रेरी में जाकर सभी जरूरी व्यवस्थाओं का मुआयना किया।

विधायक आतिशी ने कहा कि शिक्षक छात्रों की मूलभूत कौशल को सुधारने को प्राथमिकता दें। अगर प्राथमिक स्कूलों में बुनियादी शिक्षा को मजबूत किया जाएगा तो शिक्षा का स्तर अपने आप सुधर जाएगा। छात्रों की बुनियादी शिक्षा मजबूत होंगी तभी उनकी भविष्य की नींव भी मजबूत होगी। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे सिर्फ नौकरी ढूंढने के लिए पढ़ाई न करें बल्कि दुसरें लोगों के लिए भी रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करने के लिए पढ़ें। छात्र गवर्नेंस से जुड़े और समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूनिका निभाएँ। आतिशी ने इन स्कूलों में चल रहे मिशन बुनियाद कार्यक्रम के कार्यान्वयन की भी समीक्षा की। मिशन बुनियाद से जुड़े सीखने-सिखाने के अनुभवों को जानने के लिए उन्होंने बच्चों व शिक्षकों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि मिशन बुनियाद के माध्यम से कोरोना महामारी के कारण स्कूल बंद होने की वजह से छात्रों में आए लर्निंग गैप को खत्म करने में काफी मदद मिली है । मिशन बुनियाद दिल्ली सरकार के प्रमुख पहलों में से एक है जिसका उद्देश्य कक्षा 3 से 9वीं तक के बच्चों के पढ़ने, लिखने और बुनियादी गणितीय क्षमताओं में सुधार करना है। इस दौरान आतिशी ने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह देख कर काफी अच्छा लग रहा है कि टीचर्स सिर्फ सिलेबस खत्म करने के लिए नहीं बल्कि बच्चों के मूलभूत कौशल में सुधार करने पर फोकस कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई को लेकर चर्चा की और उनसे पूछा कि वे विभिन्न एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज के माध्यम से क्या सीख रहे हैं। बच्चों ने उनके साथ अपने अनुभव साझा किए और बताया कि एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज के माध्यम से वे स्वयं को बेहतर तरीके से व्यक्त कर पा रहे है।


स्कूलों का मुआयना करते वक़्त आतिशी स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्यों से भी मिलीं और उनके बेहतरीन कामों की भी प्रसंशा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों के स्कूल मैनेजमेंट कमेटी मॉडल के जरिये ज्यादा से ज्यादा पेरेंट्स को स्कूलों से जोड़ने और बच्चे की लर्निंग में उनकी भागीदार को सशक्त को करने में मदद मिली है।

इस स्कूल दौरे पर विधायक आतिशी के साथ शिक्षा निदेशक के प्रधान सलाहकार शैलेन्द्र शर्मा और पूर्व दिल्ली गेट के निगम पार्षद आले मोहम्मद इकबाल भी मौजूद थे।

### दिल्ली कला सप्ताह 24 अगस्त से होगा शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली कला सप्ताह (डीएडब्ल्यू) का दूसरा संस्करण 24 से 31 अगस्त तक हाइब्रिड अवतार में आयोजित किया जाएगा, न केवल गैलरी और संस्थान अपनी प्रोग्रामिंग को भौतिक रूप से अपने स्वयं के स्थान पर प्रदर्शित करेंगे, बल्कि डीएडब्ल्यू 2022 भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मंच, आर्टी पर भी ऑनलाइन हो। सप्ताह की इस आभासी उपस्थिति का उद्देश्य वैश्विक दर्शकों को राजधानी शहर में उपलब्ध भारतीय समकालीन और आधुनिक कला की विविधता की भावना प्रदान करना है। डीएडब्ल्यू की प्रदर्शनी 14 सितंबर तक आर्टी पर वर्चुअल रूप से देखी जा सकेगी। 3-10 अप्रैल, 2021 तक आयोजित पहला संस्करण, पहली बार, 37 भाग लेने वाली गैलरी और दो म्यूजियम सहित चार संस्थानों के विभिन्न कला कार्यक्रमों को एक साथ लाया गया। डीएडब्ल्यू 2021 ने शहर को चार अलग-अलग आर्ट जोन में भी व्यवस्थित किया, जिससे राजधानी की गैलरी और म्यूजियम नेटवर्क के माध्यम से आसान पहुंच और नेविगेशन प्रदान किया गया। डीएडब्ल्यू की वेबसाइट और इंस्टाग्राम पेज ने दिल्ली की कला की दुनिया में शामिल होने के इच्छुक लोगों को संसाधन उपलब्ध कराए। इसकी कल्पना कोविड -19 महामारी के कारण कला जगत में आए नाटकीय परिवर्तनों के परिणामस्वरूप की गई थी।

# भाजपा ने आप के खिलाफ प्रदर्शन किया, सिसोदिया व जैन को बर्खास्त करने की मांग



नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली प्रदेश ईकाई के नेताओं और कार्यकताओं ने अरविंद केजरीवाल नीत सरकार की आबकारी नीति को लागू करने में कथित अनियमितता को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के दफ्तर के पास सोमवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी आईटीओ के पास जमा हुए और दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग पर स्थित आप के कार्यालय की ओर बढ़ने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। भाजपा नेताओं ने बताया कि जिन कार्यकताओं ने बैरिकेड को पार किया, उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

दिल्ली सरकार की आबकारी नीति 2021-22 जांच के घेरे में आ गई है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने नीति को लागू करने में नियमों के कथित उल्लंघन और प्रक्रियागत खामियों की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की सिफारिश की है।

आबकारी विभाग का जिम्मा भी संभाल रहे उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि नीति को लागू करने में घोटाला हुआ है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा, हम यहां प्रदर्शन करने और सिसोदिया और केजरीवाल सरकार के अन्य मंत्री सत्येंद्र जैन की बर्खास्तगी की मांग करते हैं जो फिलहाल धनशोधन के मामले में जेल में हैं। प्रदर्शन में विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी, प्रदेश महासचिव कुलजीत चहल और दिनेश प्रताप सिंह एवं कई अन्य शामिल हुए।

# डीटीसी बस और कार में टक्कर तीन की मौत, दो घायल

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



राष्ट्रीय राजधानी में यहां सोमवार को यात्रियों के लिए रुकी बस में एक कार की टक्कर हो गई, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। पुलिस उपायुक्त बृजेंद्र कुमार यादव ने बताया कि नांगली पूना क्षेत्र के पास हाईवे पर हुए हादसे को लेकर सुबह 7.04 बजे सूचना मिली। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि हिमाचल प्रदेश की नंबर प्लेट वाली एक कार दिल्ली परिवहन निगम की बस से जा टकराई है, जो उस समय यात्रियों के लिए सड़क पर रुकी थी।

डीसीपी ने कहा, कार में तीन महिलाओं सहित पांच लोग सवार थे। उनकी पहचान हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर निवासी ज्योति शर्मा (27), निशा (32), जमना (62), सुनील (ड्राइवर) और निशा की डेढ़ साल की बच्ची के रूप में हुई है। डीसीपी ने कहा, कार में सवार सभी यात्री घायल पाए गए और उन्हें बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया, जहां तीनों महिलाओं को मृत घोषित कर दिया गया। दुर्घटना में चालक और बच्चा भी घायल हो गए और उन्हें एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। अधिकारी ने कहा, चालक के सिर में चोट है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि यात्री हिमाचल प्रदेश से दिल्ली आ रहे थे और डीटीसी की बस मुखमेलपुर से आजादपुर जा रही थी। अधिकारी ने कहा, सड़क पर फिसलने के गाड़ी के कोई निशान नहीं मिले। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# दिल्ली सरकार को एलजी का एक और झटका



नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली सरकार की मुश्किलें बढ़ाने वाला एक फैसला लिया है। उन्होंने गुटबंदी, एकाधिकार को बढ़ावा देने और शराब के लाइसेंस के लिए काली सूची में डाली गई कंपनियों का पक्ष लेने के आरोपों पर मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों के मुताबिक विधिविदों (न्यायविदों), वकीलों और प्रमुख नागरिकों के एक प्रतिष्ठित संगठन द्वारा शिकायत के बाद 15 दिनों के भीतर यह रिपोर्ट मांगी गई है। उन्होंने संगठन के नाम का खुलासा करने से इनकार कर दिया। रिपोर्ट देने के लिए कहा संगठन द्वारा शिकायत की गई कि दिल्ली में शराब का लाइसेंस देने में अनियमितता की गई है। इससे पता चलता है कि दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 का जानबूझकर और पूर्व नियोजित मंशा से उल्लंघन किया गया है। रास्ते में जरूरी काल की बात कह कर कोई मोबाइल तो नहीं मांगता आपसे, हो सकता है ऐसा अजीब हादसा।

इस पर उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव को सत्यापन और जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही 15 दिन के अंदर जांच रिपोर्ट देने को कहा है, जिसके आधार पर एलजी कानून के अनुसार उचित कार्रवाई करेंगे। एलजी ने पिछले हफ्ते केजरीवाल सरकार की आबकारी नीति 2021-22 से संबंधित कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। सीबीआइ जांच के लिए एलजी कर चुके हैं अनुशंसित एलजी ने केजरीवाल सरकार की नई आबकारी नीति में जांच के लिए सीबीआई को अनुशंसित किया है। बता दें कि कुछ समय पहले ही मुख्य सचिव की रिपोर्ट के आधार पर एलजी ने सीबीआई जांच के लिए कहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एलजी ने इस पूरे मामले में सख्ती दिखाई है। नए बिल पर मचा है राजनीतिक बवाल बता दें कि राजधानी दिल्ली में नई शराब नीति 2021 को लेकर राजनीति तौर पर काफी बवाल मचा है। एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस इसका विरोध कर हरी है वहीं आम आदमी पार्टी इसे बेहतर बताते रही है । इधर, इन सब उठा-पटक के बीच दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की भी इस मामले में एंट्री हो गई है। उन्होंने नई शराब नीति के संबंध में गड़बड़ी का हवाला देकर इसकी सीबीआइ जांच की सिफारिश कर दी है ।

# पुलिस को झूठी सूचना देने पर शख्स गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली पुलिस ने एक शख्स को अपने ऊपर पिस्तौल ताने जाने की झूठी जानकारी देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि आरोपी ने पुलिस को फोन कर कहा था कि मुंडका में एक व्यक्ति ने उसपर पिस्तौल तान दी है।

बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) समीर शर्मा ने बताया कि 22 जुलाई को अरविंद कुमार (39) बाइक से जा रहा था, तभी उसके पास से गुजरी एक कार की वजह से सड़क पर जमा बरसाती पानी उसपर आ गया जिससे उसके कपड़े खराब हो गए।

उन्होंने बताया कि कार चालक को सबक सिखाने के लिए उसने पुलिस को कॉल कर झूठी जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि एक गैस एजेंसी में काम करने वाले कुमार ने मुंडका थाने में फोन कर कहा कि कार चालक ने उसपर पिस्तौल तान दी है। उन्होंने बताया कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो कुमार वहां नहीं था और उसका फोन भी ऑफ आ रहा था।

अगले दिन जांच के दौरान उससे संपर्क किया गया तो उसने माना कि उसने कार चालक से बदला लेने के लिए कॉल कर झूठी जानकारी दी थी।

पुलिस के मुताबिक, मुंडका निवासी कुमार के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 182 (लोक सेवक को झूठी जानकारी देने) के आरोप में मामला दर्ज किया है।

# देश छोड़ कर भाग रहे एक भगोड़े की एयरपोर्ट से हुई गिरफ्तारी, लोन चुकाने में हुआ था फेल

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली के एक मोटर पार्टस व्यवसायी से 5.50 करोड़ रुपये धोखाधड़ी करने के मामले में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने मेसर्स उजाला पंप्स कंपनी के प्रबंध निदेशक दिनेश कुमार गुप्ता को आइजीआइ हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। पुलिस से बचने के लिए वह देश छोड़कर दुबई भागने की कोशिश कर रहा था तभी लुक आउट सर्कुलर नोटिस जारी होने के कारण एविएशन की सूचना पर पुलिस ने उसे दबोच लिया। महीनों की जांच के बाद रविवार को मिली गिरफ्तारी में सफलता डीसीपी जितेंद्र कुमार मीणा के मुताबिक दिनेश कुमार गुप्ता दिल्ली का रहने वाला है। उसने दिल्ली विश्वविद्यालय से वाणिज्य विषय में स्नातक कर रखा है। एसीपी नगीन कौशिक व इंस्पेक्टर एके सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महीनों तक जांच के बाद उसे रविवार को दबोच लिया। जेके गुप्ता एंड संस (इंडिया) नाम की फर्म के मालिक अरुण गुप्ता की शिकायत पर 2018 में ईओडब्ल्यू में आरोपित के खिलाफ 5.50 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया गया था। 2012 में आरोपित ने शिकायतकर्ता से संपर्क कर 5.50 करोड़ रुपये व्यावसायिक लोन लिया था। उसने लोन इस शर्त पर लिया था कि लोन चुकाने में विफल होने पर वह शिकायतकर्ता को अपने औद्योगिक क्षेत्र, भिवाड़ी, राजस्थान की संपत्ति बेच देगा। 2015 में शिकायतकर्ता व आरोपित के बीच व्यावसायिक संबंध थे। लोन लेने के बाद आरोपित ने जब शिकायतकर्ता को पैसे लौटाना बंद कर दिया तब 2016 में शिकायतकर्ता ने आरोपित से संपर्क किया। पहले से गिरवी रखी थी संपत्ति आरोपित ने सभी बकाया राशि का भुगतान करने के लिए राजस्थान की संपत्ति को बाजार मूल्य के अनुसार सात करोड़ रुपये में बेचने की बात कही। समझौते के दौरान इस बात का उल्लेख किया गया कि संपत्ति सभी बाधाओं से मुक्त है, लेकिन बाद में शिकायतकर्ता को पता चला कि उक्त संपत्ति यूनियन बैंक आफ इंडिया के पास पहले से ही गिरवी रखी गई है। मामला दर्ज होने के बाद आरोपित दिनेश कुमार गुप्ता को पकड़ने के लिए कई बार छापेमारी की गई लेकिन वह नहीं मिल रहा था और जानबूझकर गिरफ्तारी से बच रहा था।

# दिल्ली:अदालत ने छेडछाड़ की प्राथमिकी रद्द की

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



- मेरा मानना है कि मामला दर्ज करने और वापस लेने की प्रक्रिया में पूरे पुलिस तंत्र को काम करना पड़ा और पुलिस का अहम समय इसमें लगा

दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपनी घरेलू सहायिका से छेड़छाड़ करने के एक आरोपी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द कर दी, लेकिन उसे दो सप्ताह में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के दो स्कूल में दो कम्प्यूटर और प्रिंटर दान करने का आदेश दिया। अदालत ने उल्लेख किया कि याचिकाकर्ता और शिकायतकर्ता के बीच समझौता हो गया है, लेकिन उसने याचिकाकर्ता को समाज के भले के लिए कुछ करने का निर्देश दिया, क्योंकि इस मामले के कारण पुलिस समेत सरकारी संसाधनों पर अनावश्यक अतिरिक्त बोझ पड़ा। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने कहा, दोनों पक्षों ने कहा है कि उन्होंने अपनी इच्छा से, बिना किसी धमकी, बल या जबरदस्ती के उपरोक्त समझौता किया। मेरा मानना है कि मामला दर्ज करने और वापस लेने की प्रक्रिया में पूरे पुलिस तंत्र को काम करना पड़ा और पुलिस का अहम समय इसमें लगा। राज्य के संसाधनों पर अनावश्यक रूप से अधिक बोझ डाला गया, इसलिए याचिकाकर्ता को समाज के भले के लिए कुछ अच्छा सामाजिक कार्य करना चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा, समझौता होने और उपरोक्त कारणों से, प्राथमिकी और उसके बाद होने वाली कार्यवाही को रद्द किया जाता है, बशर्ते याचिकाकर्ता (पुरुष) दो सप्ताह में एमसीडी के दो स्कूल में प्रिंटर के साथ दो नए एवं पूरी तरह काम करने वाले डेस्कटॉप कम्प्यूटर मुहैया कराए।

एमसीडी के वकील ने कहा कि वह उन दो स्कूलों का ब्योरा देंगे, जहां डेस्कटॉप उपलब्ध कराए जाने हैं।

अदालत ने जांच अधिकारी को इस मामले पर नजर रखने और उसके समक्ष अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। उसने अधिकारी को निर्देश दिया कि अगर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल नहीं की जाती है और डेस्कटॉप उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो उसके सामने फाइल पेश की जाए। याचिकाकर्ता ने दक्षिणी दिल्ली की डिफेंस कॉलोनी में अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के लिए इस साल की शुरूआत में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

प्राथमिकी के मुताबिक, महिला पुरुष के घर घरेलू सहायिका के तौर पर काम करती थी और 30 अप्रैल को याचिकाकर्ता के घर में एक जश्न था। शिकायत के अनुसार, उस रात देर हो जाने के कारण महिला याचिकाकर्ता के घर में घरेलू सहायक के लिए बने कमरे में रुक गई थी, लेकिन पुरुष उसके कमरे में कथित तौर पर पहुंचा, उसने उसे गले लगाने का प्रयास किया और उसे बीयर पीने की पेशकश की।

बहरहाल, अदालत को बाद में बताया कि दोनों पक्षों ने जून में समझौता कर लिया और दावा किया कि भाषा संबंधी गंभीर बाधा के कारण कुछ गलतफहमी हुई थी।

# देश की 15वीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से जुड़े तथ्य

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

भारत के 15वें राष्ट्रपति के तौर पर द्रौपदी मुर्मू ने आज 25 जुलाई सोमवार को शपथ ग्रहण कर ली। वह एनडीए पक्ष की राष्ट्रपति उम्मीदवार थीं। विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को उन्होंने भारी मतों से परास्त कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जीवन कई उतार चढ़ाव से भरा रहा है। ओडिशा के एक छोटे कस्बे से निकलकर देश के सर्वोच्च नागरिक बनने तक का सफर उन्होंने तय किया है। वह राष्ट्रपति बनने वाली देश की पहली आदिवासी महिला हैं। द्रौपदी मुर्मू से जुड़े ऐसे अनेक तथ्य हैं, जो आपको मालूम होनी चाहिए।



**1. स्वतंत्र भारत में जन्मीं पहली राष्ट्रपति**

द्रौपदी मुर्मू देश के पूर्व राष्ट्रपतियों से कई मायनों में अलग हैं। वह आजाद भारत में जन्मीं देश की सबसे युवा राष्ट्रपति बन चुकीं हैं। उनका जन्म 20 जून साल 1958 को हुआ। इससे पहले यह रिकॉर्ड संजीव रेड्डी के नाम था। कोर्ट ने नई प्राइवेसी पॉलिसी के खिलाफ सीसीआई की जांच में हस्तक्षेप करने से इंकार किया था।

**2. आदिवासी समाज से पहली राष्ट्रपति**

द्रौपदी मुर्मू आदिवासी समुदाय के संथाल जाति से ताल्लुक रखती हैं। ओडिशा के मयूरभंज जिले में एक किसान परिवार में उनका जन्म हुआ था। द्रौपदी मुर्मू भारत की आदिवासी राष्ट्रपति बनने वाली प्रथम महिला हैं।

**3. पहली आदिवासी राज्यपाल भी बनीं**

राष्ट्रपति बनने से पूर्व द्रौपदी मुर्मू झारखंड की प्रथम महिला राज्यपाल बनीं। आदिवासी समुदाय से पहली बार किसी राज्य की राज्यपाल बनने का गौरव भी इन्हीं के पास है। इसके अलावा ओडिशा से मुर्मू पहली महिला बनीं, जिन्हें राज्यपाल बनने का सौभाग्य मिला।

**4. मुश्किलों से भरा रहा पारिवारिक जीवन**

राजनीतिक जीवन में तो द्रौपदी मुर्मू को कई सम्मानित पद हासिल हुए। मगर उनका पारिवारिक जीवन दुखों से भरा रहा। साल 2009 से लेकर 2015 का समय उनके लिए सबसे कठिन रहा। इस दौरान उन्होंने अपने पति श्याम चरण, दो बेटे, मां और भाई को खो दिया। द्रौपदी मुर्मू की एक बेटी है। इनका नाम इतिश्री मुर्मू है। वह एक बैंक अधिकारी हैं।

**5. शिक्षक और फिर सरकारी विभाग में नौकरी की**

कभी घर-गृहस्थी तक सीमित थी राजमाता सिंधिया की दुनिया, नेहरू की इस शर्त ने दिलाई राजनीति में एंट्री

कभी घर-गृहस्थी तक सीमित थी राजमाता सिंधिया की दुनिया, नेहरू की इस शर्त ने दिलाई राजनीति में एंट्री

**6. भाजपा के साथ राजनीति में एंट्री**

द्रौपदी मुर्मू एनडीए की राष्ट्रपति उम्मीदवार थीं। उन्होंने राजनीतिक पारी की शुरूआत भी भाजपा के साथ ही की थी। साल 1997 में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली और रायरंगपुर नगर पंचायत में पार्षद पद पर जीत हासिल की।

**7. कैबिनेट मंत्री भी बनीं**

भाजपा की टिकट से साल 2000 और 2009 में वह दो बार विधायक बनीं। नवीन पटनायक के बीजू जनता दल और भाजपा के गठबंधन की सरकार में मुर्मू को वाणिज्य, परिवहन और बाद में मत्स्य और पशु संसाधन विभाग में मंत्री बनाया गया।

**8. ब्रह्माकुमारी संस्थान की सदस्य**

पारिवार में हुई क्षति से द्रौपदी मुर्मू टूट चुकी थीं। सदमें से उबरने के लिए वह ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़ीं। 2020 में एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा था, 'बेटे की मौत के बाद मैं टूट गई थी। दो महीने तक तनाव में थी। बाद में ईश्वरीय प्रजापति ब्रह्माकुमारी का हिस्सी बनी और योगाभ्यास और ध्यान लगाया।' पिछले 13 सालों से वह ब्रह्माकुमारी में सक्रिय हैं।

**9. पहले बन सकती थीं राष्ट्रपति**

रिपोर्ट्स की मानें तो पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का कार्यकाल समाप्त होने के समय भी उम्मीदवार के रूप में द्रौपदी मुर्मू का नाम चर्चा में था।

**10. देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति**

देश का सर्वोच्च नागरिक पद हासिल करने वाली महिलाओं में द्रौपदी मुर्मू का नाम दूसरे स्थान पर दर्ज हो गया है। पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल के बाद मुर्मू राष्ट्रपति बनने वाली दूसरी महिला हैं। साल 2007 में प्रतिभा पाटिल ने देश की पहली महिला राष्ट्रपति के रुप में शपथ ली थी।

# रैपिड रेल होगी हाईटेक, हर 5 मिनट में मिलेगी ट्रेन, बिना टिकट की भी होगी एंट्री

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



अगले साल से दिल्ली से मेरठ का सफर सिर्फ 55 मिनट में सिमट जाएगा, क्योंकि रैपिड रेल का परिचालन शुरू हो जा रहा है। इस बीच नवंबर महीने में दिल्ली से मेरठ के बीच चलने वाली रैपिड रेल का ट्रायल शुरू होना है, जिसके बात संबंधित विभाग की अनुमति मिलने के बाद इसका परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। मार्च 2022 से शुरू हो जाएगा रैपिड रेल का परिचालन दिल्ली से मेरठ के बीच कुल 82 किलोमीटर लंबे रूट पर अगले साल की दूसरी छमाही शुरू होने से पहले ही रैपिट रेल चलनी शुरू हो जाएगी, जबकि इस कारिडोर के 17 किमी लंबे प्राथमिकता खंड (साहिबाबाद से दुहाई) के बीच रैपिड ट्रेन का परिचालन मार्च 2023 से शुरू होना है। इसके लिए नवंबर, 2022 में ट्रायल शुरू हो जाएगा। यह भी बता दें कि 2025 तक पूरी तरह से परिचालन शुरू करने का लक्ष्य है। एक साथ 400 यात्री कर सकेंगे सफर दिल्ली मेरठ के बीच चलने वाली रैपिड रेल के एक कोच में कुल 75 यात्री बैठकर सफर कर सकेंगे, जबकि पूरी ट्रेन में अधिकतम 400 यात्री सफर कर सकेंगे। इसके अलावा रैपिड रेल अधिकतम 180 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़ेगी, जबकि इसकी रफ्तार औसतन 100 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी। प्रत्येक ट्रेन में होंगे 6 कोच दिल्ली मेरठ के बीच रफ्तार भरने वाली रैपिल रेल 55 घंटे के भीतर एक छोर से दूसरे छोर पर पहुंचेगी। इसकी खूबी यह भी है कि आपातकालीन स्थिति में रैपिड ट्रेन से मरीज को स्ट्रैचर पर अस्पताल ले जाया जा सकेगा। मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार, रैपिड रेल के प्रत्येक ट्रेन में कुल छह कोच होंगे। एक कोच में 75 यात्री यात्री कर सकेंगे, जबकि इनमें से एक कोच महिलाओं के लिए आरक्षित होगा। बता दें कि दिल्ली मेट्रो में भी एक कोच महिला यात्रियों के लिए आरक्षित होता है। बिजनेस क्लास भी होगा मिली जानकारी के मुताबिक, रैपिड रेल के अंतर्गत दिल्ली से मेरठ के बीच चलने वाली ट्रेनों के भीतर एक बिजनेस क्लास कोच भी होगा। इस कोच में कई अतिरिक्त सुविधाएं भी होंगीं, जिसमें खान-पान का सामान उपलब्ध रहेगा। 82 किलोमीटर के लंबे सफर में लोग चाहें तो चाय के साथ खाने के सामान का भी लुत्फ उठा सकेंगे। इसके अलावा, रैपिड रेल के तहत चलने वाली प्रत्येक ट्रेन के भीतर भी प्रीमियम कोच में दरवाजे लगे होंगे। इसका लाभ यह होगा कि स्टेंडर्ड कोच के यात्री इसी श्रेणी के दूसरे कोच में तो आ जा सकेंगे, लेकिन प्रीमियम कोच में प्रवेश नहीं मिलेगा। मोबाइल भी कर सकेंगे चार्ज बिजनेस क्लास के कोच में दायें-बायें दो-दो सीट बैठने के लिए होंगी। इसके अलावा अन्य विशेषताओं में प्रत्येक ट्रेन के कोच में सीट के पास ही मोबाइल फोन चार्ज करने की सुविधा हो मिलेगी।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली,मंगलवार, 26 जुलाई, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### बस की टक्कर से बाइक सवार दो कांवड़िये घायल

नई दिल्ली। शाहदरा के मानसरोवर पार्क के पास रविवार रात बस की टक्कर से बाइक सवार दो कांवड़िये घायल हो गए। दोनों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दोनों का उपचार चल रहा है। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी चालक से पूछताछ कर रही है। घायल रोहित परिवार के साथ दिल्ली कैंट इलाके में रहते हैं। वह अपने एक रिश्तेदार के साथ बाइक से कांवड़ लेकर हरिद्वार गए थे। रविवार रात दोनों जल लेकर दिल्ली आ रहे थे। जब वह मानसरोवर पार्क इलाके में पहुंचे, तभी यूपी रोडवेज की बस ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। बाइक से गिरकर दोनों घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को जीटीबी अस्पताल लेकर गई। वहीं हादसे के बाद चालक बस को लेकर वहीं खड़ा मिला। पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

### मंकीपॉक्स को लेकर डॉक्टरों को तैयार रहने कहा

नई दिल्ली। दिल्ली में रविवार को मिले मंकीपॉक्स के मरीज के बाद राजधानी के अन्य अस्पतालों ने भी डॉक्टरों को तैयार रहने के लिए कहा है। एम्स, सफदरजंग, आरएमएल के डॉक्टरों का कहना है कि मंकीपॉक्स ज्यादा खतरनाक तो नहीं है, लेकिन इसके लक्षण वाले मरीज आने पर तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करने के लिए कहा गया है। अभी लोकनायक अस्पताल में इसके लिए आइसोलेशन वार्ड है। किसी भी अस्पताल में इसके संदिग्ध मरीज मिलने पर तुरंत लोकनायक भेजा जाएगा।

### गुलशन गुगनानी बने रामलीला महोत्सव समिति के संरक्षक

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और निःस्वार्थ सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलशन गुगनानी को दिल्ली स्थित करोल बाग में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ऋषिकेश में होने वाली रामलीला महोत्सव समिति का संरक्षक बनाया गया है। कर्मठ, सामाजिक, धार्मिक और विश्वसनीय व्यक्तित्व के धनी गुलशन गुगनानी रामलीला के मंचन में अहम भूमिका निभाएंगे। सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. वेद टंडन ने बताया कि आगामी 27 सितंबर को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री भगवत कराड़ रामलीला के मंचन का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज और राष्ट्र मंदिर के संस्थापक अजय भाई के सानिध्य में रामलीला का आयोजन किया जाएगा। डॉ. वेद टंडन ने बताया कि कोरोना संकट के कारण पिछले दो वर्षों से कुछ फिकी रही रामलीला की चमक इस बार दिखाई देगी। दरअसल, इस साल लोगों को गंगा दर्शन के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय रामलीला का मंचन देखने को मिलने वाला है। उन्होंने बताया कि ओरछा में राजा राम की लीला का सफल मंचन के बाद इस बार ऋषिकेश में भव्य रामलीला किया जाएगा। इस बार विभिन्न टीवी चैनलों से प्रसारित होने वाली अंतरराष्ट्रीय रामलीला संग गंगा दर्शन भी होगा।

### डेंगू और मलेरिया के मरीजों में लगातार इजाफा

नई दिल्ली। दिल्ली में डेंगू और मलेरिया के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। 23 जुलाई तक डेंगू के 159 और मलेरिया के 20 मामले सामने आ चुके हैं, जबकि बीते वर्ष 23 जुलाई तक डेंगू के सिर्फ 48 और मलेरिया के 20 मरीज सामने आए थे। दिल्ली नगर निगम की ओर से सोमवार को जारी साप्ताहिक रिपोर्ट से बढ़ते मामलों का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2017 में 23 जुलाई तक डेंगू के 118 मामले सामने आए थे, जबकि वर्ष 2018 में 49 और वर्ष 2019 में 34 मामले सामने आए थे। वर्ष 2020 में डेंगू के 28 और 2021 में 48 मामले दर्ज किए गए थे। बताया गया कि वर्ष 2022 में 23 जुलाई तक 159 मरीज सामने आ चुके हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां तक डेंगू के मरीजों की मौत का सवाल है, वर्ष 2017 में दस जबकि 2018 में चार मरीजों की मौत हुई थी। बताया गया कि वर्ष 2019 में दो, 2020 में एक और वर्ष 2021 में सबसे अधिक 23 मरीजों की मौत डेंगू से हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, 23 जुलाई 2022 तक मलेरिया के 33 मरीज सामने आए हैं, जबकि 2021 में 20 मरीज सामने आए थे और चिकनगुनिया के अब तक पांच मामले सामने आए हैं, जबकि बीते वर्ष 11 मामले 23 जुलाई तक सामने आए थे। स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों का कहना है कि मानसून में डेंगू और मलेरिया के मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

# महंगाई से राहत देने का फामूर्ला केवल आप को आता है: केजरीवाल

## दिल्ली में पिछले पांच से सात साल में मैंने 12 लाख बच्चों के रोजगार का इंतजाम किया : केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आज हिमाचल प्रदेश में आप पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि महंगाई से राहत देने का फामूर्ला केवल आम आदमी पार्टी को आता है। हिमाचल में आप की सरकार बनाओ, हम दिल्ली की तरह हिमाचल में भी महंगाई से राहत दिलाएंगे। दिल्ली में हमने सबका इलाज, बिजली-पानी और शिक्षा मुफ्त कर दिया है। हम मुफ्त में तीर्थ यात्रा व योग भी करा रहे हैं। दिल्ली में महंगाई तो है, लेकिन हमारी सरकार की तरफ से दी जा रही सुविधाओं की वजह से लोगों को महंगाई से थोड़ी राहत मिली है। आज लोग महंगाई से बहुत दुखी हैं, फिर भी इन्होंने दही, लस्सी, छाछ समेत खाने-पीने की चीजों पर जीएसटी लगा दी। ऐसे तो अंग्रेज किया करते थे। दिल्ली में हमने भ्रष्टाचार खत्म कर और फिजूलखर्ची बंद कर पैसे बचाए और जनता को इतनी राहत दी है। अगर केंद्र सरकार, दिल्ली की तरह भ्रष्टाचार और फिजूलखर्ची खत्म कर दे, तो देश में जीएसटी बढ़ाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि जीएसटी कम करनी पड़ेगी। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भगवान ने हमें सबकुछ दिया है।



पिछले 75 साल में भारत को नंबर वन देश होना चाहिए था, पर हम पीछे क्यों रह गए? अगर इन्हीं पार्टियों और इन्हीं नेताओं के भरोसे देश को छोड़ दिया तो, ये देश को और पीछे कर देंगे। दिल्ली में आप की सरकार ने केवल पांच साल में वो काम करके दिखाया है, जो 75 साल में ये सारी पार्टियां मिलकर नहीं कर पाई। इसलिए लोग आम आदमी पार्टी की तरफ देख रहे हैं। बहुत कम समय में बहुत बड़े स्तर पर पदाधिकारियों के बनने का मतलब है कि हिमाचल के आम लोगों में आम आदमी पार्टी के प्रति बहुत ज्यादा प्यार और विश्वास है- अरविंद केजरीवाल

हिमाचल प्रदेश में आम आदमी पार्टी के 9 हजार पदाधिकारियों ने आज शपथ ग्रहण किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान ने शपथ ग्रहण समारोह को वर्चुअली संबोधित किया। इस दौरान आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शपथ ग्रहण करने वाले सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि इतने कम समय में इतने बड़े स्तर पर पदाधिकारी बन गए, इसका मतलब है कि हिमाचल प्रदेश के आम लोगों के बीच में आम आदमी पार्टी को लेकर बहुत ज्यादा प्यार और विश्वास है। साथ ही बहुत बड़े स्तर पर लोग आम आदमी पार्टी से जुड़ते जा रहे हैं। आज हम सभी पदाधिकारी शपथ लेंगे कि हम हिमाचल प्रदेश की तन-मन-धन से सेवा करेंगे। आज हम सभी शपथ लेंगे कि अपने देश की निःस्वार्थ भाव से सेवा करेंगे। हम अपने देश के लिए अगर जान भी देनी पड़े, तो जान भी देंगे। आम आदमी पार्टी के आइडियोलॉजी के तीन स्तम्भ हैं। पहला, कट्टर ईमानदारी। हमारी पार्टी कट्टर ईमानदार पार्टी है। दूसरी पार्टियों की तरह नहीं है। हमारे यहां अपना भी कोई भ्रष्टाचार करे, तो हम उसे नहीं छोड़ते हैं। दिल्ली में मेरे एक मंत्री ने भ्रष्टाचार करने की कोशिश की। उसकी एक ऑडियो आई थी। मैंने उस मंत्री को सीबीआई के हवाले कर दिया। अभी थोड़े दिन पहले पंजाब के अंदर हमारे एक मंत्री ने भ्रष्टाचार करने की कोशिश की और आप की सरकार ने उसको जेल भेज दिया। हमारे यहां भ्रष्टाचार को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाता है। हमारी पार्टी की विचारधारा का सबसे पहला स्तम्भ कट्टर ईमानदारी है। हमारी दूसरी विचारधारा कट्टर देशभक्ति है। हम देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर देंगे। तीसरी विधारधारा इंसानियत है। हमें सबकी सेवा करनी है। एक इंसान की दूसरे इंसान की सेवा करनी है। चाहे वो अमीर हो या गरीब हो या फिर वो किसी धर्म-जाति का हो। चाहे वो भाजपा का हो, चाहे वो कांग्रेस का हो, हमें यह नहीं देखना है। हमें सबकी सेवा करनी है। भारत को दुनिया का नंबर वन देश बनाने के लिए हम तन-मन-धन सब कुछ लगा देंगे, अब भारत रूकेगा नहीं- अरविंद केजरीवाल आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश को आजाद हुए 75 साल हो गए। इन 75 सालों में कई देश हमसे आगे बढ़ गए। हमारा देश इतना खूबसूरत है। भगवान ने हमें सबकुछ दिया है।

### हम आपको बेरोजगारी और महंगाई से छुटकारा दिलाएंगे- अरविंद केजरीवाल

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप जब घर-घर जाओ, तो लोगों को बोलना कि दिल्ली के लोगों को महंगाई से राहत दी है। महंगाई से राहत देने का फामूर्ला केवल आम आदमी पार्टी को आता है। हिमाचल प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाओ, आपको दिल्ली वालों की तरह हिमाचल प्रदेश में भी हम महंगाई से राहत दिलाएंगे। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि आप लोग घर-घर जाकर बताना कि बाकी पार्टियों ने आपको क्या दिया? भाजपा और कांग्रेस वालों को भी बोलना कि तुम्हारी पार्टियों ने क्या दिया? बोलना कि हमें एक मौका देकर देखो, हम तुम्हें महंगाई से राहत दिलाएंगे। आज बेरोजगारी बहुत हो गई है। हमारे बच्चे पढ़कर बेरोजगार घूम रहे हैं। दिल्ली के अंदर पिछले पांच सात साल में मैंने 12 लाख बच्चों को रोजगार का इंतजाम किया है और मैंने ठाना है कि अगले पांच साल में 20 लाख बच्चों को रोजगार देना है। उसका पूरा खाका तैयार करना है। आपके बच्चों को नौकरी देना हमें आता है और किसी पार्टी को नहीं आता है। हमारे पास फामूर्ला है, हम आपके बच्चों को रोजगार देंगे और आपको महंगाई से छुटकारा दिलाएंगे। आप जब घर-घर जाना तो लोगों को यह बताना कि हम लोगों के लिए काम करते हैं। हम आपको बेरोजगारी और महंगाई से छुटकारा दिलाएंगे। हमें सकारात्मक राजनीति करनी है, हमें जनता की राजनीति करनी है। गाली-गलौंच नहीं करना है। आप सबको कहना कि अगर आपको गंदी राजनीति चाहिए तो उनको वोट दे दो, अगर आपको दंगे, भ्रष्टाचार और गाली-गलौंच चाहिए, तो उनको वोट दे दो। लेकिन अगर आपको अपने बच्चों के लिए स्कूल चाहिए, महंगाई से छुटकारा चाहिए, अस्पताल चाहिए, रोजगार चाहिए, सड़कें चाहिए, तो आम आदमी पार्टी को वोट दे दो।

## तिहाड़ में तीन कैदियों पर हमला

नई दिल्ली। तिहाड़ जेल में 20 जुलाई की देर रात वार्ड नंबर पांच में बंद तीन कैदियों को जमकर पीटा और नुकीली चीज से हमला कर तीनों को घायल कर दिया। जेल प्रशासन ने घायल 22 वर्षीय शिवम, 28 वर्षीय सोनू और साहिल को अस्पताल में भर्ती किया और हरि नगर थाना पुलिस को मामले की सूचना दी। हरिनगर थाना पुलिस ने सोनू के बयान पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 20 जुलाई की देर रात करीब एक बजे जेल प्रशासन को तीन कैदियों पर हमले की जानकारी मिली थी। घायल सोनू ने बताया कि वह अपने दो दोस्तों साहिल और शिवम के साथ जेल नंबर 1 के वार्ड नंबर दो बंद है। देर रात करीब 12:30 बजे वह अपने दोस्तों के साथ घूम रहा था। इसी दौरान वार्ड पांच में बंद संजय, शाहिद अली और राहिल वहां पहुंचे। तीनों ने आते ही सोनू और उसके दोस्तों से झगड़ा शुरू कर दिया। आरोपी तीनों दोस्तों को वार्ड से जबरन दूसरी जगह लेकर चले गए और वहां जमकर पिटाई की। तीनों पर नुकीली वस्तु से हमला कर दिया। आरोपियों ने तीनों को गंभीर रूप से घायल कर धमकी दी और मौके से फरार हो गए। शोर सुनकर जेल प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिन्होंने तीनों घायलों को डीडीयू अस्पताल में भर्ती किया और मामले की सूचना पुलिस को दी। हरिनगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पीएचडी छात्राओं के दाखिले में डेप्रिवेशन व्यवस्था लागू करेगा जेएनयू

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

पिछड़े क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों खासकर छात्राओं को दाखिले में मदद करने के लिए जेएनयू ने डेप्रिवेशन प्वाइंट सिस्टम तैयार किया था। इस व्यवस्था के तहत पिछड़े क्षेत्रों के छात्रों को ग्रेस प्वाइंट मिलते थे। कुछ समय पहले इसे बंद कर दिया गया था। अब जेएनयू दोबारा इसे शुरू करने पर विचार कर रहा है।

जेएनयू की कुलपति प्रो. शांतिश्री पंडित ने हाल ही में कहा कि डेप्रिवेशन प्वाइंट माडल जेएनयू दाखिला नीति की सबसे अनूठी व्यवस्था है। विश्वविद्यालय परिसर में समावेशिता एवं समानता के लिए डेप्रिवेशन प्वाइंट माडल फिर से लागू किया जाएगा। बकौल शांतिश्री पीएचडी दाखिले में इसे लागू करने के पीछे एक बड़ा कारण आरक्षित श्रेणी की सीटों का नहीं भरना भी है। 2017 में हुआ था बंद

जेएनयू प्रशासन ने 2017 में एमफिल, पीएचडी में डेप्रिवेशन प्वाइंट माडल बंद कर दिया था। यह स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अब भी लागू होता है। ग्रामीण आबादी और कृषि श्रमिकों के प्रतिशत, महिलाओं में निरक्षरता और शौचालय से वंचित परिवारों की अधिक संख्या वाले क्षेत्रों को चिन्हित किया जाता है। इन पैरामीटर पर चिन्हित पिछड़े क्षेत्रों के छात्रों को दाखिले के समय एक से पांच अंक मिलते हैं।




इसके अलावा महिलाओं और ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों को भी पांच अंक मिलते हैं। जेएनयू छात्रसंघ की मानें तो 2017 में डेप्रिवेशन प्वाइंट सिस्टम को हटाने से छात्रों की संख्या पर भी असर पड़ा था। 6,000 रुपये प्रति माह से कम पारिवारिक आय वाले एमफिल और पीएचडी कार्यक्रमों में नामांकित छात्रों की संख्या 2016-2017 में 25.8 प्रतिशत से घटकर 2017-2018 में 9.8 प्रतिशत हो गई। इसी अवधि के दौरान ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्रों की संख्या 48.4 प्रतिशत से घटकर 28.2 प्रतिशत हुई। जेएनयू शिक्षक संघ ने भी अपने बयान में कहा था कि 2017 और 2022 के बीच शोध कार्यक्रमों में छात्रों की संख्या में 20 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को राज्य पुरस्कार से किया सम्मानित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के लोगों को वर्ल्ड क्लास क्वालिटी हेल्थ फैसिलिटीज उपलब्ध करवाना हमेशा से केजरीवाल सरकार की प्राथमिकता रही है दिल्ली सरकार के अस्पताल लगातार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित ककरते हुए मरीजों को बेहतरीन स्वास्थ्य व चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाती है इस दिशा में सोमवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली सचिवालय के ऑडिटोरियम आयोजित एक कार्यक्रम में शानदार काम करने वाले अस्पतालों को कायाकल्प स्टेट अवार्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम में 24 अस्पतालों और 82 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) को मानक प्रोटोकॉल का पालन करने और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान के लिए सम्मानित किया गया।

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने अवार्डी अस्पतालों को बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों के डॉक्टर्स और अन्य स्टाफ का अपने अस्पताल की बेहतरी के प्रति प्रतिबद्धता के कारण आज हमारे अस्पतालों में देश भर के लोग इलाज करने आते है क्योंकि उनका दिल्ली के हेल्थ-केयर सिस्टम के प्रति भरोसा बढ़ा है उन्होंने आगे कहा कि 2015 में अरविंद केजरीवाल जी के सरकार में आते ही स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाना हमारी प्राथमिकता बन गई और तब से हमने अपने अस्पतालों के लिए कभी पैसों की कमी नहीं होने दी अस्पतालों ने भी सरकार को जो इनोवेटिव आइडियाज दिए उसे हमने हमेशा स्वीकार कियो यही कारण है कि आज दिल्ली सरकार के अस्पतालों में लोगों को शानदार स्वास्थ्य सुविधाएं , शानदार ट्रीटमेंट मिल रही है श्री सिसोदिया ने कहा कि हमारे अस्पतालों ने पिछले सालों में शानदार काम किया है लेकिन हमें यही नहीं रुक जाना है हमारे अस्पतालों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचने के लिए आउट-ऑफ-द-बॉक्स सोचने की जरुरत है जिसके लिए सबसे जरुरी है नजरिया बदलने की हमारे हॉस्पिटल लीडर्स व स्टाफ को अपना नजरिए को बदलना होगो उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल को ट्रेडिशनल तरीके से स्वीकृति देने के भाव को बदलने की जरूरत है और किसी भी चीज के लिए तबतक अपने मन में स्वीकृति नहीं दे जबतक वो शानदार न हो जाए चाहे वो अस्पताल के रखरखाव को लेकर हो या फिर उसकी साफ-सफाई को लेकर



उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार के 13 और अस्पतालों ने कायाकल्प अवार्ड के लिए में 70% से अधिक स्कोर किया और उन्हें कमेंडेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया साथ ही 6 सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों ने भी 70% से अधिक स्कोर किया है। कमेंडेशन अवार्ड पाने वाले अस्पतालों को 3-3 लाख रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी क्या है कायाकल्प अवार्ड

इस पहल का उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और संक्रमण को रोकने के तरीकों में सुधार और बढ़ावा देने के साथ अनुकरणीय प्रदर्शन सुविधाओं को प्रोत्साहित करना है। इस योजना का उद्देश्य देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं (पीएचएफ) को स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करना और प्रोत्साहित करना है। कायाकल्प योजना के अंतर्गत अस्पतालों व स्वास्थ्य केन्द्रों के मूल्यांकन के लिए सरकार की ओर से एक निर्धारित चेकलिस्ट होती है। उसमें बिंदुवार अंक निर्धारित होते हैं। पूरी चेकलिस्ट को आठ भागों में बांटा गया है। जिसमें स्वास्थ्य केंद्र/अस्पताल का रखरखाव, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, संक्रमण नियंत्रण, स्वच्छता को बढ़ावा देना, सहयोगी सेवाएं, चाहरदीवारी के चारों तरफ का क्षेत्र एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण में बांटा गया है।

# बार मालिक, 9 अन्य ने छापेमारी के दौरान पुलिसकर्मियों से की मारपीट

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के हौज खास विलेज में एक बार में छापेमारी के दौरान बार के मालिक और उसके आठ कर्मचारियों ने पुलिसकर्मियों पर रॉड, लाठी और पाइप से हमला कर दिया, जिससे आठ पुलिसकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को इसकी जानकारी दी है। घटना के बाद पुलिस ने बार मालिक समेत 10 लोगों को धारा 186 (जो कोई भी किसी लोक सेवक को उसके सार्वजनिक कार्यो के निर्वहन में स्वेच्छा से बाधा डालता है), 353 (लोक सेवक को अपने कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल), 332 (स्वेच्छा से लोक सेवक को उसके कर्तव्य से रोकने के लिए चोट पहुँचाना) और




भारतीय दंड संहिता के 34 (सामान्य इरादे) के तहत गिरफ्तार किया है। घटना दक्षिण दिल्ली के हौज खास विलेज स्थित डाउनटाउन क्लब में 20-21 जुलाई की दरमियानी रात को हुई। प्राथमिकी के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस के विशेष स्टाफ को हौज खास विलेज क्षेत्र में तेज संगीत के साथ चलाए जा रहे अवैध डिस्कोथेक और तंबाकू हुक्का बार के बारे में जानकारी मिली थी। दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस के विशेष स्टाफ के एक सब-इंस्पेक्टर द्वारा दर्ज प्राथमिकी में कहा गया, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सूचना साझा की गई, जिन्होंने एक टीम गठित कर बार में छापेमारी करने का निर्देश दिया। इसके बाद, पुलिस ने हौज खास की एक इमारत पर छापा मारा, जहां तीन मंजिलों पर तीन बार चल रहे थे। शिकायत में कहा गया, जब हमने बार में प्रवेश किया, तो 20-30 लोग शराब का सेवन कर रहे थे और तंबाकू का हुक्का पी रहे थे और तेज म्यूजिक पर नाच रहे थे। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने प्रतिष्ठान के मालिक से अपना परिचय दिया और संबंधित लाइसेंस मांगे। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति ने लाइसेंस दिखाने के बजाय पुलिस पर चिल्लाना शुरू कर दिया और उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया। जैसे ही पुलिसकर्मियों ने मालिक को और समझाने की कोशिश की, उसने और उसके नौ कर्मचारियों ने उन्हें बार से बाहर धकेलना शुरू कर दिया। प्राथमिकी में कहा गया, जब पुलिस टीम ने फिर उन्हें मनाने की कोशिश की तो नौ लोगों ने हम पर हाथ उठा दिया, मेज, कुर्सियां और बोतलें फेंकी और उनमें से कुछ ने रॉड, डंडे और स्टील पाइप से हमला कर दिया। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बाद में सभी अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, जिस स्थान पर हमला हुआ था।

# कार से पानी के छींटे पड़ने पर शख्स ने दिल्ली पुलिस को फोन किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में 39 साल के एक व्यक्ति ने उस कार ड्राइवर को सबक सिखाने का फैसला किया जिसकी गाड़ी से बारिश के पानी के छींटे उसके शरीर पर पड़े थे। शख्स ने पुलिस को फोन लगाया लेकिन कार ड्राइवर पर किसी अन्य अपराध का आरोप मढ़ दिया। एक अधिकारी ने सोमवार को ये जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) समीर शर्मा ने कहा कि मुंडका पुलिस स्टेशन में 22 जुलाई को एक पीसीआर कॉल आई जिसमें फोन करने वाले ने कहा कि कोई व्यक्ति उस पर बंदूक तान कर भाग गया है। पुलिस तुरंत हरकत में आई और मौके पर पहुंची लेकिन फोन करने वाला शख्स वहां नहीं मिला और यहां तक कि उसका मोबाइल फोन भी बंद था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एक जांच दल का गठन कर दिया। 23 जुलाई को, कथित कॉलर की पहचान की गई और संपर्क किया गया और बाद में पूछताछ के दौरान, उसने खुलासा किया कि एक दिन पहले जब वह अपने दफ्तर से मुंडका रेड लाइट होते हुए गांव कराला अपने मोटरसाइकिल पर जा रहा था, एक कार पीछे से आई और उस पर पानी के छींटे मार कर चली गई। डीसीपी ने कहा, इससे उसके कपड़े खराब हो गए। वह गुस्से में आ गया और एक्सेंट कार मालिक को सबक सिखाने के लिए उसने बंदूक दिखाने के संबंध में एक पीसीआर कॉल की और उसके बाद उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया।

## कांवड़ शिविर में पहुंचे डॉ. राम गोपाल नाईक

नई दिल्ली। श्री गौरीशंकर काँवड़ सेवा समिति (दिल्ली सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त) के शिविर में पहुँचे यातायात पुलिस उपायुक्त (ईस्टर्न रेंज) डॉ. राम गोपाल नाईक ने काँवड़ शिविर में पहुँचकर वहाँ पर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया इस अवसर पर समिति के संस्थापक/संरक्षक दीपक शर्मा ने उनको शॉल पहनाकर बाबा भोलेनाथ की तस्वीर भेंट की इस अवसर पर समिति के प्रधान गौरव शर्मा, अतुल डावर, गौरव सोनी, प्रांजल शर्मा, सत्यम सेठी, खेम चंद व समस्त कार्यकताओं व दीपक शर्मा ने यातायात उपायुक्त डॉ. राम गोपाल नाईक जी का काँवड़ शिविर में पहुँचने पर आभार प्रकट किया। पूर्व विधायक पद्मश्री जितेन्द्र सिंह शंटि भी अपनी टीम के साथ भोले नाथ का आशीर्वाद लेने शिविर में पहुंचे, रोहताश नगर ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश पांचाल, प्रदीप शर्मा तथा चेतन निमेश भी भोले नाथ की शरण में पहुंचे।

**जानकारी** स्वास्थ्य इमरजेंसी घोषित करने का फायदा यह है कि मंकीपाक्स के मामलों की निगरानी बढ़ जाएगी

# मंकीपाक्स से बचाव में 80 प्रतिशत कारगर है चेचक का टीका

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

कोरोना महामारी अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। टीकाकरण के बाद बड़ी मुश्किल से लोगों को इससे राहत मिली है। फिर भी दिल्ली में अभी हर रोज कोरोना के सैकड़ों मामले देखे जा रहे हैं। मंकीपाक्स की बीमारी, उससे बचाव के तरीके व इलाज की सुविधाओं पर दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के कम्युनिटी मेडिसिन के प्रोफेसर व महामारी विशेषज्ञ डा. संजय राय से रणविजय सिंह ने विस्तृत बातचीत की। पेश हैं प्रमुख अंश विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा मंकीपाक्स को स्वास्थ्य इमरजेंसी घोषित करने के बाद इसका पहला मामला दिल्ली में भी सामने आया है, यह कितना चिंताजनक है? स्वास्थ्य इमरजेंसी घोषित करने का फायदा यह है कि मंकीपाक्स के मामलों की निगरानी बढ़ जाएगी। एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलने वाली बीमारी की निगरानी बहुत जरूरी है। हालांकि, मंकीपाक्स से बहुत बड़ा खतरा नहीं है, क्योंकि यह कोई नई बीमारी नहीं, बल्कि 50



साल पुरानी है, जो जानवरों से इंसान में पहुंची। बंदर, गिलहरी के अलावा कई जानवर इसके संवाहक होते हैं। पहली बार वर्ष 1970 में अफ्रीकी देश कांगो में यह बीमारी इंसान में पाई गई थी। इसके बाद से कई बार इस बीमारी का प्रकोप मध्य व पश्चिमी अफ्रीकी देशों में हो चुका है। अमेरिका में करीब 20 साल पहले पहले बड़े स्तर पर इसका संक्रमण हुआ था। इसके अलावा भी कई देशों में इस बीमारी का प्रकोप हो चुका है। यह डीएनए वायरस है। इसलिए इसका कोरोना की तरह बार-बार म्युटेशन नहीं होता। कोरोना की तरह फैलाव की आशंका बहुत कम है और रोकथाम करना आसान है। मंकीपाक्स क्या अधिक खतरनाक बीमारी है? चेचक अधिक जानलेवा बीमारी थी। इसमें मृत्यु दर 30 प्रतिशत थी। मंकीपाक्स में मृत्यु दर शून्य से 10 प्रतिशत तक है। अभी दुनिया भर में मंकीपाक्स की जो बीमारी फैली है, उसमें मृत्यु दर करीब दो से तीन प्रतिशत ही है। यह मौतें भी मंकीपाक्स के कारण नहीं, बल्कि दूसरे संक्रमण (किसी बैक्टीरिया या अन्य पैथोजन) के कारण हुई हैं, क्योंकि मंकीपाक्स में शरीर व रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने से निमोनिया या कई अन्य संक्रमण होने की आशंका रहती है। चेचक की तुलना में मंकीपाक्स की बीमारी कम संक्रामक है। मरीज को कमजोरी अधिक महसूस होती है, लेकिन यह स्वतः ठीक होने वाली बीमारी है। इसलिए ज्यादातर मरीज बगैर इलाज के भी ठीक हो जाते हैं। एंटीबायोटिक दवाओं के इस्तेमाल व बेहतर इलाज से मौतें कम की जा सकती हैं।

किस उम्र के लोगों को यह बीमारी होने का खतरा अधिक है और इलाज का क्या विकल्प है? इसके इलाज के लिए कोई बहुत असरदार एंटीवायरल दवा नहीं है। एक एंटीवायरल दवा है, जो चेचक के इलाज के लिए भी दी जाती थी। यूरोपियन यूनियन ने मंकीपाक्स के इलाज के लिए भी उसे स्वीकृत किया है, लेकिन यह कितना असरदार है इसका ज्यादा साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। मंकीपाक्स जैसे लक्षण होने पर डाक्टर से तुरंत मिलना चाहिए। लक्षण के आधार पर इलाज संभव है। विदेश में टीका भी करीब चार साल पहले बन चुका है। यह टीका कितना असरदार है, अभी यह स्पष्ट नहीं है, लेकिन चेचक का टीका इस बीमारी से बचाव में भी 80 प्रतिशत कारगर है। चेचक को खत्म करने के लिए 1970 के दशक तक यह टीका लगाया जाता था। इसलिए करीब 45 साल से अधिक उम्र के ज्यादातर लोगों को चेचक का टीका लगा हुआ है। लिहाजा 45 साल से अधिक उम्र के ज्यादातर लोग मंकीपाक्स से काफी हद तक सुरक्षित हैं। इससे कम उम्र के लोगों के इससे संक्रमण होने की आशंका ज्यादा है। फिर भी राहत की बात यह है कि यह अधिक संक्रामक और अधिक जानलेवा नहीं है।

बचाव के लिए लोगों को क्या करना चाहिए? जागरूकता जरूरी है। यह बीमारी नजदीकी संपर्क में आने से अधिक फैलती है। इसलिए मंकीपाक्स के लक्षण वाले लोगों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। मरीज के ड्रापलेट, उसके संपर्क में आए किसी वस्तु से भी संक्रमण हो सकता है। इसलिए परिवार के अन्य सदस्यों व मरीज को अगल-अलग रहना चाहिए। जिस तरह से चिकेनपाक्स से बचाव के लिए साफ-सफाई रखी जाती है।

# केजरीवाल: पिछली सरकारें कहती थी सरकार घाटे में हैं, अब कहां गया घाटा?

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि दिल्ली के बाद हमारी सरकार ने पंजाब में भी अपने वायदे को पूरा किया है। अपने इंटरनेट मीडिया एकाउंट पर ट्वीट करते हुए उन्होंने लिखा है कि हमें पंजाब में तीन महीने भी नहीं हुए और मान साहब ने पंजाब में मुफ्त बिजली की घोषणा कर दी। पिछली सरकारें कहती थी कि सरकार घाटे है, अब कहां गया घाटा? अब पंजाब सरकार मोहल्ला क्लीनिक बना रही है और गणतंत्र दिवस तक 75 मोहल्ला क्लीनिक बन जाएंगे। इससे पहले मोहल्ला क्लीनिक दिल्ली में एक उदाहरण के तौर पर सभी के सामने आ चुका है। कोरोना संक्रमण के समय में यहां पर काफी संख्या में लोगों ने आकर अपना इलाज करवाया। पिछली सरकारें कहती थीं पंजाब घाटे में चल रहा है और हमने आते ही बिजली कर दी, 75 भी बना लिए। ये में भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि मैं आज



केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि कृपया आपन- में जो वृद्धि की है उसे वापस ले लिजिए। अगर आप दिल्ली की तरह भ्रष्टाचार और फिजूलखर्ची खत्म कर देंगे तो देश में बढ़ाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। दिल्ली में सत्ता संभालने के बाद आम आदमी पार्टी ने पंजाब में चुनाव जीता, उसके बाद मध्य प्रदेश में मेयर के पद पर जीत हासिल की। अब गुजरात में भी चुनाव होना है। वहां के लिए सीएम अरविंद केजरीवाल की टीम तैयारी कर रही है। आम आदमी पार्टी देश के उन राज्यों में चुनावों में हिस्सा ले रही जहां-जहां चुनाव हो रहा है। इन चुनावों में वो किसी न किसी तरह से अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### हेल्थ एंड हाईजीन विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



गुरुग्राम। खांडसा रोड स्थित डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सिविल अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा हेल्थ एंड हाईजीन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष अदलखा ने बताया कि 2 सत्रों में आयोजित सेमीनार में 312 छात्रों ने भाग लिया। अस्पताल के चिकित्सक डा. सोनिया, प्रीति, काउंलर संदीप ने छात्रों को हेल्थ एंड हाईजीन विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि वे किस प्रकार का भोजन ग्रहण कर अपने स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं। गंभीर व संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए भी परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य की देखभाल करने के निर्देश दिए गए। प्रबंधक दलवीर सिंह ने भी बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया। आयोजन को सफल बनाने में आशा तंवर, ज्योति गिल, जयभगवान, शोभा, दीप्ति आदि का सहयोग रहा।

# गुरूग्राम में शुरू हुआ स्मार्ट ई-बीट सिस्टम, मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



**पहल**

- ई-बीट सिस्टम से जुड़े 119 राइडर्स को झंडी दिखाकर किया रवाना, 2056 लोकेशन पर राइडर्स रखेंगे निगरानी

हरियाणा सरकार की ई-पहलों में एक और पहल जोड़ते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को गुरूग्राम के पुलिस आयुक्त कार्यालय में स्मार्ट ई-बीट सिस्टम का शुभारंभ किया और इस सिस्टम से जुड़े पुलिस के 119 मोटरसाईकिल राइडर्स को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम में स्मार्ट पुलिसिंग इनीशिएटिव के तहत ई-बीट सिस्टम की शुरूआत की गई है जिससे बीट सिस्टम भी डिजिटाईज्ड हो गया है।

उन्होंने बताया कि यह एक ऐप आधारित सिस्टम है और बीट पर तैनात मोटरसाईकिल राइडर पुलिसकर्मी की हाजिरी भी इस ऐप पर लगेगी और उनकी मॉनीटरिंग भी आसानी से की जा सकेगी। अब तक बीट पर लगाए गए पुलिसकर्मी मैनुअल तरीके से अपनी हाजिरी लगाते थे और उनकी मॉनीटरिंग नही हो पाती थी। यह एक जीआईएस आधारित सिस्टम है जिसके शुरू होने से इनकी मॉनीटरिंग ज्यादा प्रभावी तरीके से हो पाएगी। उसके बाद उनकी लोकेशन की मॉनीटरिंग आसानी से की जा सकेगी।

उन्होंने बताया कि यह नई प्रणाली गुरूग्राम के शहरी क्षेत्र में स्थित सभी 33 पुलिस थाना क्षेत्रों को कवर करेगी। इनमें 119 मोटरसाईकिल राइडर तैनात होंगे और प्रत्येक मोटरसाईकिल राइडर पर दो पुलिसकर्मी होंगे। इस लिहाज से दिन में तीन शिफटों में 714 पुलिसकर्मी राइडर पर ड्यूटी देंगे। उन्होंने बताया कि गुरूग्राम पुलिस ने शहर में 2056 संवदेनशील लोकेशन अथवा बिंदुओ की पहचान की है जिनमें मुख्य रूप से एटीएम , पैट्रोल पंप, वरिष्ठ नागरिक के निवास स्थान,स्कूल , कॉलेज, धार्मिक स्थल, अपराध प्रभावित क्षेत्र आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस सिस्टम को भविष्य में एमरजेंसी रिस्पांस स्पोर्ट सिस्टम से जोड़ा जाएगा ताकि फोन नंबर-112 पर मिलने वाली कॉल पर ईआरवी के अलावा ये राइडर भी मदद के लिए पहुंच सके क्योंकि कई बार गाडियों की तुलना में मोटरसाईकिल जल्दी पहुंच पाती है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर स्मार्ट ई-बीट सिस्टम की विवरिणका भी जारी की।

इससे पहले ई-बीट सिस्टम पर प्रैजेंटेशन देते हुए गुरूग्राम की पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन ने बताया कि पहले इसे पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर ईस्ट गुरूग्राम तथा मानेसर क्षेत्र में लागू किया गया है। इस अवसर पर अनिल राव, मीडिया एडवाइजर अमित आर्य, संजय सिंह, सत्यप्रकाश जरावता, मंडलायुक्त राजीव रंजन, पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन, उपायुक्त निशांत कुमार यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### सस्ता इलाज दिलाने को बनवाए अफ्रीकियों के फर्जी आधार कार्ड

**फरीदाबाद।** आठ अफ्रीकी नागरिकों के फर्जी आधार कार्ड बनवाने वाली नाइजीरियाई युवती को क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 ने गिरफ्तार कर लिया है। लोरियन नाम की यह युवती जेपी ग्रीन सोसायटी नोएडा में अपने परिवार के साथ रहती है। उसके पिता साकेत दिल्ली स्थित एक चर्च में पादरी हैं। लोरियन खुद नोएडा में एलएलएम की पढ़ाई कर रही है। उसके परिवार का वीजा 2025 तक है। लोरियन का परिवार लंबे समय से भारत में रह रहा है। इसलिए उसे अच्छी तरह हिंदी भी बोलनी आती है। इलाज के लिए आने वाले अफ्रीकी नागरिकों के लिए वह अपोलो अस्पताल दिल्ली में लाइजनिग भी करती है। उसके अफ्रीकी मूल के होने के कारण वहां के नागरिक उस पर आसानी से भरोसा कर लेते थे। लोरियन ने क्राइम ब्रांच को बताया है कि विदेशी नागरिकों से इलाज के लिए अधिक दर पर भुगतान लिया जाता है, वहीं अगर इलाज के दौरान आधार कार्ड दे दिया जाए तो इलाज भारतीय दरों पर हो जाता है। लोरियन अफ्रीकी नागरिकों को राजी कर लेती थी कि वह उनका सस्ती दरों पर इलाज कराएगी। लोरियन ने ग्रेटर फरीदाबाद बिहारी मार्केट में आधार कार्ड बनाने वाले राहुल से संपर्क साधा। राहुल को उसने अपना नाम क्रिस्टी बताया था। राहुल अफ्रीकी नागरिकों के आधार कार्ड बनाने के लिए राजी हो गया।

# कसान किसानों की 1810 एकड़ जमीन अधिग्रहण मुक्त हों : आप




गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

मानेसर के तीन गांव कासन, सहरावण एवं कुकडोला गांव की 1810 एकड़ जमीन को अधिग्रहण से मुक्त करने के लिये पिछले काफी समय से किसान वह 20 गांव की संयुक्त किसान पंचायत एचएसआईडीसी मानेसर के सामने धरना लगाया हुआ है किसानो व ग्रामीणों की मांग 1810 एकड़ जमीन जो सरकार ने अधिग्रहण करने के लिए नोटिस दिए उसे रद्द किया जाए।

किसान मजदूर संयुक्त कमेटी अपनी मांग को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री व सभी नेताओं के दरवाजे खटखटा चुकी है परंतु अभी तक कोई भी ठोस आश्वासन किसानों को नहीं मिल पाया है किसान किसी भी कीमत पर अपनी जमीन नहीं देना चाहता किसान साथी बताते हैं कि हमारी 80% जमीन सरकार पहले ही ले चुकी है अब 20% जमीन हमारी बच्ची है जो हम अपने बच्चों के भविष्य के लिए रखना चाहते हैं आप आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष मुकेश डागर कोच व गुरुग्राम इकाई दुवारा समर्थन दिया गया।

इस अवसर पर समर्थन देते हुये जिला अध्यक्ष मुकेश डागर ने कहा की आम आदमी पार्टी किसान मजदूर की इस लडाई मे पूर्ण रुप से साथ है। प्रदेश सरकार और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और प्रदेश सरकार को अविलंब किए बिना किसानों की मांग पर निर्णय लेते हुये क्षेत्र की 1810 एकड़ को अधिग्रहण से मुक्त करना चाहिए। इस अवसर पर जमीन बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष रोहताश डागर, पूर्व प्रत्याशी विधानसभा सुखबीर तंवर, पूर्व चेयरमैन लखपत कटारिया, पवन चौधरी सहित बडी संख्या मे पीडित किसान और ग्रामीण उपस्थित रहें।

# राष्ट्रीय परशुराम परिषद की गुरुग्राम इकाई ने किया कार्यकारिणी गठन

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



सामाजिक संस्था राष्ट्रीय परशुराम परिषद की गुरुग्राम इकाई द्वारा सिविल लाइंस स्थित जॉन हॉल परिसर में कार्यकारिणी गठन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख अतिथि के रुप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य मुकेश शर्मा पहलवान, विशिष्ठ अतिथि के रुप में राष्ट्रीय परशुराम परिषद के ट्रस्टी विनोद शर्मा, राष्ट्रीय सचिव नरोत्तम वत्स व परशुराम वाहिनी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मीनू शर्मा शामिल हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कौशिक एडवोकेट ने की। जिला कार्यकारिणी के तीनों शाखाओं का विधिवत रूप से गठन किया गया, जिसमें मुख्य शाखा के अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा, महासचिव उमेश शर्मा एवं अन्य पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति की गई। महिला विंग परशुराम वाहिनी की अध्यक्षा के रूप में शारदा शर्मा एवं महासचिव सुरुचि शर्मा व अन्य पद पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति की गई। युवा विंग परशुराम स्वाभिमान सेना के अध्यक्ष के रूप में एडवोकेट दिव्यांश शर्मा एवं महासचिव के रूप में मनोज कौशिक व अन्य पद पदाधिकारी

एवं कार्यकारिणी के सदस्यों की नियुक्ति की गई। 9 प्रकोष्ठो शिक्षा सेवा प्रकोष्ठ, रोजगार सेवा प्रकोष्ठ ,प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार प्रकोष्ठ, संस्कार प्रकोष्ठ, स्वास्थ्य सेवा प्रकोष्ठ, वैवाहिक प्रकोष्ठ, पुरोहित प्रकोष्ठ, खेलकूद प्रकोष्ठ, सैनिक प्रकोष्ठ, विधि प्रकोष्ठ एवं उधमी प्रकोष्ठ का भी गठन किया। श्रीपाल शर्मा का कहना है कि संस्था का उद्देश्य है कि संस्था सामाजिक उत्थान व जरुरतमंद लोगों के हितों की रक्षा के लिए काम करेगी।

सर्व समाज की सामाजिक संस्थाओं, विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों, परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों व खेलकूद आदि के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले बच्चों एव प्रबुद्ध जनों को सम्मानित किया गया। 3 जरूरतमंद विद्यार्थियों को उनकी मांग पर बुक्स एवं स्टेशनरी व अन्य सामान देकर सहायता भी की गई। कार्यक्रम में भगवान परशुराम जी के ऊपर लिखी गई पुस्तक का भी लोकार्पण किया ।

### दूसरे सोमवार पर मंदिरों में रही श्रद्धालुओं की भीड़

**गुरुग्राम।** सावन के दूसरे सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों स्थित मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर अभिषेक किया। शहर के भीम नगर स्थित पंडित उदयभान देवी मंदिर, मदनपुरी स्थित बाबा अमरनाथ मंदिर, न्यू कालोनी स्थित गीता भवन, प्रताप नगर स्थित श्रीराम मंदिर, मदनपुरी स्थित हनुमान मंदिर, सिद्धेश्वर, घंटेश्वर, प्रकाशपुरी, ज्योति पार्क स्थित हनुमान मंदिर, भूतेश्वर मंदिर, श्रीबांकेबिहारी मंदिर, गुफावाला मंदिर, सैक्टर 4 का श्रीकृष्ण मंदिर आदि में प्रातः से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की बेलपत्र, दूध, दही, शहद, घी आदि से जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। पंडित शंकर शास्त्री ने बताया कि श्रावण मास में सोमवार का व्रत रखने से व्रतियों के सभी मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं। भगवान शिव की आराधना करने पर कभी भी पराजय नहीं होती। आज मंगलवार को शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। कावडियों द्वारा गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक किया जाएगा।

# प्रतिभाशाली व आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को बाँटे लैपटॉप




गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

- 15 सरकारी स्कूलों के मेधावी छात्रों को प्राप्त हुए लैपटॉप

युवा छात्रों के तकनीकी कौशल को मजबूती प्रदान करने के लिए, ग्लोबल हॉस्पिटेलिटी टेक्नोलॉजी कंपनी ओयो ने गुड़गांव में मेधावी छात्रों को लैपटॉप वितरित किए हैं। इस मौके पर 70 से अधिक छात्रों को लेटेस्ट ई-लर्निंग सॉफ्टवेयर से लैस लैपटॉप दिए गए हैं। इन छात्रों को सीनियर सेकेंडरी स्तर पर उनके शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर गुड़गांव के 15 सरकारी स्कूलों से चयनित किया गया है ।लैपटॉप वितरण समारोह गुड़गांव के जैकबपुरा के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हुआ। यह पहल वंचित छात्रों के लिए एक आसान और समावेशी शैक्षिक व्यवस्था बनाने के कंपनी के प्रयासों का एक हिस्सा है। कंपनी के इस प्रयास का उद्देश्य स्कूली शिक्षा प्रणाली को डिजिटाइज करना और शिक्षण एवं सीखने के लिए इसे और अधिक बेहतर बनाना है। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, ओयो के जनरल काउंसल, राकेश प्रस्ती ने कहा, ह्नहमारा दृढ़ विश्वास है कि सभी बच्चों को सीखने के समान अवसर होने चाहिए। इसलिए, हम वंचित छात्रों को सही तकनीकी उपकरण प्रदान कर रहे हैं, जिससे कंप्यूटिंग डिवाइस और तकनीक तक उनकी पहुंच को बढ़ाने में मदद मिल सके। हमें यकीन है कि इससे उन्हें प्रतिस्पर्धी दुनिया में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए तकनीकी कौशल हासिल करने में मदद मिलेगी।

### मंथन जनसेवा समिति ने किया पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**गुरुग्राम।** पर्यावरण बचाओ सब एक पौधा लगाओ मुहिम के तहत मंथन जनसेवा समिति द्वारा सोमवार को सैक्टर 18 में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में नगर निगम की मेयर मधु आजाद व विशिष्ट अतिथि के रुप में संस्था के प्रदेशाध्यक्ष आरपीएस चौहान शामिल हुए। कार्यक्रम के संयोजक जगमोहन चौहान ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती आ रही है। अतिथियों ने कहा कि पर्यावरण के संतुलित बनाने के लिए पौधारोपण आवश्यक है। हर किसी को अपने जन्मदिन, सालगिरह या अन्य सुअवसरों पर पौधारोपण करना चाहिए तथा अन्य लोगों को प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संस्था ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पौधारोपण कर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी ली हुई है। इस अवसर पर सुमित चौहान, दलबीर सिंह, प्रदीप चौहान, मंजू चौहान, राखी देवी, सुनीता देवी आदि मौजूद रहे।

### अलग-अलग मामलों में 2 आरोपी गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** विभिन्न मामलों में गुरुग्राम पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने बताया कि अपराध शाखा डीएलएफ फेस 4 ने नाथुपुर क्षेत्र से अवैध शराब सहित एक युवक धर्मेंद्र को काबू किया गया, जिसके कब्जे से 10 पेटी देशी, एक पेटी अंग्रेजी व 2 पेटी बियर सहित कुल 13 पेटी अवैध शराब बरामद की गई हैं। आरोपी के खिलाफ डीएलएफ फेस 3 में मामला दर्ज किया गया है। वहीं दूसरी ओर 22 जुलाई को पुलिस थाना सैक्टर 50 में विक्रम सिंह द्वारा सैक्टर 50 क्षेत्र से मोटरसाईकिल चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही करते हुए आरोपी गौरव को 200 फुटा रोड नजदीक शमशान घाट के निकट से काबू किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने मोटरसाईकिल बरामद की है।

# गीता भवन श्रीसनातन धर्मसभा के प्रधान बने सुरेंद्र खुल्लर



गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

न्यू कालोनी स्थित गीता भवन के प्रांगण में श्रीसनातन धर्मसभा गीता भवन रजिस्टर्ड एवं एसडी मॉडल स्कूल के वार्षिक चुनाव रिटर्निंग अधिकारी महादेव शर्मा तथा सत्यवीर यादव की देखरेख में संपन्न हुए। जारी एक बयान में संस्था के प्रवक्ता ने बताया कि गीता भवन के चुनाव के पश्चात सुरेंद्र खुल्लर को दूसरी बार प्रधान पद पर चुना गया। वरिष्ठ उप प्रधान के पद पर कुलभूषण विरमानी, सचिव उदयभान ग्रोवर, कैशियर श्याम गुप्ता,प्रचार सचिव प्रवीण डूडेजा चुने गए। उन्होंने बताया कि गीता भवन परिसर में स्थित एसडी मॉडल स्कूल के चुनाव परिणाम में प्रधान पद के पद पर उदयभान ग्रोवर, मैनेजर के पद पर मुनीष खुल्लर, कैशियर जयदेव गुप्ता विजयी हुए। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद दोनों संस्थाओं के कार्यकताओं, सदस्यों व गणमान्य लोगों ने निर्वाचित पदाधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर देवराज आहूजा, बालकृष्ण खत्री, कंवरभान वधवा, अशोक गेरा, रामलाल ग्रोवर, जितेश मोदी, मुनीष खुल्लर, राजेश अरोड़ा, एचएल मिगलानी, ओपी बंधू, जेएस गोसाईं, चंद्रभान नागपाल, केसरदास ग्रोवर आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत छात्रों ने नगराधीश को सौंपा राष्ट्रीय ध्वज

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



- 13,14 व 15 अगस्त को तिरंगामय होगा पूरा गुरुग्राम जिला: दर्शन

गुरुग्राम, सरकार के हर घर तिरंगा अभियान को लेकर सोमवार को जे जे स्कूल ऑफ एजुकेशन फर्रूखनगर के छात्रों ने प्रधानाचार्या मिनाक्षी के नेतृत्व में नगराधीश दर्शन यादव को राष्ट्रीय ध्वज सहसम्मान सौंप कर अभियान का शुभारम्भ किया क इस मौके पर दर्शन यादव ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव की शृंखला में हर घर तिरंगा अभियान के प्रति आमजन में उत्साह का माहौल है।

वहीं गुरुग्राम जिला भी इस राष्ट्रव्यापी महाअभियान में आहुति डालने के लिए उत्साहित है। गुरुग्राम जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आगामी 13, 14 व 15 अगस्त को तीन दिन पूरा जिला तिरंगामय होगा। कार्यक्रम को लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक उत्साहित हैं। इस दौरान उन्होंने जिलावासियों से आह्वान करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है और इस उपलक्ष में 13 से 15 अगस्त तक आयोजित किए जा रहे हर घर तिरंगा महोत्सव को सभी क्षेत्रवासी पूरे उत्साह और सम्मान के साथ उत्सव की तरह मनाएं। यादव ने कहा कि जे जे स्कूल ऑफ एजुकेशन के छात्रों ने इस मुहिम का शुभारम्भ करके अच्छी पहल की है कसभी छात्र व स्कूल स्टाफ सदस्य बधाई के पात्र है।

सभी क्षेत्रवासी इस अभियान का हिस्सा बनें और अपने-अपने घर पर तिरंगा फहरा कर उसकी फोटो और हर घर तिरंगा तथा आजादी के अमृत महोत्सव से संबंधित सोशल मीडिया हैंडल पर टैग करें। यह अभियान देश की आजादी के मतवालों के लिए सभी भारतीयों की ओर से सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर पूर्व पार्षद नीरू शर्मा, योगेश सैनी, पीटीआई हरिसिंह आदि भी मौजूद रहे।

# स्वराज से स्वरावलि विषय पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में रविवार देर सांय जिला प्रशासन और नगर निगम के सहयोग से कलाग्राम तथा नृत्यदीक्षा द्वारा स्वराज से स्वरावलि विषय पर सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भरतनाट्यम नृत्यांगना प्रिया वेंकटरमन द्वारा संचालित और कोरियोग्राफेड इस कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त कलारामचंद्रन और इंडियन काउंसिल ऑफ कल्चरल रिलेशन के डायरेक्टर जनरल कुमार तुहिन तथा प्रख्यात नृत्य विश्लेषक व लेखक लीला वेंकटरमन अतिथि के रुप में शामिल हुई। कलाकारों द्वारा दर्शाई गई देश के गौरवाशाली इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं जैसे दांडी मार्च या चरखा जैसे अविस्मरणीय दृश्यो ने उपस्थित दर्शकों को भाव विभोर कर दिया।

आजादी के 75 वें वर्ष के उपलक्ष में यह एक अद्भुत प्रस्तुति थी जिसे देश के वीर जवानों व शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि कहा जा सकता है। प्रिया गुरुग्राम में पिछले 20 वर्षों से भरतनाट्यम का प्रशिक्षण तथा उसके सरल रूप को जन -जन तक पहुंचाने का काम अपनी संस्था ह्ननृत्यदीक्षाह्न के माध्यम से कर रही हैं।

# सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत आयोजित किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



- अभियान के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले खतरों के बारे में जानकारी दी जा रही है

सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के बारे में सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना में आमजन को जागरूक करने के लिए नगर निगम गुरूग्राम द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के तहत विभिन्न स्कूलों, आरडब्ल्यूए व मार्केट क्षेत्रों में नगर वासियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

नगर निगम गुरूग्राम की पर्यावरण एवं स्थिरता विंग के नोडल अधिकारी सुभाष यादव ने बताया कि आमजन को सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के बारे में जानकारी देने हेतु नगर निगम गुरूग्राम द्वारा 14 जुलाई से एक माह का विशेष जागरूकता कार्यक्रम सैक्टर-4 स्थित स्कूल से शुरू किया गया था। गुरूग्राम की मेयर मधु आजाद द्वारा शुभारंभ किए गए इस कार्यक्रम के तहत अब तक सैक्टर-4 मार्केट, सैक्टर-46 मार्केट, सैक्टर-10, आर्केडिया मार्केट साऊथ सिटी-2, जैकबपुरा, सैक्टर-23 मार्केट, आरडब्ल्यूए साई कुंज, व्यापार केन्द्र, गुडगांव गांव आदि में कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले खतरों के बारे में जानकारी दी जा रही है तथा पौधारोपण के तहत पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जा रहा है।

रविनगर में भाजपा पर्यावरण संरक्षण विभाग के प्रमुख नवीन गोयल, सामाजिक कार्यकर्ता हेमन्त बहुखंडी आदि ने पौधारोपण किया तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करने का संदेश दिया। इन विशेष कार्यक्रमों में नगर निगम गुरूग्राम के वरिष्ठ अधिकारीगण व निगम पार्षद भी बढ़-चढकर भाग ले रहे हैं। इनमें विशेष रूप से डिप्टी मेयर सुनीता यादव, निगम पार्षद सीमा पाहुजा, मधु बत्रा, बह्म यादव, रविन्द्र यादव, दिनेश सैनी व शकुंतला यादव, भाजपा नेता राकेश यादव आदि ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रमों का सफल आयोजन प्रोग्राम कोर्डिनेटर कुलदीप सिंह द्वारा किया जा रहा है।

### फांसी लगाने से विवाहिता की मौत

**फरीदाबाद।** संजय कालोनी में फांसी लगाने से विवाहिता की मौत हो गई। उसके मायके वाले मथुरा में पोस्टमार्टम कराने की मांग को लेकर अड़ गए। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद उन्हें समझाया, तब वे जिला नागरिक बादशाह खान अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के लिए राजी हुए। यूपी मथुरा के गांव खोह के रहने वाले हरिशंकर ने पुलिस को बताया कि करीब तीन साल पहले बेटी अंजली की शादी संजय कालोनी में सतेंद्र के साथ की थी। उनका एक बेटा भी है। पिछले तीन दिन से ससुराल वाले अंजली को परेशान कर रहे थे। उसके साथ मारपीट भी की थी। सोमवार सुबह करीब नौ बजे स्वजन की अंजली से बात भी हुई थी। इसके बाद करीब 11 बजे सास ने फोन करके उसके फांसी लगाने की सूचना दी। परिवार वाले मथुरा से फरीदाबाद पहुंचे। उन्हें अंजली का शव बादशाह खान अस्पताल में मिला। वे बगैर पोस्टमार्टम कराए शव ले जाने लगे। तब तक पुलिस मौके पर पहुंच गई और उन्हें रोका। इसके बाद वे पोस्टमार्टम मथुरा में कराने की मांग को लेकर अड़ गए। हंगामा करने लगे।

# एटीएम कार्ड बदलकर खाते से नगदी निकालने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



- आरोपियों के कब्जे से 17500 रूपए तथा दो मोटरसाइकिलें बरामद

एटीएम कार्ड बदलकर व्यक्ति के खाते से धोखाधड़ी से पैसे निकालने वाले तीन आरोपियों को अपराध शाखा सेक्टर-56 पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 17500 रूपए तथा दो मोटरसाइकिलें बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ कई थानों में एटीएम बदलकर नगदी निकालने के मामले में मुकदमें दर्ज है।

सीआईए सेक्टर-56 प्रभारी राकेश ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में टेकचंद उर्फ कल्लू,रोहित और लाजपत का नाम शामिल हैं। तीनों आरोपी पलवल के गांव सदरपुर के रहने वाले हैं। आरोपी ने पुलिस थाना मुजेसर एरिया में एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से 75000 निकाल लिए और 25000 की शॉपिंग की थी। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि वह एटीएम से पैसे निकालने गया था। जब वह रूपए निकालकर जाने लगा तो आरोपी मोटरसाइकिल से उतरकर एटीएम में आया। उसने कहा कि आपकी ट्रांजेक्शन अभी पूरी नहीं हुई है। मदद करने के नाम पर ट्रांजेक्शन पूरी करने के लिए उसने व्यक्ति का एटीएम कार्ड लेकर एटीएम मशीन में डाल दिया और उसका पिन पूछ लिया। कार्ड वापिस निकालते समय धोखे से व्यक्ति का एटीएम रख लिया और व्यक्ति को दूसरा से एटीएम दे दिया। आरोपी इसके पश्चात व्यक्ति का एटीएम लेकर मुजेसर एरिया में आया और वहां से किसी एटीएम से व्यक्ति के एटीएम से 75000 रुपये निकाल लिए और 25000 रुपये की शॉपिंग कर ली। व्यक्ति की शिकायत पर थाना मुजेसर में धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस जांच में एटीएम के आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई तो आरोपी जिस मोटरसाइकिल से आया था उसके बारे में पुलिस को जानकारी मिली जिसके पश्चात आरोपी की धरपकड़ के लिए पुलिस ने आरोपी के ठिकाने पर दो-तीन बार रेड की परंतु आरोपी जब वहां पर नहीं मिला तो उसे नोटिस दिया गया। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी टेकचंद और रोहित को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर समयपुर चुंगी से गिरफ्तार किया है।

सम्पादकीय

# शपथ, विदाई का दस्तूर

एक महामहिम राष्ट्रपति आ रही हैं, तो मौजूदा राष्ट्रपति की सम्मान और गरिमा के साथ विदाई हुई है। विदाई का भाव आते ही मन भरने लगता है। बहुत कुछ छूटने लगता है, यादें उमड़-घुमड़ करने लगती हैं, लेकिन यही प्रकृति और संविधान का दस्तूर है। हमें कत्र्तव्य-पथ पर निरंतर आगे बढा है। जीवन में जड़ता बेमानी है, लिहाजा पुरातन और नवीनता का सिलसिला जारी रखना ही जीवन और संवैधानिक दायित्व हैं। निर्वाचित महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज 25 जुलाई को पद की शपथ लेंगी। देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस एनवी रमना उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। एक और नया संवैधानिक अध्याय शुरू हो रहा है। दूसरी तरफ राष्ट्रपति पद से रामनाथ कोविंद की विदाई हुई है। उन्हें कई स्तरों पर भावभीनी विदाई दी गई है। वह पांच साल तक भारत के राष्ट्रपति रहे। उनका कार्यकाल सहज, सरल, ईमानदार, निष्ठापूर्ण, विनम्र, अनुशासित और संविधान के प्रति प्रतिबद्धताओं का दौर रहा। प्रधानमंत्री और कैबिनेट के साथ एक भी विवाद और टकराव सतह पर नहीं आने दिया। राष्ट्रपति कोविंद कई मायनों में जन-राष्ट्रपति थे, न कि प्रोटोकॉल से बंधे राष्ट्राध्यक्ष थे।

उनसे एक बूढ़ी मां ने हेलीकॉप्टर में सवारी कराने की भोली-भावुक इच्छा जताई, तो जब अपने 92 वर्षीय अध्यापक को सामने देखा, तो मंच और प्रोटोकॉल झटक कर नीचे आए और गुरू के पांव छुए। संविधान के सर्वोच्च पद तक पहुंचने की काबीलियत और ज्ञान में उस गुरू ने ही बुनियादी भूमिका निभाई थी। रामनाथ कोविंद देश के दूसरे दलित राष्ट्रपति थे। पहले दलित चेहरे के तौर पर केआर नारायणन ने इस पद को ग्रहण किया और एक वंचित समुदाय को गौरवान्वित होने का मौका दिया। कोविंद राज्यसभा सांसद और बिहार के राज्यपाल भी रहे। अब वह अंतिम राष्ट्रपति हैं, जिन्हें संसद भवन के ऐतिहासिक सेंट्रल हाल में विदाई दी गई। अगली विदाई नए संसद भवन में होगी। बहरहाल राष्ट्रपति के तौर पर रामनाथ कोविंद ने 33 देशों की यात्रा की। उनमें अधिकतर वे देश थे, जो गरीब और पिछड़े थे तथा भारत के महामहिम ने उन देशों में प्रवास नहीं किया था।

उन देशों के साथ उन्होंने भारत के संबंधों की स्थापना की। ऐसा करते हुए राष्ट्रपति कोविंद ने भारत के सांस्कृतिक दूत की भूमिका भी निभाई। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक, सामाजिक, वैचारिक, आध्यात्मिक और वैश्विक परंपराओं को विश्व के सामने रखा। उन्हें कई देशों ने सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान से भी नवाजा। राष्ट्रपति काल के दौरान कोविंद ने अनुच्छेद 370 समाप्त करने, तीन तलाक संबंधी, जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन, ओबीसी संशोधन, साधारण बीमा कारोबार संशोधन सरीखे महत्त्वपूर्ण बिलों पर हस्ताक्षर करके उन्हें कानून का रूप दिया। इतिहास उन्हें सदैव याद रखेगा। राष्ट्रपति कार्यकाल के दो ऐतिहासिक आयोजनों को उन्होंने खास तौर पर याद किया-राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के संदर्भ में समारोह मनाए गए। दूसरे, देश की स्वाधीनता के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव उत्साह से मनाया जा रहा है।

महामहिम के तौर पर कोविंद दोनों ऐतिहासिक आयोजनों के साक्षी रहे हैं। उन्होंने कोरोना वैश्विक महामारी का जिक्र किया, तो 200 करोड़ से ज्यादा टीके की खुराकों का भी उल्लेख किया। उनकी टिप्पणी थी-मानवता न तो प्रकृति से अलग है और न ही उससे ऊपर है। कोरोना ने हमें यह एहसास करा दिया। बहरहाल विदाई के दौर में उन्होंने संसद सदस्यों समेत राष्ट्र को भी संबोधित किया। उन्होंने देशहित में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करने का आह्वान किया और कहा कि लक्ष्यों के लिए गांधीवादी तरीके से विरोध प्रकट किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति की विदाई के दौर में कोविंद ने शांति और सद्भाव के मूल्यों पर जोर दिया। बहरहाल कोविंद को हमारी भी शुभकामनाएं हैं कि वह स्वस्थ और सानंद रहें और देश के नागरिक के तौर पर अपनी भूमिका सदैव निभाते रहें।

# किडनी रैकेट के दलालों को पहचानने की जरूरत

सुखदेव सिंह

कारगिल युद्ध में जहां कई वीर सपूतों को हमने खोया, वहीं इसी युद्ध से सीख लेकर भारत ने अपनी सीमाओं पर सुरक्षा और अधिक बढ़ाने पर जोर दिया था। आज हमारी तीनों सेनाएं इतनी मजबूत हैं कि पड़ोसी देशों को करारा जवाब दे सकती हैं। भारत-पाकिस्तान की सेनाओं में सन् 1999 में कारगिल युद्ध हुआ जो करीब 60 दिनों तक चला। भारतीय सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुतियां देकर इस युद्ध पर विजय पाई। इसी कारण 26 जुलाई का दिन देश में कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले रणबांकुरों को इस दिन श्रद्धांजलि देकर उनके बलिदान को स्मरण किया जाता है। भारत का लोहा आज विश्व के अन्य देश भी मान रहे हैं जो कि हर्ष का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पूर्व के कार्यकाल में विश्व के कई देशों की यात्राएं करके भारत के अन्य देशों के साथ मित्रता संबंध बनाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी। इन देशों के साथ घनिष्ठ संबंध बनने के कारण ही उनके साथ व्यापारिक समझौते भी हुए हैं। किसी भी देश के साथ जब तक मैत्रीपूर्ण संबंध प्रगाढ़ नहीं बनते, तब तक व्यावसायिक बन पाना मुश्किल होता है। आज वही देश भारत की विदेश नीति से फलीभूत होकर कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार हैं। हमारे देश की जनता अपने वीर सैनिकों पर अत्यधिक विश्वास करती है। अटूट विश्वास क्यों न किया जाए, जब आम जनमानस अपने घरों में सुकून की नींद सोते हैं, तब ये वीर पुरुष सरहदों पर पहरा दे रहे होते हैं। यही वजह है कि कुछ ग्रामीण मंदिरों में भगवान की भांति शहीदों की तस्वीरें लगाकर उनकी भी पूजा की जाती है। लोग ऐसे गांवों को शहीदों का गांव कहकर भी पुकारते हैं। देश का कुल 16500 किलोमीटर का एरिया पड़ोसी देशों की सीमाओं के साथ लगता है। सीमा प्रबंधन के अभाव में हमेशा ही सावधानी हटी और दुर्घटना घटी जैसी स्थिति बनी रहती थी। देश की सीमाएं पाकिस्तान, चीन, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार आदि देशों के साथ लगती हैं। दुश्मन हमेशा ही अपने देश की सीमाओं को लांघकर घुसपैठ करने की फिराक में रहता आया है। भारत भौगोलिक दृष्टि से भी बड़ा होने के कारण अक्सर सीमाओं की सुरक्षा बढ़ाने में कई चुनौतियों का सामना करता रहा है। अब देश ने भौगोलिक, हवाई और समुद्री सीमाओं पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रखे हैं। 3141 किलोमीटर का एरिया पाकिस्तान के साथ लगता है जिसमें कश्मीर के हिस्से में हमेशा ही तनाव की स्थिति रहती आई है। केंद्र सरकार ने देश की सरहदों की सुरक्षा अत्यधिक बढ़ाए जाने को लेकर कारगिल युद्ध के बाद एक सुरक्षा कमेटी का भी गठन करके रखा हुआ है। भारत का अधिकांश बजट सुरक्षा के नाम पर खर्च किया जा रहा है। अपने देश में पड़ोसी देश अब घुसपैठ करने के लिए अपना अंजाम सौ बार सोचकर ही कोई कदम उठाएगा। केंद्र सरकार को अपनी सीमाओं पर चौकसी और बढ़ाकर सीमापार से आ रहे ड्रग्ज पर भी नकेल कसने की जरूरत है। दक्षिण एशिया के आठ देश अगर एकजुट हो जाएं तो बड़ी आसानी से हर समस्या पर नकेल कस सकते हैं। सार्क अधिवेशनों में वैसे हर साल आपसी मेल-मिलाप और भाईचारा बढ़ाए जाने की सिर्फ चर्चाएं की जाती हैं। भारत ने अफगानिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और बांग्लादेश की मदद करके हमेशा ही बेहतरीन पड़ोसी देश होने का अपना दायित्व निभाया है। द्वितीय विश्व युद्ध में हुए नरसंहार ने विश्व को कई भागों में बांट दिया। दक्षिण एशिया के देशों में पड़ोसी देश पाकिस्तान हमेशा ही अपने मन की करता आया है। यही एकमात्र वजह है कि आज दक्षिण एशिया के देश महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और आतंकवाद जैसी कई समस्याओं से घिरे हुए हैं। उधर पश्चिमी साम्राज्यवाद की नीति ने खलल डाला कि एक अमीर पश्चिमी और दूसरा उत्तरी गरीब पश्चिमी देश बन गया। विश्व देश अब अपनी जनता की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहकर बजट आंखें बंद करके खर्च करने लग पड़े। जो बजट जनता के विकास पर खर्च किया जाना चाहिए था, अब वही आधुनिक तकनीक के हथियारों को खरीदने और दूसरे सुरक्षा के इंतजाम किए जाने पर खर्च किया जा रहा है। वर्तमान समय में पड़ोसी देश चीन के सहारे भारत की सीमाओं पर घुसपैठ बढ़ाने की फिराक में मशगूल है। भारत और चीन सीमा विवाद की वजह से चीन की मोबाइल एप्लिकेशन को केंद्र सरकार ने बंद कर दिया था। भारत की इस पहल पर अन्य देश भी अमल कर रहे हैं। यह भी एक तरह भारत-चीन की अर्थव्यवस्था को कमजोर बनाकर अपनी कूटनीति का सबूत दे रहा है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाकर भी भारत ने आतंकवाद के खिलाफ बिगुल फूंका है। केंद्र सरकार प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण जम्मू-कश्मीर को पर्यटन का बेहतरीन स्थल बनाने के लिए प्रयासरत है। इस राज्य के विकसित होने के बाद इसका सम्पूर्ण विकास संभव है। जम्मू-कश्मीर के मॉडल राज्य बनते ही आतंकवादी गतिविधियों में भी कमी आएगी।

# पूर्णिका साहित्य जगत में पूर्णिमा की चांदनी सी छटा बिखेर रही है

**धारा सतत प्रवाहित होते हुए कवियों की लेखनी में समाहित हो पूर्णिका बन गई है और जिसकी गूंज सर्वत्र फैल रही है .....जिसे कलमकारों ने इस प्रकार कहा डॉ सलपनाथ यादव प्रेम जी का पूर्णिका के प्रति समर्पण भाव प्रतीक है इस बात का की पूरे देश के कलमकार एक से बढ़कर एक पूर्णिका का सृजन कर रहे हैं मुझ जैसे न जाने कितने काव्य रसिकों को रसपान करा रहे है .ूर्णिका साहित्य की वह विधा है जिसके अंग गजल से बहुत कुछ मिलते है किंतु गजल में जहां नायक नायिका के प्रेम संवाद का वर्णन होता है वही पूर्णिका का वर्ण्य विषय वृहद विस्तृत रूप में है यदि यू कहू तो की गजल और पूर्णिका में भेद भी यही है कि गजल नायक नायिका के प्रेमालाप का वर्णन है जबकि पूर्णिका जीवन,समाज व देश के प्रत्येक विषय व समस्या को अपने अंदर समाहित करती है आदरणीय भाई सलपनाथ जी का तर्क भी यही हैं कि जब कोई विधा सम्पूर्ण विषयो का वर्णन करे तो हम उसे क्यो न पूर्णिका कहे**





**संगम त्रिपाठी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

मां नर्मदा की कल-कल स्वरों के बीच कलमकार डॉ सलपनाथ यादव जी ने साहित्य में नव विधा का सृजन किया है जिसकी धारा सतत प्रवाहित होते हुए कवियों की लेखनी में समाहित हो पूर्णिका बन गई है और जिसकी गूंज सर्वत्र फैल रही है.....जिसे कलमकारों ने इस प्रकार कहा डॉ सलपनाथ यादव प्रेम जी का पूर्णिका के प्रति समर्पण भाव प्रतीक है इस बात का की पूरे देश के कलमकार एक से बढ़कर एक पूर्णिका का सृजन कर रहे हैं मुझ जैसे न जाने कितने काव्य रसिकों को रसपान करा रहे है........पूर्णिका साहित्य की वह विधा है जिसके अंग गजल से बहुत कुछ मिलते है किंतु गजल में जहां नायक नायिका के प्रेम संवाद का वर्णन होता है वही पूर्णिका का वर्ण्य विषय वृहद विस्तृत रूप में है

यदि यू कहू तो की गजल और पूर्णिका में भेद भी यही है कि गजल नायक नायिका के प्रेमालाप का वर्णन है जबकि पूर्णिका जीवन,समाज व देश के प्रत्येक विषय व समस्या को अपने अंदर समाहित करती है.......

आदरणीय भाई सलपनाथ जी का तर्क भी यही हैं कि जब कोई विधा सम्पूर्ण विषयो का वर्णन करे तो हम उसे क्यो न पूर्णिका कहे 'आपके इस तर्क का सत्यापन गजल के जन्मदाता के इस कथन से हो जाता हैं कि गजल प्रेमी प्रेमिका के कथोपकथन गायन है.....ये बातें टी के सिंह परिहार ने अभिव्यक्त की। आदरणीय सलपनाथ यादव जो कि एडवोकेट और महान विचारक तथा स्वतंत्र लेखक कवि है जो अपना उत्तम विचार देकर कवियों गजलकारों को अनुग्रहित करते हैं आपने अपने कठिन परिश्रम और चिंतन से जो गजल के बिगड़े हुए स्वरुप पूर्णिका नाम दिया और उर्दू वालों के लिए कामिल नाम दिया है वह सर्वथा ग्रा है आप के इस प्रयत्न से स्वयं को गजलकार कहकर गजल की रीति बिगाड़ने वालों तथा अन्य उभरते अंकुरो के लिए एक सुन्दर शिक्षा है जिसे उन्हें अपनाना चाहिए और इसका प्रयोग करना चाहिए श्रृंगार से भिन्न गजल में यदि कोई भी रस प्रयुक्त हो तो उसे पूर्णिका या कामिल कहना ही उचित है। गजल एक ऐसा नाम जिसका अर्थ प्रेमी और प्रेमिका के प्रेम को दशार्ता है यह एक ऐसी विधा है जिसमें प्रेमी और प्रेमिका के प्रेम का सुन्दर ढंग से वर्णन किया जाता है किन्तु आज इसे हास्यादि रस में प्रयोग किया जा रहा जिसे उचित कहना भी अनुचित है जिसे गजल कहकर लोग हर रस में प्रयोग करते हुए गजल कह रहें हैं उसे पूर्णिका या कामिल कहना ही उचित है जिसे सलपनाथ जी एक सुन्दर और उचित नाम दिए है हर रस में इसका प्रयोग करने वालों को सदैव गजल न कहकर पूर्णिका या कामिल कहना ही उचित है क्योंकि अब गजल गजल नहीं रह गयी है गजल वर्णित कहानी मात्र प्रेमी और प्रेमिका पर ही शोभित होती है इसलिए मेरा मानना है जो आदरणीय सलपनाथ जी ने नया नाम पूर्णिका या कामिल दिया है वह सर्वथा उचित ही है जिसका जो नियम है उसका उसी नियम में प्रयोग करना चाहिए जिसका उनुलंघन खुद को गजलकार कहने वाले ही कर रहें हैं गजल मात्र श्रृंगार रस से ही शोभित होती है इससे अलग रस यदि गजलकार प्रयोग कर रहें हैं तो उसे सलपनाथ जी के द्वारा दिए गये पूर्णिका या कामिल नाम से सम्बोधित करना उचित है। आदरणीय सलपनाथ के इस प्रयास के लिए मैं उन्हें साधुवाद देता हूं। वो गजल का स्वरुप समझाते हुए जो अपनी पुस्तक के द्वारा नयी चेतना और ज्ञान प्रदान कर रहें उससे गजलकारों का अत्यंत भला होगा और गजल गजल का स्वरुप पकड़ेगी।मैं आचार्य आशीष पांडेय पराशर बधाई देता हूं। पूर्णिका की आंधी.....डॉ सलपनाथ यादव के प्रयासों से साहित्य में पूर्णिका की आंधी चल पड़ी है..... सरल भाव से सरल शब्दों के संयोजन से पूर्णिका जन-जन को भाने लगी है।पूर्णिका के जनक सलपनाथ जी की मेहनत धीरे-धीरे अनूठा रंग लाने लगी है।भारतीय साहित्य में स्थान बनाने लगी है.....विनोद कुमार सीताराम दुबे शिक्षक भांडुप मुंबई महाराष्ट्र। पूर्ण सत्य है डॉ सलपनाथ यादव प्रेम जी पूर्णिका शब्द को यथोचित स्थान दिलाने के लिए कठिन तप कर रहे है जोअत्यंत प्रशंसनीय .मदन श्रीवास्तव

आगत संस्कारधानी का स्वागत पूर्णिका के साथ करे, तो यह बड़े ही गौरव की बात होगी .....एम पी कोर गजल मूलतः इश्क ए हबीबी और मोहब्बत की बातों का ही ख्याल तसव्वुर है। लेकिन आज के परिप्रेक्ष्य में सभी विषयों में कलमकार अपनी बात कह रहे हैं तो हमारे जबलपुर की शान कवि सलपनाथ जी प्रेम ने साहित्य की इस *सद्य विधा को *पूर्णिका नाम दिया है जो यथोचित ही जान पड़ता है मैं तो इसके व्यापक वैश्विक स्तर पर अंगीकार करने की बात मानता हूं।

पूर्णिका साहित्य मतलब हिंदी भाषा में देवनागरी लिपि का समग्र साहित्य समाहित है।ऐसे समझे- आप दोहा छंद मुक्तक गजल (कामिल) लिखते हैं तो यह पूर्णिका (समग्र देवनागरी लिपि साहित्य) की इस विधा के अंतर्गत ही आयेगा। साथ ही हम संस्कार धानी के लिए अति गौरव और हर्ष का विषय भी।जब भी पूर्णिका का नाम लिया लिखा जायेगा तो जबलपुर और सलपनाथ प्रेम हम सबके लिए अत्याधिक हर्ष और खुशी का सच्चा गौरव इतिहास ही कहलायेगा ..... अंशुल मिश्र कदम जबलपुरी साहित्य जगत में एक नया अध्याय साहित्यकारों के अध्ययन एवं शोध का नया विषय पूर्णिका निश्चित रूप से समाज के सभी वर्गों के जीवन का दर्पण साबित होगा । डॉ.श्री सलपनाथ जी यादव को इस उपलब्धि के लिए बधाई देता हूँ ..... एड. एन डी निम्बावत सागर जोधपुर सलपनाथ यादव गजल के मुकाबले पूर्णिका रूपी नया छंद विधान स्थापित किया, साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश ने लगाई मुहर सुरेंद्र दुबे, जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर के सृजनधर्मी अधिवक्ता डा. सलपनाथ यादव प्रेम ने उर्दू की विधा गजल के मुकाबले हिंदी में पूर्णिका रूपी नया छंद विधान स्थापित किया है। साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश के निदेशक डा.विकास दवे ने इस पर मुहर लगा दी है। हालांकि इससे पूर्व ही देश के अनेक वरेण्य रचनाकार इस तपोसिद्ध कार्य को मान्यता दे चुके थे। सलपनाथ जी शब्दों को अपने रचना संसार के अनुकूल ढ़ाल लेते हैं। उन्होंने उर्दू विधा गजल को हिंदी में पूर्णिका नाम दिया है। लिहाजा, अब मैं भी गजलों को पूर्णिका ही कहूंगा। इन पूर्णिकाओं में मोहब्बत की चाशनी, मिट्टी की महक, एहसास की चांदनी, रिश्तों के बिखरने का एहसास, श्रम के सूरज की गर्मी, संस्कृति का संरक्षण, राजनीति की गिरावट, खूनी रिश्तों की सजावट, ममता की लोरी, बच्चों का स्नेह, गांव का परिवेश, आधुनिक भारत की तस्वीर, वह सब कुछ देखने को मिलता है, जो हम सब देखते और सोचते हैं.....इनफान झांस्वी, वरिष्ठ शायर अब मैं भी गजल के लिए सुझाए गए शब्द पूर्णिका का उपयोग करने लगा हूं। साथ ही देश-दुनिया के अन्य कवियों-शायरों से भी ऐसा ही अनुरोध करता हूं।

# रुपए में लेन-देन से बढ़ेगा विदेश व्यापार

**एक, 11 जुलाई को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा भारत और अन्य देशों के बीच व्यापारिक सौदों का निपटान रुपए में किए जाने संबंधी महत्त्वपूर्ण निर्णय से जहां डॉलर संकट का सामना कर रहे रूस, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, श्रीलंका, ईरान, एशिया और अफ्रीका सहित कई छोटे-छोटे देशों के साथ भारत का विदेश व्यापार तेजी से बढ़ेगा, वहीं भारतीय रुपया मजबूत होगा, भारत का व्यापार घाटा कम होगा और विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ेगा। दो, इस समय जब दुनिया रूस और अमेरिकी-यूरोपीय कैम्प में बंटती हुई दिखाई दे रही है, तब भारत दोनों ही कैम्पों के विभिन्न देशों में विदेश व्यापार बढ़ाने की संभावनाओं को मुट्ठियों में लेने के लिए तेजी से आगे भी बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि इस समय यूक्रेन पर हमले के मद्देनजर पश्चिमी देशों के द्वारा रूस पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के कारण अमेरिकी**





**डा. जयंतीलाल भंडारी**
**लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है**

यकीनन इस समय यूक्रेन संकट की आपदा के बीच भारत के लिए दुनिया के विभिन्न देशों में व्यापार-कारोबार और निर्यात बढ़ाने के दो तरह के अभूतपूर्व मौके निर्मित हुए हैं। एक, 11 जुलाई को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा भारत और अन्य देशों के बीच व्यापारिक सौदों का निपटान रुपए में किए जाने संबंधी महत्त्वपूर्ण निर्णय से जहां डॉलर संकट का सामना कर रहे रूस, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, श्रीलंका, ईरान, एशिया और अफ्रीका सहित कई छोटे-छोटे देशों के साथ भारत का विदेश व्यापार तेजी से बढ़ेगा, वहीं भारतीय रुपया मजबूत होगा, भारत का व्यापार घाटा कम होगा और विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ेगा। दो, इस समय जब दुनिया रूस और अमेरिकी-यूरोपीय कैम्प में बंटती हुई दिखाई दे रही है, तब भारत दोनों ही कैम्पों के विभिन्न देशों में विदेश व्यापार बढ़ाने की संभावनाओं को मुट्ठियों में लेने के लिए तेजी से आगे भी बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि इस समय यूक्रेन पर हमले के मद्देनजर पश्चिमी देशों के द्वारा रूस पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के कारण अमेरिकी, यूरोपीय और जापानी कंपनियों सहित कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों के द्वारा रूस में अपना कारोबार बंद कर दिया गया है। ऐसे में भारतीय कंपनियों के लिए रूस में तमाम मौके दिख रहे हैं। रूस में भारत की उपभोक्ता कंपनियों से लेकर दवा निर्माण कंपनियों के द्वारा तेजी से अपना कामकाज बढ़ाया जा रहा है। भारतीय कंपनियां मौजूदा रूसी बाजार का एक बड़ा हिस्सा अपनी मुट्ठियों में लेने के लिए सुनियोजित रूप से आगे बढ़ रही हैं। भारत के निर्यातकों के द्वारा भी रूस की सरकारी कंपनियों को विभिन्न उत्पादों के निर्यात बढ़ाए जा रहे है। ऐसे में रूस के साथ रुपए में लेनदेन भारत के लिए अत्यधिक लाभप्रद है। वस्तुतः अब दुनियाभर में तेजी से बदलती हुई यह धारणा भी लाभप्रद है कि भारत गुणवत्तापूर्ण और किफायती उत्पादों के निर्यात के लिहाज से एक बढ़िा लेटफॉर्म है। कोविड-19 के कारण दुनियाभर में चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के बीच भारत ने कोरोना से लड़ाई में सबके प्रति सहयोगपूर्ण रवैया अपना कर पूरी दुनिया में अपनी प्रतिष्ठा बढ़ाई है। दुनियाभर में चीनी कंपनियों की जगह भारतीय कंपनियों को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे भी भारत के विदेश व्यापार के नए मौके बढ़े हैं। गौरतलब है कि विगत 27-28 जून को दुनिया के सात विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में भारत को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। जी-7 के द्वारा चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के जवाब में विकासशील देशों में ढांचागत परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए वर्ष 2027 तक 600 अरब डॉलर के निवेश की महत्त्वाकांक्षी योजना का ऐलान किया गया है। ऐसी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में भारत की अहम भूमिका उभरकर दिखाई दे रही है। यह भी उल्लेखनीय है। 26 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मनी के म्युनिख में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते जिस तरह बड़े ही प्रभावी तरीके से बढ़ती हुई भारतीय अर्थव्यवस्था के तहत चौथी औद्योगिक क्रांति की अगुवाई, सूचना प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप के बढ़ते कदमों भारत के विदेश व्यापार की संभावनाओं को रेखांकित किया, उससे जर्मनी सहित दुनिया के विभिन्न देशों में भारत के लिए विदेश व्यापार के मौके बढ़ेंगे। यह कोई छोटी बात नहीं है कि कोविड-19 और यूक्रेन संकट के बीच भी दुनिया के प्रमुख देशों के साथ भारत के विदेश व्यापार बढे का नया दौर आगे बढ़ रहा है। विगत 24 मई को अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के रणनीतिक मंच क्वाड के दूसरे शिखर सम्मेलन में चारों देशों ने जिस समन्वित शक्ति का शंखनाद किया है और बुनियादी ढांचे पर 50 अरब डॉलर से अधिक रकम लगाने का वादा किया है, उससे क्वाड देशों में भारत के उद्योग-कारोबार के लिए नए मौके निर्मित होंगे। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि अमेरिका की अगुवाई में 24 मई को बनाए गए संगठन हिंद-प्रशांत आर्थिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) के सदस्य देशों की 11 जून को पेरिस में आयोजित हुई अनौपचारिक बैठक के बाद इसके सदस्य देशों के साथ भारत के विदेश व्यापार को नई गतिशीलता मिलने की संभावनाएं उभरकर दिखाई दी हैं। वस्तुतः आईपीईएफ पहला बहुपक्षीय करार है जिसमें भारत शामिल हुआ है। इसमें अमेरिका, भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया, ब्रूनेई, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलिपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। निःसंदेह भारत के द्वारा तेजी से मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को मूर्तरूप दिए जाने से विदेश व्यापार तेजी से बढ़ेगा। ज्ञातव्य है कि कम समय में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) तथा ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए को मूर्तरूप दिया गया है। उल्लेखनीय है कि एक मई 2022 को भारत और यूएई के बीच एफटीए लागू हो गया है। इस एफटीए से भारत और यूएई के बीच वस्तुओं का कारोबार 5 साल में दोगुना बढ़ाकर 100 अरब डॉलर किए जाने का लक्ष्य रखा गया है, जोकि इस समय करीब 60 अरब डॉलर है। इस समय यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और अमेरिका के बाद दूसरा बड़ा निर्यात केंद्र है। इसी तरह विगत 2 अप्रैल को भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए है। वस्तुतः भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए नए मुक्त व्यापार समझौते से दोनों देशों के बीच वर्तमान द्विपक्षीय व्यापार को करीब 27 अरब डॉलर से बढ़ाकर अगले पांच वर्षों में 45 से 50 अरब डॉलर तक पहुंचाए जाने में मदद मिलेगी। निःसंदेह भारत के द्वारा यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए को मूर्तरूप दिए जाने के बाद अब यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, कनाडा, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के छह देशों, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और इजराइल के साथ शीघ्रतापूर्वक एफटीए पूरे होने पर इन देशों के बाजारों के दरवाजे भारत के उत्पादों के लिए तेजी से खुलते हुए दिखाई देंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक मुक्त व्यापार समझौतों से भारतीय कृषि उत्पादों की पहुंच दुनिया के एक बहुत बड़े बाजार तक विस्तृत हो जाएगी और कृषि उत्पाद विदेशी मुद्रा की अधिक कमाई का आधार भी बन सकेंगे।

# कारगिल युद्ध के बाद सशक्त भारतीय सेनाएं

सुखदेव सिंह-

कारगिल युद्ध में जहां कई वीर सपूतों को हमने खोया, वहीं इसी युद्ध से सीख लेकर भारत ने अपनी सीमाओं पर सुरक्षा और अधिक बढ़ाने पर जोर दिया था। आज हमारी तीनों सेनाएं इतनी मजबूत हैं कि पड़ोसी देशों को करारा जवाब दे सकती हैं। भारत-पाकिस्तान की सेनाओं में सन् 1999 में कारगिल युद्ध हुआ जो करीब 60 दिनों तक चला। भारतीय सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुतियां देकर इस युद्ध पर विजय पाई। इसी कारण 26 जुलाई का दिन देश में कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले रणबांकुरों को इस दिन श्रद्धांजलि देकर उनके बलिदान को स्मरण किया जाता है। भारत का लोहा आज विश्व के अन्य देश भी मान रहे हैं जो कि हर्ष का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पूर्व के कार्यकाल में विश्व के कई देशों की यात्राएं करके भारत के अन्य देशों के साथ मित्रता संबंध बनाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी। इन देशों के साथ घनिष्ठ संबंध बनने के कारण ही उनके साथ व्यापारिक समझौते भी हुए हैं। किसी भी देश के साथ जब तक मैत्रीपूर्ण संबंध प्रगाढ़ नहीं बनते, तब तक व्यावसायिक बन पाना मुश्किल होता है। आज वही देश भारत की विदेश नीति से फलीभूत होकर कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार हैं। हमारे देश की जनता अपने वीर सैनिकों पर अत्यधिक विश्वास करती है। अटूट विश्वास क्यों न किया जाए, जब आम जनमानस अपने घरों में सुकून की नींद सोते हैं, तब ये वीर पुरुष सरहदों पर पहरा दे रहे होते हैं। यही वजह है कि कुछ ग्रामीण मंदिरों में भगवान की भांति शहीदों की तस्वीरें लगाकर उनकी भी पूजा की जाती है। लोग ऐसे गांवों को शहीदों का गांव कहकर भी पुकारते हैं। देश का कुल 16500 किलोमीटर का एरिया पड़ोसी देशों की सीमाओं के साथ लगता है। सीमा प्रबंधन के अभाव में हमेशा ही सावधानी हटी और दुर्घटना घटी जैसी स्थिति बनी रहती थी। देश की सीमाएं पाकिस्तान, चीन, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार आदि देशों के साथ लगती हैं। दुश्मन हमेशा ही अपने देश की सीमाओं को लांघकर घुसपैठ करने की फिराक में रहता आया है। भारत भौगोलिक दृष्टि से भी बड़ा होने के कारण अक्सर सीमाओं की सुरक्षा बढ़ाने में कई चुनौतियों का सामना करता रहा है। अब देश ने भौगोलिक, हवाई और समुद्री सीमाओं पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रखे हैं। 3141 किलोमीटर का एरिया पाकिस्तान के साथ लगता है जिसमें कश्मीर के हिस्से में हमेशा ही तनाव की स्थिति रहती आई है। केंद्र सरकार ने देश की सरहदों की सुरक्षा अत्यधिक बढ़ाए जाने को लेकर कारगिल युद्ध के बाद एक सुरक्षा कमेटी का भी गठन करके रखा हुआ है। भारत का अधिकांश बजट सुरक्षा के नाम पर खर्च किया जा रहा है। अपने देश में पड़ोसी देश अब घुसपैठ करने के लिए अपना अंजाम सौ बार सोचकर ही कोई कदम उठाएगा। केंद्र सरकार को अपनी सीमाओं पर चौकसी और बढ़ाकर सीमापार से आ रहे ड्रग्ज पर भी नकेल कसने की जरूरत है। दक्षिण एशिया के आठ देश अगर एकजुट हो जाएं तो बड़ी आसानी से हर समस्या पर नकेल कस सकते हैं। सार्क अधिवेशनों में वैसे हर साल आपसी मेल-मिलाप और भाईचारा बढ़ाए जाने की सिर्फ चर्चाएं की जाती हैं। भारत ने अफगानिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और बांग्लादेश की मदद करके हमेशा ही बेहतरीन पड़ोसी देश होने का अपना दायित्व निभाया है। द्वितीय विश्व युद्ध में हुए नरसंहार ने विश्व को कई भागों में बांट दिया। दक्षिण एशिया के देशों में पड़ोसी देश पाकिस्तान हमेशा ही अपने मन की करता आया है। यही एकमात्र वजह है कि आज दक्षिण एशिया के देश महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और आतंकवाद जैसी कई समस्याओं से घिरे हुए हैं। उधर पश्चिमी साम्राज्यवाद की नीति ने खलल डाला कि एक अमीर पश्चिमी और दूसरा उत्तरी गरीब पश्चिमी देश बन गया। विश्व देश अब अपनी जनता की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहकर बजट आंखें बंद करके खर्च करने लग पड़े। जो बजट जनता के विकास पर खर्च किया जाना चाहिए था, अब वही आधुनिक तकनीक के हथियारों को खरीदने और दूसरे सुरक्षा के इंतजाम किए जाने पर खर्च किया जा रहा है। वर्तमान समय में पड़ोसी देश चीन के सहारे भारत की सीमाओं पर घुसपैठ बढ़ाने की फिराक में मशगूल है। भारत और चीन सीमा विवाद की वजह से चीन की मोबाइल एप्लिकेशन को केंद्र सरकार ने बंद कर दिया था। भारत की इस पहल पर अन्य देश भी अमल कर रहे हैं। यह भी एक तरह भारत-चीन की अर्थव्यवस्था को कमजोर बनाकर अपनी कूटनीति का सबूत दे रहा है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाकर भी भारत ने आतंकवाद के खिलाफ बिगुल फूंका है। केंद्र सरकार प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण जम्मू-कश्मीर को पर्यटन का बेहतरीन स्थल बनाने के लिए प्रयासरत है। इस राज्य के विकसित होने के बाद इसका सम्पूर्ण विकास संभव है। जम्मू-कश्मीर के मॉडल राज्य बनते ही आतंकवादी गतिविधियों में भी कमी आएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### महिलाओं व छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक

रेहड । मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन के दिये चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अर्न्तगत थाने पर गठित पुलिस टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्र में महिलाओं व छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के समंध में जागरूक किया गया तथा हेल्प लाईन नंबर 102, 108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी दी गई। इस दौरान सडकों पर तथा स्कल व कालेजों के आसपास बेवजह घूम रहें मनचलों पर शिकंजा कसा गया।

### मौत के कुएं मे तेज रफ्तार कार और बाईक टकराई, दो घायल

हसनपुर। सर्किल के उझारी कस्बे में चल रहे उर्स के दौरान रविवार रात भयावह हादसा हुआ। मौत के कुएं में तेज रफ्तार कार और बाइक आमने-सामने टक्कर के बाद जमीन पर आ गिरीं। हादसे में दोनों वाहनों में सवार दो लोग घायल हो गए। मौके पर मौजूद दर्शकों के बीच घंटों तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। सोमवार सुबह हादसे का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया। आनन फानन हरकत में आए पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने मौत के कुएं का संचालन रोक दिया। उझारी में हजरत शेख दाऊद रहमतुल्ला अलैह का उर्स जारी है। मेले में मौत का कुआं भी लगा है। रविवार रात यहां बाइक व कार सवार करतब दिखा रहे थे। इसी दौरान अचानक बाइक व कार की टक्कर हो गई। दोनों वाहन कुंए की दीवार से फिसलकर नीचे जमीन पर आ गिरे। हादसे में मुजफ्फरनगर जिले के गांव सिकरोटा निवासी फरमान पुत्र मंगता व संभल निवासी आजम पुत्र इकबाल घायल हो गए। दोनों घायलों को कस्बे के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। फरमान के सिर में गंभीर चोट आने के चलते हालत गंभीर बताई गई है। उधर, हादसे के बाद मौके पर मौजूद दर्शकों के बीच अफरा तफरी मच गई। सोमवार सुबह हादसे का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस-प्रशासन के बीच हड़कंप मच गया। आनन-फानन मौत के कुएं के संचालन पर रोक लगा दी गई। फिलहाल मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

### एकादशी पर हुआ कीर्तन, सैकड़ों भक्त रहे मौजूद

हसनपुर। एकादशी के पावन पर्व पर नगर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर पर बाबा खाटू श्याम के मंदिर में कीर्तन का आयोजन किया गया। वहीं बाबा का सिंगार भी बदला गया और बाबा को भोग अर्पण किया गया। तत्पश्चात मंदिर के पुजारी पंडित पप्पू गिरी ने महाआरती कर भक्तों को प्रसाद वितरित किया। नगर के शिवाला मंदिर पर खाटू श्याम बाबा की मूर्ति स्थापना के बाद प्रत्येक एकादशी पर कीर्तन का आयोजन श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा किया जाता है। इस मौके पर शैंकी अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, पराग अग्रवाल, प्रतीक गोयल, अंकुर प्रजापति, निशांत चौहान, राहुल गुप्ता, प्रवीण प्रजापति, आकाश शर्मा, आशु चौहान, अक्षय चौहान, सोनू प्रजापति, मोहित चौहान, विपिन प्रजापति मौजूद रहे।

# नगर पालिका में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ दिया ज्ञापन

धामपुर, प्रात: किरण संवाददाता



नगर पालिका धामपुर में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ दिया ज्ञापन। नगर पालिका परिषद धामपुर द्वारा संचालित शिवाजी पार्क व सम्पदकचार्य पं. रुद्रदत्त शर्मा पुस्तकालय में व्याप्त असुविधा एव भष्टाचार के सम्बन्ध में अखिल भारतीय गोरक्षा महासंघ नगर अध्यक्ष समाज सेवी संयम जैन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की गेरमोजूदगी में नायब तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव को एक ज्ञापन सौपा जिसमे बताया कि धामपुर नगर पालिका धामपुर द्वारा नगर में एकमात्र शिवाजी पार्क है जिसमे गत 7 जनवरी 2022 को सम्पादकाचार्य पं.रुद्रदत्त शर्मा पुस्तकालय, मूर्ति अनावरण, मिनी जिम का उदघाटन किया गया था।

सर्दियों के मौसम में हुए कार्यक्रम में गर्मी का अहसास न होने के कारण पुस्तकालय में आज तक न तो रोशनी के लिए लाइटों का प्रबंध किया गया। न गर्मी और उमस से बचने के लिए पंखों, कूलर व एयरकण्डीशनर की व्यवस्था की गयी। जिस कारण यह पुस्तकालय वीरान सा लगने लगा है, वहीं जिस पं.रुद्रदत्त शर्मा की मूर्ति का अनावरण हुआ था। वह जमीन पर रखी हुई है, क्योंकि बरसात के मौसम में मूर्ति को रखने के लिए बनाया गया चबूतरा जमीन में धंस गया था, वहीं मिनी जिम में कुछ कसरत करने की मशीन टूट चुकी है। जिनकी मरम्मत कराने में कोई भी रुचि नहीं दिखा रहा है। इसके अलावा जिनके नाम पर इस पार्क का नाम शिवाजी पार्क पड़ा है, वह खुद सर्दी, गर्मी और बरसात में खुले आसमान के नीचे खड़े रहने को मजबूर है यानि मूर्ति के ऊपर छत तक नहीं है। इसके अलावा शाम ढहलते ही शिवाजी पार्क में मदिरापान का कार्य शुरू हो जाता है। जिन पर अंकुश लगाने वाला कोई नहीं है। यदि चेयरमैन राजू गुप्ता और ईओ सुभाष कुमार इन समस्याओं को दुरुस्त करने में कामयाब रहे तो हम उनका सार्वजनिक तौर पर आभार व्यक्त करेगें। ज्ञापन देने वालो में व्यमकेश चैहान अन्नू वर्मा शिवम शर्मा आदि मौजूद रहे।

# किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा



नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति से जुड़े किसानों ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार नजीबाबाद को सौंपा। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति के बिजनौर जिलाध्यक्ष डॉक्टर नरपाल सिंह के नेतृत्व में किसान तहसील परिसर में एकत्रित हुए। जहां उन्होंने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर पंचायत की। उसके बाद प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार प्रीति सिंह को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि गन्ना भुगतान ब्याज सहित अविलंब कराया जाए, जो चीनी मिल का पेमेंट सबसे पीछे है उसे जल्द से जल्द कराया जाए, बिजली बकायादार किसानों का अनाधिकृत उत्पीड़न न किया जाए, स्वामी नाथन की रिपोर्ट लागू की जाए, किसानों पर बैंकों का संपूर्ण कर्जा माफ किया जाए, किसानों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति कराई जाए, किसान सम्मान निधि योजना6000 से बढ़ाकर घ्20000 प्रति वर्ष की जाए, मंडी करण की व्यवस्था उत्तर प्रदेश में लागू की जाए, नजीबाबाद शुगर मिल की क्षमता 25000 से बढ़ाकर 75000 प्रतिदिन की जाएगी और चीनी मिल से किसानों का पेमेंट जल्द से जल्द किया जाए। लावारिस पशुओं को छोड़ने पर अंकुश लगाया जाए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष नरपाल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष कुलदीप सिंह, नसीम, गुलशन, विशेष राजपूत, मोटा, शौकीन, महबूब, आदेश, निसार, मुस्तकीम, इंतजार, असलम, शाहिद, कामिल, महेश आदि मौजूद रहे।

# तनिशा चौहान रही आरके पब्लिक स्कूल की टॉपर छात्रा

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता



नगर के मौहल्ला सुबोध नगर निवासी तनिशा चौहान ने राधाकृष्ण पब्लिक स्कूल में वाणिज्य संकाय की टॉपर बनी।

सी0बी0एस0सी0 से सम्बद्ध राधाकृष्ण पब्लिक स्कूल के इन्टरमीडिएट के परीक्षाफल में छात्रा तनिशा चौहान सर्वाधिक 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में वाणिज्य संकाय की टॉपर बनी।

उन्होने अर्थशास्त्र में सर्वाधिक 100 व अकाउंट में 99 अंक प्राप्त किये। हाल ही में उन्होने इन्द्रप्रस्थ विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में लगभग 9500 छात्रों में से 1043 वीं रैंक प्राप्त की है, साथ ही केन्द्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा भी दी है।

ज्ञात हो कि तनिशा चौहान के बड़े भाई अमन सिंह चौहान भी इसी स्कूल में 2020 के परीक्षाफल में टॉप 5 की सूची में शामिल थे। वर्तमान में वह यूनिवर्सिटी ऑफ पैट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडी देहरादून से बी0 टेक (कम्प्यूटर साइंस) के पाँचवे सेमिस्टर में अध्ययरत है। वह भी गत वर्ष के परीक्षाफल में विश्वविद्यालय टॉपर रहे है।

इन होनहार छात्रों के पिता अजय सिंह चौहान एक प्रतिष्ठित संस्थान में अकाउंटेंट है, जबकि माता प्रतिभा चौहान इसी स्कूल में अध्यापिका हैं।

# डीएम बीके त्रिपाठी एवं एसपी आदित्य लांग्हे ने कांवड़ियों पर की फूलों की वर्षा

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता



सोमवार को जिलाधिकारी बाल कृष्ण त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने कावड़ यात्रा के दृष्टिगत जनपद का भ्रमण कर कावंड मार्गों पर निर्धारित रूट व डायवर्जन व्यवस्था का निरीक्षण कर कांवड़ियों के सुगम आवागमन एवं यातायात की समुचित व्यवस्था का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान बम्बूगढ चौराहा के पास आयोजित शिविर में डीएम- एसपी एवं पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण द्वारा शिव भक्तों, कांवड़ियों को फल,पानी आदि वितरित कर पुष्प वर्षा करते हुए फुलमाला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया तथा कांवड़ यात्रियों, श्रद्धालुओं से वार्ता कर उनकी कुशल-क्षेम पूछा। थाना बछरायूं क्षेत्रान्तर्गत ग्राम फत्तेपुर छितरा में कांवड शिविर संचालकों से वार्ता की गयी साथ ही काँवड शिविरों का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के प्राथमिक उपचार व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अधिकारी जनपद का भ्रमण कर कांवड यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था एवं समुचित प्रबंधों का जायजा लिया गया । यात्रा मार्गों पर व्यवस्था में जो कमियाँ पाई गई उसे तत्काल सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय बनाते हुए समय से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। यायायात डायवर्जन के उपरान्त ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिए गए ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क दृष्टि रखते हुए ड्यूटी करने तथा कोई भी संदिग्ध व्यक्ति वाहन दिखने पर तत्काल अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराने हेतु निर्देश दिए साथ ही यदि किसी कांवड़ यात्री के साथ कोई अप्रिय घटना होती है अथवा उनकी तबीयत खराब होती है तो तत्काल इसका संज्ञान लेकर अतिशीघ्र सहायता उपलब्ध करायी जाए। कांवडियों की सुरक्षा, कानून व्यवस्था संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किए गए। थाना प्रभारियों को कांवडियों के जाने के मार्ग पर विशेष सर्तकता एवं निगरानी तथा प्रभावी ड्यूटी किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# शत प्रतिशत रहा मैस्को पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम





अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा 10 एवं कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। जिसमें मैस्को पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के सभी छात्र, छात्राओं ने बहुत अच्छे अंको में परीक्षा उत्तीर्ण की है। विद्यालय की 12वीं कक्षा से कु० युसरा ने 93.5ः अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कु० वरदा व मोहम्मद समीर ने द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा 10वीं कक्षा से कु० युमना सिद्दीकी ने 95.8ः अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कु० सानिया सैफी व कु० फातिमा मोइन ने द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस शुभ अवसर पर चेयरमैन कमाल फारूकी ने समस्त छात्र छात्राओं व विद्यालय के अध्यापकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर प्रबंधक अशहर तौसीफ ने सभी छात्र छात्राओं को उनके अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी। प्रधानाचार्या पूजा बुटटन ने भी सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए परीक्षा परिणाम की बधाई दी। इस अवसर पर शाहबाज हैदर, अशरफ अली, असद रजा, शेहजर तनवीर आदि ने शुभकामनाएं दी।

# बेकाबू वाहन डिवाइडर से टकराए, 1 कांवड़िए की मौत, 6 घायल

गजरौला, प्रात: किरण संवाददाता



नेशनल हाईवे पर स्कूटी और टेंपो की टक्कर हो गई। दोनों वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गए। हादसे में एक स्कूटी सवार कांवड़ियों की मौत हो गई। जबकि छह शिवभक्त घायल हो गए। हाईवे पर स्कूटी और टेंपो की टक्कर के बाद दोनों वाहन बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गए। हादसे में स्कूटी सवार रामपुर के कांवड़िए की मौत हो गई। दोनों वाहनों पर सवार महिला समेत छहः शिवभक्त घायल हो गए। सभी भक्त ब्रजघाट से गंगा जल लेने जा रहे थे। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भर्ती कराया गया। जहां से तीन को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसा रविवार की रात्री करीब 12 बजे हाईवे पर गजरौला-रजबपुर सीमा पर हुआ। रामपुर के सिविल लाइन निवासी वासु, ईशांत यादव व समर रविवार की रात स्कूटी पर सवार होकर ब्रजघाट से गंगा जल लेने जा रहे थे। मुरादाबाद के हनुमान नगर मोहल्ला निवासी प्रशांत, राजवीर व उनकी पत्नी राजेश्वरी, पूनम पत्नी सतीश टेंपो में सवार थे। वह भी ब्रजघाट से गंगा जल लेने जा रहे थे। जैसे ही टेंपों व स्कूटी रजबपुर और गजरौला थाना क्षेत्र के बोर्डर पर पहुंचे। तभी दोनों की टक्कर हो गई। इसके बाद अनियंत्रित दोनों वाहन डिवाइडर से टकरा गए। हादसे में वासु पुत्र तिलकराज की मौके पर मौत हो गई। जबकि उनके साथी ईशांत यादव व समर और टेंपो सवार प्रशांत, राजवीर, उनकी पत्नी राजेश्वरी, पूनम पत्नी सतीश घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहीं वासु के दो दोस्त भी आ गए। वह भी बाइक से ब्रजघाट कांवड़ लेने जा रहे थे। उन्होंने हादसे में मृत वासु और घायल ईशांत और समर की पहचान की। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद ईशांत, समर व राजवीर को रेफर कर दिया गया। पुलिस ने वासु के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मौत की खबर मिलते ही वासु के परिजन रोते-बिलखते पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंच गए।

# महिला हत्याकाण्ड का पुलिस ने किया खुलासा

## दुष्कर्म के प्रयास में विफल होने पर दुपटटे से गला घोंटकर मार डाला था कुमकुम को

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता



**आरोप**

- पुलिस ने चार अभियुक्त किये गिरफ्तार

19 जुलाई को कुमकुम 27 वर्ष पत्नी सुनील निवासी ग्राम भंगवंतपुर ककराला थाना चांदपुर का शव गांव के ही जगदीश के खेत से बरामद हुआ था। मृतका के गले में उसी की चुनरी का फंदा लगा हुआ था। मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर थाना चांदपुर में अंशुल पुत्र राकेश, छोटू पुत्र उदयराज, कंचन पुत्र बब्बे शर्मा, दीपक पुत्र नन्हे सभी निवासीगण ग्राम भगवंतपुर ककराला के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घुटने से मृत्यु होना आया था तथा दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुआ। एएसपी ग्रामीण रामअर्ज व सीओ चांदपुर सुनीता दहिया ने पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा कुमकुम की हत्या का शीघ्र अनावरण हेतु सीओ चांदपुर के नेतृत्व में स्वाट/सर्विलांस टीम तथा थाना चांदपुर पुलिस को निर्देशित किया गया था। एएसपी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अभियोग में नामित तथा विवेचना के दौरान प्रकाश में आये अभियुक्तगणों विशाल पुत्र मुकेश, छोटू पुत्र उदयराज, अमित पुत्र राजेन्द्र व कोशिन्द्र पुत्र रामअवतार निवासीगण ग्राम भगवतपुर ककराला को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने बताया कि 19 जुलाई को जब कुमकुम सुबह 7.45 बजे घर से चारा लेने खेत में गयी तो वह भी पीछे पीछे चला गया। उसका इशारा मिलते ही तीनों दोस्त भी आ गये। कुमकुम जब घास काट रही तब उन चारों ने उसे पकड लिया और दुष्कर्म का प्रयास करने लगे। कुमकुम ने विरोध किया और शोर मचा दिया तथा सारी बातें गांव में जाकर बताने को कहकर वहां से भागने लगी। समाज में बेईज्जती तथा पुलिस द्वारा पकडे जाने के डर से उन्होंने कुमकुम को घेरकर उसकी दुपटटे से गला कसकर उसकी हत्या कर दी।

# निरोग रहने की कामना के साथ यज्ञ में डाली गई आहुतियां

हसनपुर, प्रात: किरण संवाददाता



सर्वे संतु निरामया मंत्र ध्वनि के साथ प्राणी मात्र के निरोग रहने की कामना के साथ यज्ञ में डाली गई आहुतियां। क्षेत्र के ग्राम भदौरा में वर्षा के मौसम में गंदगी एवं जल भराव के चलते मनुष्यो, पशु पक्षियों में फैलने वाली बीमारियों से सुरक्षा की कामना से चामुंडा मंदिर पर आयोजित यज्ञ में सम्मिलित श्रद्धालु भारतीय किसान संघ के कार्यकताओं ने आहुतियां डालीं।

साथ ही गांव की सीमाओं पर जल की धार लगाई गई। इस अवसर पर उपस्थित शांतिकुंज हरिद्वार से संबंधित परिव्राजक देवीशारण शर्मा ने बताया कि हालाकि जनपद में वर्षा कम हुई है फिर भी ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव, कीचड़ एवं गंदगी के कारण मनुष्यो एवम पशुओं में बीमारिया फेलने का खतरा पैदा हो जाता है। इससे बचने के लिए चामुंडा मंदिर पर यज्ञ का आयोजन किया जाता है। और सभी उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा यज्ञोपरांत गांव की सीमाओं पर अभिमंत्रित जल से धार लगाई जाती है। भारतीय संस्कृति में यज्ञ के द्वारा कामना पूर्ति का विधान रहा है।

दुर्भाग्य से वर्तमान समय में यज्ञों के आयोजनों में कमी आई है जिससे मौसम चक्र अव्यवस्थित होता जा रहा है जिससे सूखा, भयंकर बीमारियों आदि से मनुष्य दुष्प्रभावित होता जा रहा है। इस अवसर पर कृष्ण कुमार शर्मा, सतवीर सिंह, डम्बर सिंह, खिलेंद्र सिंह, रनवीर सिंह, नागेंद्र सिंह, सतपाल सिंह, राजीव सिंह, प्रमोद सिंह, नेत्रपाल सिंह, दिनेश सिंह, लोकेश कुमार, ध्यान सिंह, वीर सिंह, धर्मवीर सिंह, यश चौधरी, अनिल कुमार, राघव, विनोद, रविश आदि उपस्थित रहे।

# अल आबिदी चेरिटेबल ट्रस्ट ने किया छात्र कैरियर काउंसलिंग सेमिनार आयोजित




नौगावां सादात, प्रात: किरण संवाददाता

अल आबिदी चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सय्यद अख्तर अब्बास आबिदी की जानिब से नौगावां सादात में एक छात्र कैरियर काउंसलिंग सेमिनार प्रस्तुत किया।

जिसमें छात्र के मार्गदर्शन के लिए हर क्षेत्र के प्रोफेशन को आमंत्रित किया गया। छात्र कैरियर काउंसलिंग सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में रहे एस.ए.एम इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजेश कुमार राजपूत साहब, शोहरत इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल राजिश पाल सिंह साहब, पूर्व प्रिंसिपल सय्यद मोहम्मद हैदर नकवी साहब, पूर्व प्रिंसिपल सय्यद अब्बास हैदर, आबिदी साहब, शोहरत इंटर कॉलेज के ट्रस्टी जनाब सय्यद शाह राजा आबिदी, टीचर सय्यद शाह राजा आबिदी साहब, इशरत जहां स्कूल के संस्थापक सय्यद जहीर हैदर आबिदी साहब, सरकारी हॉस्पिटल के डॉ. नसीम हैदर सेमिनार में शिरकत की और अपने ज्ञान और तजुबे को स्कूली बच्चों के साथ साझा किया।

# मेरठ हाईवे व्यस्त होने के कारण स्थानीय पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल के टैंक नहीं पहुंच रहे

नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



- वाहन चालकों को पेट्रोल से वंचित होना पड़ रहा

मेरठ हाईवे व्यस्त होने के कारण स्थानीय पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल के टैंक न पहुंच पाने के कारण वाहन चालकों को पेट्रोल से वंचित होना पड़ रहा है। पैट्रोल पम्प पर पेट्रोल न आने से जहा वाहन चालको को भारी दिक्कत हो रही है वही पम्प स्वामियों को भी लाखों का नुकसान होने की संभावना है। बता दे कि नगर के डबल फाटक स्थित पिछले तीन दिनों से पैट्रोल न होने की समस्या बनी हुई है पैट्रोल पम्पो पर पैट्रोल न मिलने के कारण वाहन चालकों को भारी समस्या से जूझना पड़ रहा है। पैट्रोल पम्प कर्मचारियों का कहना है कि मेरठ हाइवे पर अधिक जाम होने के कारण पैट्रोल के टैंक स्थानीय डिपो पर नही पहुंच पा रहे हैं। पम्पो पर पैट्रोल न आने से जहा पेट्रोल पंप स्वामियों को लाखों के नुकसान की संभावना बनी हुई है तो वही वाहन चालकों को अपने वाहन में पेट्रोल डलवाने के लिए कई किलो मीटर दूर पम्पो पर जाना पड़ रहा है। हालात यह है कि गाडी में पेट्रोल खत्म होने पर वाहन चालक दूसरे वाहन स्वामियो से पेट्रोल लेने को मजबूर हो रहे है। पेट्रोल पम्पो पर पिछले काफी दिनों से बोतल में पेट्रोल नही दिया जा रहा है, ऐसे में अगर किसी वाहन चालक की गाड़ी में पेट्रोल खत्म हो जाता है तो उसके सामने बड़ समस्या खड़व हो जायेगी। इस सम्बंध में एक पैट्रोल पम्प स्वामी ने बताया कि कावड़ यात्रा के चलते मेरठ हाइवे पर जाम की स्थिति बनी हुई है, जिस कारण पैट्रोल के टैंक स्थानीय डिपो पर नही पहुंच पा रही है। एक दो दिन बाद यह समस्या खत्म हो जाएगी।

**सम्बंध विच्छेद**

मै निजामुद्दीन पुत्र इश्हाक निवासी मोहल्ला काजी सराय उर्फ कांकर सराय तहसील एवं जिला अमरोहा का मूल निवासी हूँ। मेरा पुत्र वसीम पुत्र निजामुद्दीन पता उपरोक्त को गलत संगत में पड़ गया है। जो कि बिना की बात के दूसरों से झगड़ता रहा है। शराब का सेवन भी करता है। तथा मेरा कहना बिल्कुल भी नहीं मानता है। जिससे परेशान होकर मैं उसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ।आज से उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना देना नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### उप्र : सड़क हादसे में एक कांवड़िए की मौत, सात अन्य घायल

बरेली। हरिद्वार से गंगा जल लेकर लौट रहे एक परिवार की कार सोमवार को दिल्ली-बरेली हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में एक कांवड़िए की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि बरेली के फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के धनेटा गांव के रहने वाले गिरीश गुप्ता (40) अपने परिवार के साथ गंगा जल लेने के लिए कार से हरिद्वार गए थे। उन्होंने बताया कि परिवार सोमवार सुबह कांवड़ लेकर लौट रहा था, तभी दिल्ली-बरेली हाईवे पर मीरगंज में सिंधौली चौराहे के पास उसकी कार किसी वाहन से टकरा गई। अग्रवाल के मुताबिक, हादसे में गिरीश गुप्ता की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए, जिनमें कार चालक शामिल है। घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्री की मौत

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्री की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने बताया कि नकुड़ थाना क्षेत्र के ढायकी गांव निवासी आदेश कुमार (52) सोमवार सुबह अपनी 25 वर्षीय पुत्री के साथ बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी से घर लौट रहे थे, तभी फंदपुरी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार से आने वाले ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। राय के मुताबिक, टक्कर से आदेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी घायल बेटी को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया।

### विश्वविद्यालय परिसर में दहशत फैलाने वाला तेंदुआ पिंजरे में कैद

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के ग्लोकल विश्वविद्यालय में घुसकर छात्र-छात्राओं के बीच दहशत फैलाने वाले तेंदुए को वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद सोमवार को पिंजरे में कैद कर लिया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पहले जंगल से आए तेंदुए को लेकर ग्लोकल विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं में दहशत फैल गई थी। राय के मुताबिक, विश्वविद्यालय प्रबंधन ने वन विभाग को तेंदुए के बारे में सूचित किया था, जिसकी टीम ने कई दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद सोमवार को उसे पिंजरे में कैद कर लिया। पुलिस अधीक्षक के अनुसार, वन विभाग की टीम ने विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया, लेकिन तेंदुए का कुछ पता नहीं चल पाया था। उन्होंने बताया कि इसके बाद टीम ने विश्वविद्यालय परिसर में कई पिंजरे लगा दिए थे।

### गोरखपुर एम्स के डाक्टर समेत 21 नये कोरोना संक्रमित

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डाक्टर समेत 21 नये कोरोना संक्रमित पाये गये है हालांकि राहत की बात यह है कि 10 लोगों ने कोरोना संक्रमण को मात दे दी है और जिले में सक्रिय मामलों की संख्या 129 हो गये है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार एम्स के डाक्टर समेत तीन में संक्रमण की पुष्टि हुयी है। गोरखपुर जिले के विजय चौक निवासी 65 व 68 वर्षीय बुजुर्ग, कौडीराम में एक ही परिवार के तीन लोगों में संक्रमण मिला है। कौडीराम में मिले संक्रमितों में 15 वर्षीय किशोर, 21 वर्षीय युवती और 28 वर्षीय महिला शामिल है।

# व्यक्ति या दल के विरोध को देश के विरोध में न बदलें : प्रधानमंत्री मोदी

कानपुर, एजेंसी

समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी रहे शौर्य चक्र से सम्मानित पूर्व राज्यसभा सदस्य चौधरी की आज पुण्य तिथि है। कानपुर में उनकी पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल संबोधित किया। पीएम मोदी ने उनको महान समाजसेवी बताया और कहा कि उनके काम को कई पीढ़ियां याद रखेंगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्तमान समय में राजनीतिक दलों द्वारा लोकसभा की कार्रवाई में अवरोध पैदा करने वालों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज के दौर में विचारधारा देश के ऊपर हो गई है। एक समय था जब विपक्ष के लोगों ने कांग्रेस सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया था। वह बात चाहे 1971 में भारत पाकिस्तान के बीच युद्ध की रही हो या फिर परमाणु विस्फोट के समय की। प्रधानमंत्री मेहरबान सिंह का पुरवा में समाजवादी पार्टी से राज्यसभा सदस्य रहे चौधरी हरमोहन सिंह यादव की 10वीं



कार्यक्रम
●हरमोहन सिंह चौधरी की पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम को प्रधानमंत्री ने वर्चुअल संबोधित किया

पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को वर्चुअल रूप से संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि युद्ध के समय सभी गैर कांग्रेसी दलों ने सरकार को कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया, लेकिन जब आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को कुचला गया तो हमने एक साथ आकर उसके खिलाफ लड़ाई भी लड़ी। आज विपक्ष के लिए देश से बड़ी विचारधाराएं हो गई हैं।

हाल में यह चलन कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। उन्होंने कहा, विपक्ष के लोग इसलिए अड़ंगे लगा रहे हैं, क्योंकि जब वह सत्ता में थे तो वह उन चीजों को क्रियान्वित नहीं कर पाए थे और आज सरकार उनका क्रियान्वयन कर रही है तो वह उन्हें पसंद नहीं आ रहा। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति या दल के विरोध को देश के विरोध में न बदलें। देश सबसे पहले है। आज नए भारत में अपने अधिकारों से आगे बढ़ कर लोग कर्तव्य की बात कर रहे हैं और जब कर्तव्य की भावना बढ़ती है तो समाज खुद मजबूत हो जाता है। हम सामाजिक न्याय की भावना को स्वीकार कर अंगीकार करें। आज देश अमृत महोत्सव मना रहा है तो हमें इस दिशा में आगे बढ़ना जरूरी है। सामाजिक न्याय का मतलब है समाज के हर वर्ग को न्याय मिले और कोई पिछड़ा न रहे। उन्होंने कहा कि चौधरी हरमोहन सिंह यादव शिक्षा को सबसे जरूरी मानते थे और आज उनके कामों को उनके बेटे सुखराम सिंह यादव और पौत्र मोहित यादव आगे बढ़ा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में रहने वालों के लिए एकलव्य स्कूल चलाए जा रहे हैं। कोशिश यह है कि गांव से आने वाले बच्चे अंग्रेजी में पीछे न रह जाएं। अगले 25 साल सामाजिक न्याय के इन्हीं उद्देश्यों को पूरा करेंगे। हम सभी उसमें अपनी भूमिका का निर्वाह करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि डा. राममनोहर लोहिया जी ने गंगा नदी के संरक्षण की बात की थी। आज आज सभी लोगों को साफ पानी मिल रहा है। इसी तरह से पहली बार आदिवासी महिला देश का नेतृत्व कर रहीं हैं। समाजवादी विचारधारा के नेता हरमोहन जी ने समाज के लिए काम किया।

# योगी ने हेलीकॉप्टर से किया कांवड़ यात्रा का निरीक्षण, कांवड़ियों पर फूल बरसाए

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हेलीकॉप्टर से कांवड़ यात्रा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कांवड़ियों पर फूल भी बरसाए। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को दिल्ली की दो दिवसीय यात्रा से वापसी के दौरान मुख्यमंत्री ने हेलीकॉप्टर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा का जायजा लिया और कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा भी की।

योगी ने पूर्व में ही प्रशासनिक अधिकारियों को हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करने और कांवड़ यात्रा की निगरानी करने के निर्देश दिए थे। कोरोना महामारी के बाद यह पहला मौका है, जब प्रदेश में कांवड़ यात्रा आयोजित की जा रही है। सड़कों पर शिव भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। कहीं विशाल झांकियां निकाली जा रही हैं तो कहीं योगी-मोदी के मुखौटे पहने कांवड़िए मार्गों से गुजर रहे हैं। शिव भक्तों के स्वागत के लिए सजा शहरों का मुख्य मार्ग रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा रहा है। जगह-जगह कांवड़ सेवा शिविर स्थापित किए गए हैं। योगी ने 18 जुलाई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जिलों में तैनात वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करते हुए निर्देश दिया था कि कांवड़ यात्रा मार्ग में जगह-जगह स्वास्थ्य चौकियां स्थापित की जाएं और किसी की भी तरह की धार्मिक यात्रा या जुलूस में अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा था कि गाजियाबाद-हरिद्वार मार्ग कांवड़ यात्रा की दृष्टि से सर्वाधिक व्यस्त रहता है और यहां दूसरे राज्यों के श्रद्धालु भी आते हैं, इसलिए सीमावर्ती राज्यों से भी संवाद बनाए रखें। उन्होंने किसी भी तरह की अप्रिय सूचना मिलने पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षकों को खुद मौके पर जाने के निर्देश दिए थे।

### योगी, आनंदीबेन ने मुर्मू को दी बधाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने द्रौपदी मुर्मू के देश के 15वें राष्ट्रपति के रूप मे शपथ लेने पर बधाई दी है। इसके अलावा योगी ने पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने कहा, मुर्मू देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद को संभालने वाली पहली आदिवासी महिला तथा दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं।

# कावड़ियों का भव्य स्वागत



संभल, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद दानिश के नेतृत्व में तेजराम की कोठी के पास हयात नगर में अपने दर्जनों कार्यकताओं के साथ आने वाले शिव भक्तों को जलपान की व्यवस्था कराई गई जिस मे फल.पानी. एबं दबाईया. वितरण की गई जिसका उद्घाटन संभल जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने फीता काटकर किया आपको बता दे की जनपद संभल को अति संवेदनशील कहा जाता है लेकिन जनपद संभल में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा कावड़ियों का बहुत ही गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। मुस्लिम समुदाय की महिलाएं कावड़ियों की सेवा को आगे बढ़ चडकर हिस्सा लिया आपको बताते चलें कि मुस्लिम समुदाय की एक महिला परवीन जहां द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि हम सब आपस में हिंदू मुस्लिम भाई भाई हैं और हम सभी का फर्ज बनता है कि सभी धर्मों का सम्मान करें और एक दूसरे के त्यौहार को मिल जुलकर मनाएं यदि हम सब आपस में एक रहेंगे तो एकता की मिसाल कायमहोगी कार्यक्रम के दौरान हाजी अन्सार गुलजार अंसारी मोहम्मद अनस, खुर्शीद कुरेशी उस्मान साकिर अल्तमस फईम मोहम्मद मोहम्मद मोनिश मोनिश परबीन जहां आदि उपस्थित रहे।

# संभल: हिंदू जागृति मंच ने किया कांवड़ियों का भाव भरा स्वागत

संभल, प्रात : किरण संवाददाता

हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने कांवड़ यात्रा के तीर्थ यात्रियों को फल, बिस्किट, दवाइयां, बोतलबंद पानी वितरित करके तथा गर्म पानी से चरण पखार कर तथा मशीन के द्वारा कांवड़ यात्रा के जुलूस पर पुष्प वर्षा कर के मस्तक पर तिलक लगाकर भाव भरा स्वागत अभिनंदन किया।

आज प्रातः काल हिंदू जागृति मंच के सभी सदस्यों ने 6 कांवड़ यात्रा स्वागत वाहन तैयार किए। वाहनों में दर्द निवारक औषधियां, ओ आर एस, तथा अन्य प्राथमिक चिकित्सा हेतु सामग्री के साथ बिस्किट, टॉफी, फल, रखकर रायसत्ती तथा जोया रोड पर हसनपुर रोड पर बहजोई रोड पर जगह जगह पहुंचे और कांवड़ तीर्थ यात्रियों को मस्तक पर तिलक लगाकर उनके ऊपर मशीन के द्वारा पुष्प वर्षा की। जिससे वातावरण भक्ति में बन गया। संगठन के सदस्यों ने स्थान स्थान पर गर्म पानी की व्यवस्था



कराई थी। वह गर्म पानी से कांवड़ तीर्थ यात्रियों के चरण धुलाए गए। उन्हें तोलिया से पोंछकर उनको फल आदि वितरित कर उनको भाव भरा अभिनंदन स्वागत किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनन्त कुमार अग्रवाल ने कहा कि कांवड़ यात्रा को देखकर रामचरितमानस की चौपाई याद आती है जात पांत पूछे नहीं कोई। हरि को भजे सो हरि को होई। अर्थात जाति भेद खत्म होकर सब लोग बम बम भोले के वेश में समा गए हैं। प्रदेश महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने कहा कि संपूर्ण हिंदू समाज कांवड़ यात्रा में प्रत्यक्ष परोक्ष रूप से सम्मिलित है। कुछ लोग कांवड़ लेने जाते हैं। कुछ लोग उनकी सेवा करते हैं। कुछ लोग उनके दर्शन करते हैं। कुछ लोग उनकी प्रशंसा करते हैं। इस प्रकार समस्त हिंदू समाज कांवड़ यात्रा को गर्व और गौरव की अनुभूति करता है।

हिंदू जागृति महिला मंच के जिला अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने कांवड़ तीर्थ यात्रियों की संपूर्ण व्यवस्था का संचालन किया और जगह-जगह पानी खाद्य सामग्री और दवाइयों की व्यवस्था कराई। मुन्नी माता मंदिर पर विशेष रूप से मुकेश कुमार शर्मा, राज कुमार शर्मा आदि ने व्यवस्था करते हुए हिंदू जागृति मंच के सहयोग की प्रशंसा की और कहा कि कांवड़ तीर्थ यात्रियों की सेवा शुरू करने से भोले बाबा सभी मनोरथ पूर्ण करते हैं। इस अवसर पर आशा गुप्ता, शालिनी रस्तोगी, राजेंद्र गुर्जर, विनोद कुमार अग्रवाल, संतोष कुमार गुप्ता विकास कुमार वर्मा विष्णु कुमार आदि सम्मिलित रहे।

# अनएकेडमी का पहला सेंटर राजधानी में खुला



लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता

राजधानी लखनऊ के अलीगंज में अनएकेडमी ने अपना पहला सेंटर खोला। सेंटर का उद्घाटन उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने किया। इस मौके पर अनएकेडमी के चीफ फीडबैक और बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली। वो आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी देखकर बहुत उत्साहित थे। उन्होंने बताया कि जल्द ही पूरे देश 9 और सेंटर खोले जायेंगे। इसके अलावा इस सेंटर के अनुभव को देखते हुए शहर में भी और सेंटर खोले जायेंगे। उन्होंने बताया कि पहले बैच की शुरूआत नीट से करेंगे। छात्रों को सुविधा देने के लिए सेंटर द्वारा स्कालरशिप टेस्ट भी होंगे। इसके अलावा जिन बच्चों के माता पिता पुलिस या आर्मी में हैं उनको 50 प्रतिशत तक फीस में छूट दी जायेगी। विवेक बताते हैं उनके सेंटर पर बच्चों को पढ़ाने वाला कन्टेन्ट कोटा और जयपुर के टॉप लोंगों ने बनाया है। उनके सेंटर से ऐसे प्रोफेसर जुड़े हैं जिनका टीचिंग में 20 साल का अनुभव है। विवेक ने बताया कि आने वाले समय में जयपुर, अहमदाबाद, चंडीगढ़, पटना, पूणे, बैंगलुरू और दिल्ली एनसीआर में अपने ऑफलाइन सेंटर शुरू करेगा।

# मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में पाँच दिवसीय निशुल्क शिविर शुभारंभ

संभल , प्रात : किरण संवाददाता

पाँच दिवसीय निशुल्क सर्जरी चिकित्सा परामर्श शिविर का शुभारम्भ सीता रोड स्थित माँ मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में किया गया।जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि कवि माधव मिश्रा,विशिष्ट अतिथि संगीता भार्गव,मुख्य वक्ता डॉ टीएस पाल,लेप्रोस्कोपी सर्जन डॉ आनद कुमार द्विवेदी हॉस्पिटल संस्थापक डॉ एमएल पाल ने सयुंक्त रूप से फीता काटकर किया।मुख्य अतिथि समाजसेवी कवि माधव मिश्रा ने कहा शिविर के माध्यम से शहरी एवम ग्रामीण गरीब लोगों को सुलभ इलाज मिल सकेगा।

विशिष्ट अतिथि समाजसेविका संगीता भार्गव ने कहा माँ हॉस्पिटल में नये सर्जन की सेवाएं लाभप्रद साबित होंगी। और मरीजों को सस्ती चिकित्सा सेवा उपलब्ध हो सकेगी। मुख्य वक्ता समाजसेवी डॉ टी एस पाल ने कहा



●माँ हॉस्पिटल में नये सर्जन की सेवाएं लाभप्रद साबित होंगी: संगीता भार्गव

हर डॉक्टर का प्रयास होता है कि वह अपने द्वारा अच्छा एवम शत-प्रतिशत सफल उपचार मरीज को दे सके। ताकि उसके द्वारा किया गया सेवाभाव को लोग हमेशा याद रखें। क्योंकि चिकित्सा कार्य विश्वास के साथ सेवा करके लोगो के दिलो को जीतने का माध्यम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे माँ हॉस्पिटल के चैयरमेन डॉ मोहन लाल पाल ने बताया आज फरीदाबाद से जनरल एवम लेप्रोस्कोपी सर्जन डॉ आनन्द कुमार द्विवेदी ने 50 मरीजो को दिया। निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में पांच दिन पित्त की थैली व गुर्दे की पथरी, रसौली, हर्निया, अपेन्डिक्स, प्रोस्टेट, पाइल्स, पेट की सभी बीमारी का इलाज हेतु परामर्श देंगे एवम उनका आवश्यकता अनुसार ऑपरेशन भी न्यूनतम शुल्क में करेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ जयशंकर दुबे ने किया। तथा भुवनेश कुमार वार्ष्णेय,डॉ नितिन कुमार,कुमुद अग्रवाल,सभासद धारा सिंह ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान प्रेमपाल सिंह,आशा गोस्वामी,डॉ हरिशंकर धनगर,ओमवती देवी,तपस्या वार्ष्णेय,बदन सिंह यादव,पुष्पेंद्र शर्मा,यमुना प्रसाद,राजवीर सिंह,प्रवीन पुसी बाबा,राजकिशोर शर्मा,अब्दुल हसन, दीपक, लक्ष्मन, अमित, आमीर खान, योगेंद,सरोज, शाहीन खान, शिवम,चेतना आदि उपस्थित रहे।

### कौशांबी में फंदे से लटकता मिला महिला सिपाही का शव

**कौशांबी।** कौशांबी जिले के कड़ा धाम थाने में तैनात एक महिला सिपाही ने कथित तौर पर कमरे के अंदर फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) हेमराज मीणा ने बताया कि कानपुर के बर्रा फेस–2 निवासी रुचि सचान 2019 बैच की सिपाही थी और वह जिले के कड़ा धाम थाने में तैनात थी। उन्होंने बताया कि वह थाना क्षेत्र के देवीगंज कस्बे में किराए के कमरे में रहती थी और रविवार को उसकी ड्यूटी थाना क्षेत्र के मां शीतला मंदिर कड़ा धाम में लगी थी लेकिन वह ड्यूटी पर नहीं गई थी। एसपी ने बताया कि रविवार की शाम को महिला सिपाही के पिता का फोन थानाध्यक्ष के पास आया कि वह फोन नहीं उठा रही है। इस पर थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे तो कमरा अंदर से बंद था और उन्होंने कमरे की खिड़की से झांक कर देखा गया तो रुचि सचान \कमरे में लगे पंखे के सहारे फंदे से झूलती नजर आई। उन्होंने बताया कि थानाध्यक्ष ने महिला सिपाही के परिजनों को सूचना दी और देर रात में परिजनों के आने पर दरवाजा तोड़कर रुचि का शव फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# स्वास्थ्य विभाग की महैरबानी से धड़ल्ले से चल रहे अवैध क्लीनिक जिम्मेदार कौन

संभल, प्रात : किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगातार अवैध रूप से चल रहे क्लीनिक एवं झोलाछाप डॉक्टरो पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश होने के बाद भी जनपद संभल में दबंग झोलाछाप डॉक्टरो पर जिला प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्रवाई ना होने के कारण हौसले बुलंद हैं नियम कानून को ताक पर रखकर निडर होकर चला रहे है अवैध क्लीनिक

अपनी दबंगई के चलते पत्रकारों को जान से मारने की धमकी देने से नहीं आ रहा बाज। थाना नखासा के ग्राम पंचायत जालाब सराय में अवैध शाद क्लीनिक का संचालक मौहम्मद आरिफ निवासी सलार पुर कला जनपद सम्भल काफी बर्षो से अपना अबैध रूप से क्लीनिक चला रहा है। सोमवार को दैनिक प्रातः किरण की टीम द्वारा खबर के लिए जब जालम सराय गांव का रुख किया तो वहां



● अवैध रूप से चल रहे है क्लीनिक पत्रकार द्वारा फोटो खींचने पर डॉक्टर हुआ आग बबूला पत्रकार को दी जान से मारने की धमकी

देखा की एक व्यक्ति द्वारा क्लीनिक चलाया जा रहा है और जिस पर मरीजों की काफी भीड़ थी भीड़ को देखकर तो दुकान की फोटोग्राफी की गई तो डॉक्टर आरिफ आग बबूला हो गया और अंदर से बाहर आया और कहां फोटो डिलीट मार दो यदि आपके द्वारा फोटो डिलीट नहीं किया तो अभी आपको जान से मार दूंगा। और तुम्हारे खिलाफ आरोप लगाकर रिपोर्ट लिखा दूंगा आप मुझ से एक लाख रुपए मांग रहे हो इतना कहकर डॉक्टर आरिफ अपने दुकान में बैठकर दबंगई के बल पर मरीजों का इलाज करना शुरू कर दिया और स्वास्थ्य विभाग को बदनाम करने लगा कहा की में सीएमओ ऑफिस में प्रति माह पैसा देता हूं आप मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते देखना होगा कि अवैध रूप से चल रहे क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है या फिर अवैध रूप से इसी तरह चलता रहेगा क्लीनिक।

# नवयुग कन्या महाविद्यालय में हुआ सम्मान समारोह

लखनऊ , प्रात : किरण संवाददाता

लहराएगा तिरंगा अब सारे आसमान पर, भारत का नाम होगा सबकी जुबान पर, ले लेंगे उसकी जान या खेलेंगे अपनी जान पर, कोई जो आंख उठाएगा हमारे हिंदुस्तान पर - इस जज्बात के साथ कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में सोमवार को नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्रनगर लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज कुमार पांडे के पिता श्री गोपीचंद पांडे एवं भाई श्री मनमोहन पांडे, श्रीमती अनुराधा पांडे तथा राइफलमैन सुनील जंग की माता श्रीमती बीना महत को सम्मान चिन्ह, अंग वस्त्र एवं पौध देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में ब्रिगेडियर रवि कपूर, ग्रुप कमांडर लखनऊ मुख्यालय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्नल दिनेश कनौजिया, कमांडिंग ऑफिसर 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन से हुआ ।तत्पश्चात कैडेट स्वाति त्रिपाठी ने गणेश वंदना प्रस्तुत की एवम् प्राचार्य



प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय एवं मेजर (डॉ) मनमीत कौर सोढ़ी द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को प्रशस्ति चिन्ह एवं पौध भेंट किया गया क

इस अवसर पर कैडेट सौम्या भंडारी के संचालन में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात मेजर मनमीत कौर सोढ़ी ने कैप्टन मनोज कुमार पांडे तथा राइफलमैन सुनील जंग के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इतनी छोटी उम्र में ये जांबाज सपूत वीरता और साहस की अनोखी मिसाल पेश कर गए जिसके लिए देश के निवासी सदैव कृतज्ञ रहेंगे । मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर रवि कपूर ने अपने संबोधन में कहा महाविद्यालय स्तर पर इस प्रकार का कार्यक्रम युवा कैडेट्स को एक नई दिशा देने का प्रयास है और यह सीखने की आवश्यकता है कि किस प्रकार विपरीत परिस्थितियों में देश के जवान साहस और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने

● गर्ल्स एनसीसी विंग द्वारा अमर शहीद मनोज कुमार पाण्डेय एवम् सुनील जंग के परिजनों को किया गया सम्मानित

सभी का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि युवाओं में राष्ट्रीयता की भावना का विकास करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं हम सभी को राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन अवश्य करना चाहिए यही सच्चे अर्थों में शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि होगी क

राष्ट्रगान एवं भारत माता की जय के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ । इस विशेष अवसर पर कैडेट आकांक्षा पाल ने कैप्टन मनोज कुमार पांडे का तथा वसुंधरा गंगवार ने राइफलमैन सुनील जंग का स्केच बनाया एवं उनके परिवार जनों को भेंट किया गया। कार्यक्रम में 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी से सूबेदार मेजर ताजबर सिंह, सूबेदार राजेश अधिकारी तथा बीएचएम विश्वजीत सरकार,महाविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. सृष्टि श्रीवास्तव , डॉ सुनीता द्विवेदी, डॉ मंजू, डॉ अर्चना,डॉ आभा दुबे बड़ी संख्या में कैडेट्स व छात्राएं उपस्थित रहे। राष्ट्रगान एवं भारत माता की जय के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### एसटीएफ ने नशीले पदार्थ के तस्कर को गिरफ्तार किया, 4.48 क्विंटल गांजा बरामद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने नशीले पदार्थ के एक तस्कर को गिरफ्तार कर करीब एक करोड़ रुपये मूल्य का 4.48 क्विंटल गांजा बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाराबंकी निवासी संजय सिंह को रविवार को एक गुप्त सूचना के आधार पर रायबरेली जिले के भदोखर इलाके से एक टैंकर के साथ गिरफ्तार किया गया, जिसमें वह गांजा की तस्करी कर रहा था। एसटीएफ की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, पूछताछ में संजय सिंह ने बताया कि उसका गिरोह ओडिशा से नशीले पदार्थों की तस्करी कर प्रतापगढ़ और आसपास के इलाकों में बेचता है। एसटीएफ के अनुसार, आरोपी ने कहा कि उसे प्रति आपूर्ति पर 25 हजार रुपये मिलते थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामला स्वापक नियंत्रण ब्यूरो को स्थानांतरित कर दिया गया है, जिसने इस संबंध में लखनऊ में स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्श अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सामूहिक महाआरती के द्वारा हुई भगवान शिव की विशेष पूजा

संभल, प्रात : किरण संवाददाता

श्रावण मास के सोमवार को भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना कर सामूहिक महाआरती के माध्यम से अपनी आस्था और भक्ति का प्रदर्शन किया। नगर के कोट पूर्वी मोहल्ले में स्थित सरथल पुलिस चौकी के शिव मंदिर में सोमवार के संध्या समय अनेक आस्थावान श्रद्धालु भक्तजन इकट्ठे हुए। मुख्य यजमान नेहा मलय एवं मलयकांति ने भगवान शिव की वेद मंत्रों के साथ पूजा अर्चना की। बेल पत्र मिष्ठान फूल रोली चंदन मिष्ठान फल अर्पित किए तथा जलाभिषेक-रूद्राभिषेक भी किया तत्पश्चात उपस्थित हुए सभी भक्तों श्रद्धालुओं के साथ मुख्य यजमान ने भगवान शिव की सामूहिक रूप से महाआरती का गायन किया। सभी लोग आस्था श्रद्धा और भक्ति के साथ जहां भगवान शिव की मंत्रमुग्ध आरती का गायन कर रहे थे वहीं कुछ श्रद्धालुओं ने आरती करने वाले श्रद्धालुओं पर ससम्मान पुष्प वर्षा भी की। सामूहिक आरती में सभी भक्तों के हाथों में आरती की थाली थी। आरती के पश्चात सभी भक्तों ने भगवान शिव को बेलपत्र, मिष्ठान, धतूरा के साथ अपनी दक्षिणा भी अर्पित की। और भगवान शिव से मनोवांछित वरदान प्राप्त करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर हिंदू जागृति महिला मंच की प्रदेश अध्यक्ष नेहामलय ने कहा कि यूं तो पूरा श्रावण मास भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है लेकिन श्रावण मास के सोमवार भगवान शिव के लिए एक त्योहार का दिन है। उन्होंने कहा कि जो भी शिव भक्त श्रावण के सोमवार में रुद्राभिषेक जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की आराधना करता है उसे मनोवांछित परिणाम प्राप्त होता है। शशिकांत गोयल, मलयकांति, सिद्धांत त्रिवेदी, प्रीति शर्मा, आदि अनेक भक्तों ने अपने विचार व्यक्त किए।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर परिषद द्वारा जेसीबी की खरीद

फतुहा। शहर में साफ-सफाई को लेकर नगर परिषद द्वारा जेसीबी की खरीद की गई है। इस संबंध में मुख्य पार्षद रूपा कुमारी ने बताया कि नगर परिषद फतुहा में साफ-सफाई को लेकर 36 लाख की लागत से एक जेसीबी की खरीद की गई है। साथ ही मुख्य पार्षद रूपा कुमारी ने कहा कि हम फतुहा के विकास हेतु प्रतिबद्ध हैं। नगरवासियों के हित में हमेशा कार्य किया और करते हैं। मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव, पूर्व उपाध्यक्ष संजय गोप, समाजसेवी सुधीर कुमार यादव, पार्षद दीपक कुमार, मो. बबलू, ज्ञान प्रकाश, सिटी मैनेजर साकेत कुमार सिन्हा उपस्थित रहे।

### जरूरतमंदों के बीच किया राशन वितरित

पटना सिटी। शंकर चौधरी समृध्दि योजना के तहत जरूरतमंदों के बीच राशन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सुजीत कसेरा, शंकर चंद्रवंशी, खाजेकलां मंडल अध्यक्ष अमित सिंह, मन्नी बाबा, सुरेश मिश्रा, सुजीत कुमार चौधरी आदि ने जरूरतमंदों के बीच राशन का वितरण किया। इस दौरान मौजूद लोगों ने कहा कि समाजसेवी व शिक्षाविद शंकर चौधरीं के द्वारा जनहित में अनेक कार्य किए गए। इसमें अशोक राजपथ व अन्य स्थान पर पौधरोपण, कोरोना काल मे अनाज का वितरण, स्लम के बच्चों को एक साथ बिठा का खाना खिलानानौर उन सबों का काउंसिलिंग करना, स्लम के गरीब महिला-पुरुषों को गर्म कपड़ा देना, शिक्षा को प्रेरित करना और मदद करना आदि है। इन्होंने कभी भी मदद लेने वालों की तस्वीर खींच प्रसारित-प्रचारित नहीं कराया, बल्कि उनका चेहरा छिपाए रखा।

### सीबीएसई दसवीं परीक्षा में उत्कर्ष राज को मिला 96.8 प्रतिशत अंक, परिवार में हर्ष का माहौल

फतुहा। रायपुरा निवासी किराना दुकानदार चलाने वाले मनोज कुमार गुप्ता (नेता जी) के पुत्र उत्कर्ष राज ने सीबीएसई में बेहतर प्रदर्शन कर घर-परिवार वालों का मान बढ़ाया है और टॉप कर फतुहा का नाम रौशन किया। उत्कर्ष राज ने सीबीएसई दसवीं की परीक्षा 96.8 फीसदी अंक के साथ उत्तीर्ण की है। डी पॉल स्कूल के छात्र उत्कर्ष राज को कुल 484 अंक प्राप्त हुए हैं। जहां उत्कर्ष राज की मां प्रियंका देवी और बहन प्रिया मानसी और परिवार में हर्ष का माहौल है, वहीं उसके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। अपनी इस सफलता का श्रेय वह अपने माता-पिता, शिक्षक और अपने स्वाध्याय को देता है।

# संगठन जिला बाढ़ भाजपा के जिला कार्यसमिति की हुई बैठक

बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता




संगठन जिला बाढ़ भाजपा के जिला कार्यसमिति की बैठक बाढ़ डाकबंगला स्थित हॉल में जिला अध्यक्ष डॉ सियाराम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बैकुंठपुर के पूर्व विधायक प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार तिवारी उपस्थित हुए उन्होंने अपने संबोधन में संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया 28 एवं 29 जुलाई को प्रवासी कार्यकताओं के बाढ़ बख्तियारपुर एवं फतवा विधानसभाओं में होने वाले प्रवास एवं कार्यक्रम के बारे में युवा मोर्चा महिला मोर्चा एवं किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं प्रभारी से जानकारी लिया ज्ञात हो कि पूरे बिहार के 200 विधानसभा में 28 एवं 29 जुलाई को पटना आने वाले सभी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति में भाग लेने वाले दो दो पदाधिकारियों को प्रवास पर भेजा जा रहा है इसी के तहत बाढ़ विधानसभा में युवा मोर्चा को बख्तियारपुर विधानसभा मैं किसान मोर्चा को तथा महिला मोर्चा को फतवा विधानसभा मैं कार्यक्रम दिया गया है मिथलेश तिवारी ने सभी मंडल अध्यक्षों एवं जिला के सभी पदाधिकारियों से पन्ना प्रमुख यथाशीघ्र बनाने का भी आग्रह किया उन्होंने31 जुलाई को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी के द्वारा नवनिर्मित जिला कार्यालय का पटना से रिमोट के द्वारा उद्घाटन के अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया उन्होंने उपस्थित सभी कार्यकताओं से आग्रह किया कि केंद्र की सरकार के किए हुए कार्यों को जन जन तक बताने एवं पहुंचाने की जरूरत है बहुत सारे उदाहरण लेकर उन्होंने कार्यकताओं का उत्साह वर्धन किया उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को अमृत महोत्सव के समाप्त होने के बाद भारत किस प्रकार अमृत काल में प्रवेश करेगा एवं आने वाले समय में भारत किस प्रकार विश्व गुरु की ओर अग्रसर होगा बैठक में बख्तियारपुर के पूर्व विधायक रणविजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू मुखिया जिला प्रभारी सीताराम पांडे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश सिंह नरेश महतो मनोज कुमार पप्पू कुंवर विजय पासवान धर्मवीर सिंह प्रियरंजन कुमार सत्यनारायण प्रसाद अरविंद यादव हेमंत सिंह निलेश रंजन दिलीप टुनटुन आकाश यादव रोशन भारद्वाज किरण गुप्ता प्रीति रानी सुषमा गुप्ता संजीव कुमार मुन्ना राजू कुमार मुन्ना अवधेश सिंह प्रमोद कुमार सिंह उमेश सिंह बैकुंठ नारायण झा संजय कुमार शाह राधे विश्वकर्मा केशव कांत प्रसाद संजय गिरी सहित काफी संख्या में जिला के पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष महामंत्री कार्यसमिति सदस्य उपस्थित थे।

## बच्चों, बड़ों व कन्याओं में समन्वय बना व्यावहारिक ज्ञान दें



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में संगठन शक्ति के संवर्धन हेतु बिहार क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती शशि जी बोहरा, श्रीमती सीमा जी बैद तथा पूर्व कार्यसमिति सदस्य प्रवक्ता उपासिका जी, श्रीमती संतोष जी श्रीमाल का आगमन हुआ। सज्जन दुग्गड़ के आवास पर कार्यक्रम का आगाज नमस्कार महामंत्र एवं कार्यसमिति के सदस्य बहनों ने प्रेरणा गीत के संगान से किया।

मंडल की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता बरमेचा व मंत्री श्रीमती श्रद्धा जैन ने बहनों का तिलक व पचरंगी दुपट्टे से सम्मान किया। क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती शशि जी बोहरा के द्वारा साध्वी प्रमुख श्री विशुद्ध विभा जी के संदेश का वाचन एवं संगठन यात्रा के उद्देश्य जैसे आपसी तालमेल बिठाना एवं कार्यों का निरीक्षण करना, प्रत्येक शाखा को मजबूत करना, सौहार्द की भावना प्रेषित करना आदि था। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा ऊर्जा संप्रेषण में उपहारस्वरूप जिज्ञासाओं का समाधान, शाखाओं के चहुमुखी विकास की ओर कदम मिलाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उसका वाचन हमारी अध्यक्ष श्रीमती सुनीता बरमेचा ने किया। उपाध्यक्ष श्रीमती प्रभा गोलछा ने शाखा मंडल में हुए कार्य की गति प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। संतोष जी श्री माल के द्वारा दो योजना आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना एवं कन्या सुरक्षा योजना का विस्तृत रूप से बताया गया।

उन्होंने जीव की सूक्ष्मता का विवेचन किया कि कैसे बच्चों एवं बड़ों में समन्वय लाना, कन्याओं में व्यावहारिक ज्ञान सिखाना एवं तत्व ज्ञान परीक्षा की उन्होंने प्रेरणा दी। सीमा जी बैद के द्वारा दो अन्य योजनाएं स्वस्थ परिवार स्वस्थ समाज व समृद्ध राष्ट्र योजना को विस्तृत रूप से समझाया और संविधान की जानकारी दी। सही समय पर अपनी शक्ति को पहचानो, आगे बढ़ो एवं सभी सदस्यों के साथ जुड़ाव का अनुभव करो। संचालन श्रीमती अनुभव छाजेड़ व आभार ज्ञापन श्रीमती श्रद्धा जैन ने किया। भावना चौके में 5100 रुपए मंडल की ओर से प्रदान किए गए।

## तख्तश्री में मत्था टेक मन की बात कंगन घाट में सुनेंगे जेपी नड्डा

### नितीन, नंदकिशोर, दिलीप ने जायजा लिया, पुलिस प्रशासन को निदेश



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पटना साहिब के कंगन घाट स्थित पर्यटक भवन में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह 31 जुलाई को होगा। इस निमित्त पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव और विधान पार्षद दिलीप जायसवाल ने आयोजन स्थल का जायजा लिया। अनुमंडलाधिकारी मुकेश रंजन, डीएसपी अमित शरण, ट्रैफिक डीएसपी अनिल कुमार, पथ निर्माण के अभियंतागण ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही आवागमन मार्ग से संबंधित कार्य पर चर्चा हुई। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश मंत्री रूपनारायण मेहता, पूर्व उपमहापौर संतोष मेहता, मीडिया प्रभारी पटना महानगर भाजपा के प्रदीप काश, तख्तश्री हरिमंदिर प्रबंधक कमेटी के उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह, सदस्य गुरुबिंदर सिंह, महाराजा सिंह सोनू, रंजीत सिन्हा, विनय केसरी, संजीव यादव, अमित कनोडिया, राजेश साह, सरोज जायसवाल, कांति केसरी, त्रिलोक सिंह, शेर सिंह, नितेंद्र अवस्थी, सुरेश सिंह पटेल, सन्नी यादव, ललित अग्रवाल, सुजीत कुशवाहा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## द ग्रैंड स्टडी किंग स्टडी कैफे लाइब्रेरी का उदघाटन

**फतुहा।** शहर के स्टेशन रोड नलबंधवा गली में सोमवार को द ग्रैंड स्टडी किंग स्टडी कैफे लाइब्रेरी का उद्घाटन समाजसेवी रेखा देवी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर द ग्रैंड स्टडी किंग स्टडी कैफे लाइब्रेरी के डायरेक्टर अभिषेक कुमार ने बताया कि मेरे लाइब्रेरी में जो सुविधाएं उपलब्ध है वो पूरे फतुहा ही नहीं पूरे बिहार में कहीं नहीं मिलेगा। हमारे इस लाइब्रेरी में छात्रों के लिए हाई स्पीड इंटरनेट, आर ओ का पानी, पत्रिका, अखबार, फोटो कॉपी, फॉर्म आनलाईन की सुविधा, चाय-काफी, सीसीटीवी कैमरा, लॉकर, मोबाइल -लैपटॉप चार्जिंग सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। वहीं पूरे विधि-विधान से पूजा -पाठ होने के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर फिटीन साव, दिनेश प्रसाद, जिला पार्षद अमित राज (बबलू यादव), डॉ रंजन यादव, पार्षद जीतेन्द्र सिंह, सुनील साव, अजय कुमार गुप्ता, शिव नारायण प्रसाद, प्रमोद कुमार, मंजीत आनंद साहू, शिक्षक आर के दत्ता सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## आरपीएम कॉलेज का भवन छोटा, खेल मैदान नहीं

### बीबीए, बी लाइब्रेरी में पढ़ाई शुरू, सेफ्टी प्रबंधन की होगी शुरू



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शहर का पुराना और प्रतिष्ठित कालेज में एक रामेश्वर दास पन्ना लाल महिला महाविद्यालय का भवन छोटा है। इससे पर्याप्त क्लास रूम की व्यवस्था भी नहीं है। छात्रों का एक साथ सभी क्लास का चलना भी मुश्किल होता है। खेल का मैदान का अभाव है। कालेज के स्थापना दिवस या अन्य आयोजन या गतिविधियां करने के लिए किसी स्थान को बुक करना होता है या अनुमति लेनी होती है या फिर छोटे जगह में आयोजन करना होता है। यह बात प्राचार्य प्रो सीता सिन्हा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज में बीबीए और बी लाइब्रेरी की पढ़ाई शुरू हो रही है। एडमिशन भी शुरू हो चुका है। एक और पाठ्यक्रम सेफ्टी मैनेजमेंट का प्रस्ताव भेजा गया है। विश्वविद्यालय से अनुमति मिलने की पूरी संभावना है। कालेज के नैक प्रत्यायन प्राथमिकता में है। इसके लिए अनेक काम हुआ है और प्रयास किया जा रहा है। छात्राओं के सर्वांगींण विकास को भी अनेक कार्य किए जा रहे हैं। नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी से भी छात्राएं लाभान्वित हो रही हैं। सबसे बड़ी दूसरी समस्या टीचर और स्टाफ की कमी है। फिर भी टीचर्स अपना पूरा एफर्ट छात्राओं को दे रही हैं। प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया प्रभारी डॉ अंजू जैन, बर्सर डॉ नीलम, नैक कॉर्डिनेटर डॉ रजिया नसरीन और पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रोडॉ शिवचंद्र सिंह मौजूद रहे।

## राष्ट्रपति पद की शपथ व छात्रों का मनमोहक प्रस्तुति



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को देश के राष्ट्रपति बनने पर छात्र-छात्राओं में खुशी देखी गई और उन सबों ने नृत्य-संगीत से समा बांधने का काम किया। आयोजन किड्स एन किड्स प्ले ग्रुप, किसलय इंटरनेशनल स्कूल जीतू लाल लेन चौकशिकारपुर में किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ उड़िया नृत्य-गीत पेश कर उनका अभिनंदन किया गया। इस संबंध में निदेशक प्रमुख, लेखक एवं कथाकार बिनोद किसलय ने बताया कि महामहिम राष्ट्रपति का अभिनंदन लिख कर गर्व महसूस करता हूं। इससे पूर्व भी राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के लिए भी अभिनंदन पत्र लिखा था। इस मौके पर प्राचार्य सरोज जयसवाल, आनंद मोहन झा, ऋतु राज, नितिका सिन्हा, बंटी कुमार, स्वाति, सोनाली, अपर्णा, मीनाक्षी, छात्रा-छात्राओं में अनिका कुमारी, अनाया सिंह, आयांश सिंह, एकता पंडित, प्रिंस राज, आर्यन राज, मो फहद, परिद्धि ,देवांशु, अंश, प्रिया, हिमांशु, रिया, आयुषी, श्रेया, मानस, आयु, आयुष, मयंक, सौरवी, आदित्य, अनन्या, कामाक्षी, एकलव्य, कामाक आदि उपस्थित थे।

## पेट्रोल पंप कर्मचारी से रुपया के बैग लेकर हुआ फरार

**दानापुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोला रोड स्थित राजधानी फ्युल स्टेशन पेट्रोल पंप के कर्मचारी कृष्णा कुमार सिंह व मुनी लाल राय रोज की तरह पेट्रोल पंप के रुपए सगुना स्थित एसबीआई में जमा कराने जा रहे थे। कृष्णा बाइक चला रहे थे व मुनी लाल बैग में 15, 8,620/- लाख रुपए रख पीछे बैठे हुए थे। उन लोगों की सुरक्षा हेतु पेट्रॉल पंप का एक औक और कर्मी सोनू कुमार पीछे अपने सहयोगी के साथ बाइक पर रेकी करते हुए चल रहे थे। पेट्रोल पंप के करीब सौ मीटर दूर लिंक रोड पर पहुंचने पर पीछे से एक पल्सर बाइक पर सवार दो बदमाश आकर चलती हुई बाइक से मुनी लाल के हाथ से रुपए से भरा बैग झपट्टा मारकर छीन लिया और तेज गति से भागने लगे। पीछे सुरक्षा हेतु मौजूद कर्मी सोनू व उसका साथी आरपीएस मोड़ तक पीछा किया मगर बदमाथ बाइक की गति काफी तेज करते हुए आंख से ओझल हो गये।

## श्री व पंगुड़ा साहिब में सोना-चांदी की कमी के बाद प्रत्यारोप

### तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपे बिना मामला मीडिया में

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



तख्तश्री हरीमंदिर जी पटना साहिब के दरबार साहिब में पंजाब के जालंधर के करतारपुर के गुरुबिंदर सिंह के द्वारा प्रदान किया गया भेंटा विवाद में आ गया है। सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन के द्वारा पत्र लिखे जाने के बाद अध्यक्ष ने तीन सदस्यीय जांच समिति श्री ढिल्लन के नेतृत्व में बनाई। इसमें उनके अलावा गुरुशरण सिंह चावला और रविन्द्र सिंह शामिल किया गया। इस जांच में सहिग को जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह को लिखा गया। जत्थेदार की गैरमौजूदगी में बड़ी कलगी, श्री साहिब और पंगुड़ा साहिब की जांच कराई गई। इसमें दाता डॉ सामरा के द्वारा बताए गए अनुसार सोना, पत्थर व नग नहीं मिला। इस सामान की जांच में कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह, अधीक्षक दलजीत सिंह और पंज प्यारों की ओर से कथावाचक सुखदेव सिंह भी मौजूद रहे और जांच पर सबों में हस्ताक्षर भी हैं। हालांकि तीसरे सदस्य गुरुशरण सिंह के बाहर रहने से रिपोर्ट पर उनका हस्ताक्षर नहीं हो पाया। फिर जांच समिति ने कमेटी के अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपे बिना उसे मीडिया के समक्ष पेश कर दिया। इसमें तीन सामान की जांच में खासकर श्री साहिब व पंगुड़ा साहिब में बताए गए सोना-चांदी काफी कम है। सवाल है कि जब दरबार साहिब में सोना-चांदी की अंगूठी, हार, चंवर आदि की जांच स्वर्णकार से कराने के बाद दानदाता को रसीद दी जाती है।वहीं डॉ गुरुबिन्दर सिंह सामरा में द्वारा अनेक किलो सोना, चांदी, कीमती नग, पत्थर दिए जाने की बात कही गयी तो कमेटी के द्वारा क्यों नहीं सामान की जांच कराई गई। यह आवाज न उठती तो शायद जांच न होती और मामला उजागर न होता। दूसरी ओर जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह ने कहा कि उन्हें कोई लेटर जांच में सहयोग को नहीं मिला। जब श्री ढिल्लन को जांच समिति का नेतृत्वकर्ता बनाया गया, तब वे अध्यक्ष से आपत्ति जताई थी। उन्हें जांच में सहयोग का कोई पत्र नहीं मिला है और न ही उनके पटना साहिब जे बाहर रहने पर गर्भगृह से सामान जांच को बाहर ले जाने के बाबत बताने का काम किया गया। इधर कमेटी के अध्यक्ष अवतार सिंह हित ने कहा कि पांच अगस्त को मीटिंग में उस पर फैसला लिया जाएगा।

## नताशा बनीं सावन क्वीन



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

अब के सावन ऐसे बरसे, आया सावन झूम के, सावन में लग गयी आग, सावन के झूले, लगी आज सावन की जैसे गीतों पर सावन की मस्ती में महिलाएँ झूम उठीं।।

मौका था पटना रोहतगी महासभा के द्वारा आयोजित सावन मिलन कार्यक्रम का। हरे परिधानों में सजी महिलाएं मोरनी की तरह सावन गीतों पर थिरक रही थीं। उन सबों ने रैंप पर कैटवॉक, वन मिनट गेम, म्यूजिकल चेयर, हाउजी जैसे मनमोहक गेम खेले और लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया। कजरी पर ठुमका लगाया। मंच संचालन शीला रोहतगी ने किया एवं निर्णायक मंडल में सरिता रोहतगी व डॉ अर्चना रोहतगी थीं। सावन क्वीन का खिताब नताशा रोहतगी को मिला।

निर्णायक मंडल ने क्राउन पहनाकर विजेता घोषित किया। मौके पर कविता, इति, नताशा, प्रज्ञा, पायल, कृति, अलका, प्रियंका एवं शिल्पी समेत रोहतगी परिवार मौजूद थीं।

# चंद्रिका बाबू बाढ़ की शिक्षा जगत के चंद्रमा थे: सत्येंद्र प्रसाद सिंह

बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता



स्थानीय जगन्नाथन प्लस टू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पूर्व प्राध्यापक भूगोल के ज्ञाता एवं मनसा वाचा कर्मणा एक संपूर्ण शिक्षक तथा सरल मना समाजसेवी के रूप में अपनी बेदाग जिंदगी व्यतीत करने वाले चंद्रिका प्रसाद साहू के निधन पर एक शोक सभा पूर्व प्राध्यापक जगदीश प्रसाद साहू की अध्यक्षता में विद्यालय के प्रांगण में हुई। जिसमें बतौर विशिष्ट अतिथि एसबीआर कॉलेज बाढ़ के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसरसाधु शरण सिंह सुमन उपस्थित थे। संचालन कर रहे थे विद्यालय के विद्वान शिक्षक अनुराग कुमार। इस श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य तथा बाढ़शिक्षक संघ के अध्यक्ष सतेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि चंद्रिका बाबू बाढ़ अनुमंडल के शिक्षा जगत के चंद्रमा थे ।अपने वाणी और विचार में सदैव शीतलता रखने वाले चंद्रिका बाबू गगन मंडल के चांद की तरह अमर रहेंगे क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में केवल और केवल पढ़ाया चाहे शिक्षक रहे हो या प्रधानाध्यापक। जगन्नाथ उच्च विद्यालय में वर्षों भूगोल के शिक्षक रहे ।हजारों विद्यार्थी आज उनके देश के उच्च पदों पर पदस्थापित हैं। नौकरी के अंतिम 4 साल फौजदार सिंह उच्च विद्यालय अथमलगोला में प्रधानाध्यापक रहे और वहां पर भी अपनी विद्वता विनम्रता और शिक्षकीय गरिमा को प्रतिष्ठित किया। सत्येंद्र प्रसाद सिंहा अपने भावपूर्ण संबोधन में उस कालखंड की विद्यालय की उच्च शैक्षणिक दक्षता और साहित्यिक वातावरण पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रुप में बोलते हुए प्रोफेसर साधु शरण सिंह सुमन ने अपने कई संस्मरणो के माध्यम से चंद्रिकाबाबू को श्रद्धा सुमन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपनी विद्वता और समता बोधक स्वभाव से कंकर को भी शंकर बना देता है। वास्तव में वे अपने कालखंड में हजारों शंकर तैयार किए हैं। इसलिए आज उनकी श्रद्धांजलि सभा में भावनाएं हैं संस्मरण है और आंसू है जोउमरघूमर कर आंखों से निकल रही है। श्रद्धांजलि सभा को विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार भाजपा नेता अवधेश सिंह शिक्षिका श्रीमती आत्मजा शिक्षिका शोभा, रोशनी ,पूर्व प्रधान सहायक गुरुदेव कुमार शिक्षक अशोक कुमार ,आनंद कुमार, अविनाश कुमार प्रमोद कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय गिरी आदि ने अपने विचार रखें। विद्यालय के हिंदी के विद्वान शिक्षक नवीन कुमार ने स्वर्गीय चंद्रिका प्रसाद साहू के पठन-पाठन की प्रभावी शैली तथा जगन्नाथन उच्च विद्यालय के उच्च मानक वाले इतिहास पर प्रकाश डाला ।संचालन करते हुए अनुराग कुमार ने वर्तमान समय में घटते शिक्षण मूल्य और शिक्षकों के कर्तव्य और दायित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर चंद्रिका बाबू के पेशे से इंजीनियर नाती ने भी अपना भावुक उद्बोधन द्वारा सबके हृदय को मर्माहत किया। अंत में 2 मिनट के मौन के साथ श्रद्धांजलि सभा संपन्न हुई। विद्यार्थियों ने चंद्रिका बाबू अमर रहे के घोष के साथ उन्हें खूब-खूब याद किया ।आज यह एक यादगार श्रद्धांजलि सभा बन गई।

## महंगाई भत्ता, सर्विस रूल लागू करने को तख्तश्री कमेटी को पत्र सौंपा

**पटना सिटी।** सेवादार समाज कल्याण समिति ने अपनी मांगों को लेकर सोमवार को तख्तश्री कमेटी के कार्यालय में मांग पत्र सौंपा। इसमें महंगाई भत्ता दो हजार किए जाने और सर्विस रूल लागू करने के संबंध में गुहार लगाई गई है। कार्यालय में पत्र सौंपने के दौरान सेवादार समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष बलराम सिंह, अवधेश सिंह, तेजेंद्र सिंह बंटी, हरप्रीत सिंह, दीपक सिंह आदि थे। इन सबने कहा कि कर्मचारियों का महंगाई भत्ता और सर्विस रूल को हर हाल में 5 अगस्त को कमेटी की होने वाली बैठक में रखकर उसे पास कराया जाए। वहीं कहा गया कि अधीक्षक के पद पर कार्यरत दलजीत सिंह को रिटायरमेंट का पांच लाख भी दे दिया गया और गुरु घर में सरोपा भी ले लिया, मगर अभी तक उन्हें हटाया नहीं गया है। आए दिन वे स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार और अपशब्द का इस्तेमाल करते हैं।

## डीआरएम व डीसीएम ने गंगा स्नान कर किया रुद्राभिषेक



पटना सिटी, प्रात : किरणसंवाददाता

श्रावण मास की दूसरी सोमवारी पर गंगा सेवा दल समन्वय समिति द्वारा श्री गुरु गोविन्द सिंह घाट (कंगन घाट) पर सर्वार्थ अमृत सिद्धि योग में शशांक शेखर, भगवान आशुतोष का महारुद्राभिषेक समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ राजीव गंगौल के नेतृत्व में किया गया। महासचिव पं राजेश शुक्ला टिल्लू ने बताया कि आज के आयोजन के मुख्य यजमान दानापुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक प्रभात कुमार, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक सरस्वती चंद्र, सौरभ मिश्रा, मनीष कुमार आदि रेलवे के पदाधिकारियों ने गंगा स्नान कर पूजा विधान में शामिल हुए। नगर के कर्मकाण्ड महारथी आचार्य पं गणेश जी महाराज के सानिध्य में 11 पंडितों के माध्यम से पूजन और आरती किया गया। लगातार दो घंटे तक गंगा का पावन तट वैदिक मंत्रों से गुंजायमान रहा। हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर जलाभिषेक किया। आयोजन समिति के दिलीप बागला, भोला गुप्ता, डॉ विनोद अवस्थी, राकेश यादव, हिमांशु गिरी, शशि मिश्रा, सुजीत कसेरा आदि ने बढ़ चढ़ कर सहयोग किया।

## संक्षिप्त खबरें



### वाहन वित्तपोषण स्टार्टअप मूव ने भारतीय बाजार में रखा कदम

नई दिल्ली। वाहन वित्तपोषण स्टार्टअप मूव ने भारतीय बाजार में उतरने की घोषणा की है। कंपनी ने मुंबई, हैदराबाद और बेंगलुरु में अपने परिचालन की शुरूआत की है। मूव ऐप आधारित कैब सेवाएं देने कंपनी उबर की यूरोप, पश्चिम एशिया और अफ्रीका में सबसे बड़ी वाहन आपूर्ति भागीदार है। कंपनी ने वैश्विक स्तर पर विस्तार की रणनीति के तहत भारत में परिचालन शुरू किया है। नाइजीरिया से शुरुआत करने वाली वैश्विक स्टार्टअप कंपनी परिवहन क्षेत्र के उद्यमियों को राजस्व आधारित वित्त की सुविधा प्रदान करती है। यह स्टार्टअप विशेष रूप से उबर के ड्राइवरों के लिए सुलभ वाहन वित्तपोषण उपलब्ध कराती है।

### अशोक लेलैंड ने एवीटीआर श्रृंखला का विस्तार किया

नई दिल्ली। हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड ने घरेलू बाजार में दो ट्रैक्टर उतारे हैं। वाणिज्यिक वाहन विनिमार्ता ने सोमवार को कहा कि उसने ट्रैक्टर खंड में एवीटीआर4220 को 41.5ळ जीसीडब्ल्यू और एवीटीआर 4420 को 43.5ळ जीसीडब्ल्यू के साथ पेश किया है। कंपनी ने बयान में कहा कि इस पेशकश के साथ अशोक लेलैंड 41.5 टन सकल संयोजन भार (जीसीडब्ल्यू) और 43.5 टन जीसीडब्ल्यू के साथ दो-एक्सल विन्यास में ट्रैक्टर पेश करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। अशोक लेलैंड के प्रमुख-एमएचसीवी संजीव कुमार ने कहा, कंपनी ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए नए मॉडलों के साथ अपनी यात्रा जारी रखेगी।

### चांदी में 1,331 रुपये की गिरावट, सोना भी कमजोर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोना मामूली गिरावट के साथ 51,145 रुपये प्रति 10 ग्राम आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 51,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,331 रुपये की गिरावट लेकर 54,351 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 55,682 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1,726.80 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रहा। वहीं चांदी बिना किसी घटबढ़ के 18.62 डॉलर प्रति औंस पर रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक (जिंस) दिलीप परमार ने कहा, अंतराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में मामूली गिरावट के साथ घरेलू बाजार में पीली धातु की कीमतों में नरमी आई।

### बेटर ओपिनियन्स ने मेटाप्लानेट वीसी समेत कई निवेशकों से 25 लाख डॉलर जुटाए

नई दिल्ली। वाईकॉम्बिनेटर के समर्थन वाली कंपनी बेटर ओपिनियन्स ने मेटाप्लानेट वीसी और गोल्डवाटर कैपिटल समेत कई निवेशकों से 25 लाख डॉलर (करीब 20 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। कंपनी के अनुसार, निवेश के शुरुआती दौर में वाईकॉम्बिनेटर, टॉरस वीसी, ओरिजिनल कैपिटल, ट्रेमिस कैपिटल, सुपर कैपिटल और एंजेल निवेशक समेत अन्य निवेशकों ने हिस्सा लिया। कंपनी ने बयान में कहा, बेटर ओपिनियन्स ने मेटाप्लानेट वीसी और गोल्डवाटर कैपिटल समेत अन्य निवेशकों से 25 लाख डॉलर जुटाए हैं।

# ओप्पो के रेनो8 5जी, एन्को एक्स2, पैड एयर टैब अब भारत में बिक्री के लिए उपलब्ध

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक स्मार्टफोन ब्रांड ने घोषणा की है कि नया ओप्पो रेनो8 5जी, जिसकी कीमत 29,999 रुपये है, एन्को एक्स2 और पैड एयर टैबलेट के साथ सोमवार को फ्लिपकार्ट, ओप्पो स्टोर और भारत में मेनलाइन रिटेल आउटलेट्स पर बिक्री के लिए उपलब्ध हो गया है। रेनो8 5जी एक यूनिबॉडी डिजाइन में है और यह दो रंगों शिमर गोल्ड और शिमर ब्लैक में उपलब्ध होगा। डिवाइस में 4500 एमएएच की बैटरी है जो एक बार चार्ज करने पर डेढ़ दिन तक इस्तेमाल करने की सुविधा देती है। इसका 80 वॉट सूपरवूक टीएम अडैप्टर केवल 11 मिनट चार्ज करने पर 50 प्रतिशत रिचार्ज हो जाता है।

कंपनी ने कहा कि इसके अतिरिक्त, इस स्मार्टफोन पर ओप्पो की बीएचई (बैटरी हेल्थ इंजन) तकनीक बैटरी को 1,600 चार्ज साइकिल (औद्योगिक औसत 800 चार्ज साइकिल से दोगुना) के बाद अपनी मूल क्षमता का 80 प्रतिशत बनाए रखने की अनुमति देती है। कंपनी ने कहा, इसका बैटरी 4 सालों तक सुरक्षित रूप से काम करता है। फोटोग्राफी के लिए, रेनो8 5जी आरजीबीडब्ल्यू सोनी आईएमएक्स709 सेल्फी सेंसर और सोनी के आईएमएक्स766 रियर स्नैपर के साथ आता है, जो इसे अतिरिक्त



लाइट कैप्चर करने और इमेजेज की स्पष्टता में सुधार करने देता है। डीओएल-एचडीआर तकनीक वीडियो में ब्राइटनेस और शैडो के सही संतुलन के साथ डायनेमिक रेंज है। यह स्मार्टफोन ओप्पो के एआई-एन्हांस्ड इमेजिंग फीचर्स जैसे अल्ट्रा नाइट वीडियो, नाइट पोर्ट्रेट और बोकेह फ्लेयर वीडियो पर भी चलता है। ओप्पो रेनो8 5जी ओप्पो के सुपर-कंडक्टिव वीसी लिक्विड कूलिंग सिस्टम के साथ एक संपूर्ण प्रदर्शन प्रदान करता है, जो पिछली पीढ़ी के हीट पाइप समाधान की तुलना में 1.5 गुना अधिक कुशल है। यह मीडियाटेक डाइमेंशन 1300 एसओसी, 8 जीबी रैम, 128 जीबी स्टोरेज और कलरओएस 12.1 के साथ चलता है।

ओप्पो पैड एयर के 4 जीबी प्लस 64 जीबी वर्जन के लिए 16,999 रुपये और फ्लिपकार्ट पर 4 जीबी प्लस 128 जीबी वर्जन के लिए 19,999 रुपये में बिक्री पर है। पावर-कुशल 6 एनएम ऑक्टा-कोर स्नैपड्रैगन 680 प्रोसेसर के साथ ओप्पो का पहला टैबलेट मनोरंजन और शैक्षिक आवश्यकताओं के लिए डिजाइन किया गया है। यह अपने एआई सिस्टम बूस्टर 2.1 और रैम एक्सपेंशन तकनीक की बदौलत सुचारू मल्टीटास्किंग, ऐप्स के बीच सहज स्विचिंग, हाई-रेज वीडियो स्ट्रीमिंग और 3डी मोबाइल गेम प्रदान करता है। साथ ही, ओप्पो एन्को एक्स2 टीडब्ल्यूएस 10,999 रुपये में उपलब्ध है। ये फ्लैगशिप ईयरबड्स उद्योग में अग्रणी एएनसी और सेगमेंट-फर्स्ट डॉल्बी ऑडियो बिनौरल रिकॉर्डिंग के साथ आते हैं।

यह अगली पीढ़ी के सुपर डायनेमिक बैलेंस एन्हांस्ड इंजन (सुपरडीबीईई) ऑकोस्टिक सिस्टम को नॉर्डिक ऑडियो दिग्गज डायनाडियो के साथ सह-विकसित किया गया है। ग्राहक रेनो8 (8 प्लस 128जीबी) पर कई आकर्षक ऑफर्स जैसे विभिन्न बैंक कार्डों पर 3,000 रुपये तक का 10 प्रतिशत कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं। कंपनी ने कहा कि अगर कोई 31 अगस्त से पहले ओप्पो रेनो8 सीरीज, एन्को एक्स 2 और ओप्पो पैड खरीदता है, तो माई ओप्पो ऐप पर रजिस्टर करें और केवल 1 रुपये में 5,999 की ओप्पो वॉच फ्री ले सकते हैं।

### मोटो बिजनेस बिजली चालित दोपहिया, तिपहिया वाहनों के प्रबंधन के क्षेत्र में उतरी

नई दिल्ली। दोपहिया वाहन विनिमार्ता यामाहा मोटर्स की कंपनी मोटो बिजनेस सर्विस इंडिया (एमबीएसआई) ने सोमवार को चेन्नई की ई-वाहन कंपनी फुलफिली के साथ साझेदारी की घोषणा की। एमबीएसआई, इस साझेदारी के तहत फुलफिली के बिजली चालित दोपहिया और तिपहिया वाहनों का प्रबंधन देखेगी। फुलफिली इलेक्ट्रिक वाहन सेवा प्रदाता और सेवा आपूर्ति मंच है। एमबीएसआई के प्रबंध निदेशक शोजी शिरैशी ने एक बयान में कहा, फुलफिली के साथ हुए इस करार के साथ कंपनी ने चेन्नई में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खंड में परिचालन की शुरूआत की है। उन्होंने कहा, भारत में बिजली चालित वाहनों की बिक्री तेजी से बढ़ रही है। विनिमार्ता और उपयोगकर्ता ईंधन की बढ़ती लागत के कारण ईवी वाहनों को अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमबीएसआई की भविष्य में और वाहन कंपनियों के साथ काम करने की योजना है।

# सैमसंग ने सबसे एडवान्स्ड 3 एनएम चिप्स की शिपिंग शुरू की

सोल, एजेंसी

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने सोमवार को एक समारोह में 3-नैनोमीटर सेमीकंडक्टर्स की पहली शिपमेंट को चिह्नित किया, जो अब तक के सबसे उन्नत और कुशल चिप्स बनाने की दौड़ में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अगली पीढ़ी के 3 एनएम चिप्स गेट-ऑल-अराउंड (जीएए) तकनीक पर बनाए गए हैं, जिसके बारे में सैमसंग ने कहा है कि यह अंततः 35 प्रतिशत तक के एरिया रिडक्शन की अनुमति देगा, जबकि 30 प्रतिशत उच्च प्रदर्शन और मौजूदा फिनफेट प्रक्रिया की तुलना में 50 प्रतिशत कम बिजली की खपत प्रदान करेगा।

योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सैमसंग ने कहा कि 3एनएम प्रोसेस नोड की पहली पीढ़ी में 16 प्रतिशत क्षेत्र में कमी, 23 प्रतिशत उच्च प्रदर्शन और 45 प्रतिशत कम बिजली की खपत हासिल हुई है।

परिष्कृत चिपमेकिंग तकनीक में प्रगति से सैमसंग को अधिक शक्तिशाली चिप्स की तलाश में आने की उम्मीद है जो छोटे, तेज और अधिक कुशल प्रौद्योगिकी प्रोडक्टस को सक्षम करते हैं। सैमसंग के डिवाइस सॉल्यूशंस डिवीजन के सीईओ क्यूंग के-ह्यून ने कहा, सैमसंग ने 3 एनएम चिप्स के बड़े पैमाने पर उत्पादन की शुरूआत के साथ आज फाउंड्री व्यवसाय में एक नया अध्याय खोला है। क्यूंग ने कहा, फिनफेट प्रक्रिया के विकल्प के रूप में उम्मीद से पहले जीएए तकनीक का विकास एक अभिनव सफलता है।

सैमसंग ने कहा कि उसने 2000 के दशक की शुरूआत में जीएए तकनीक विकसित करना शुरू किया और 2017 में इसे 3 एनएम नोड पर लागू करने में सफल रहा।

टेक दिग्गज ने कहा कि उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग 3 एनएम जीएए तकनीक पर आधारित पहला प्रोडक्ट है और यह अन्य उत्पाद श्रेणियों में एप्लिकेशन का विस्तार करने की योजना बना रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी अनुबंध चिप निमार्ता टीएसएमसी ने कहा कि वह साल की दूसरी छमाही में 3 एनएम चिप्स का बड़े पैमाने पर प्रोडक्शन शुरू करेगी। दुनिया की सबसे बड़ी मेमोरी चिप निमार्ता और दूसरी सबसे बड़ी फाउंड्री कंपनी सैमसंग ने कहा है कि उसका 2 एनएम प्रोसेस नोड विकास के शुरूआती चरण में था, जिसमें बड़े पैमाने पर प्रोडक्शन 2025 के लिए योजना बनाई गई थी।

# सेबी ने आम जनता को पीएसीएल की संपत्तियों में लेनदेन से आगाह किया

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की एक समिति ने सोमवार को जनता को आगाह किया कि वे पीएसीएल समूह और इसकी अनुषंगियों की संपत्तियों के संबंध में किसी तरह का लेनदेन न करें क्योंकि इनकी बिक्री के लिए किसी को अधिकृत नहीं किया गया है।

पर्ल समूह के रूप में चर्चित रही पीएसीएल ने कृषि और रियल एस्टेट कारोबार के नाम पर जनता से पैसे जुटाए थे।

सेबी के मुताबिक, पीएसीएल ने गैरकानूनी सामूहिक निवेश योजनाओं (सीआईएस) के जरिये 18 साल में आम लोगों से 60,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाई।

उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद सेबी ने 2016 में पूर्व प्रधान न्यायाधीश आर एम लोढ़ा की अध्यक्षता में समिति बनाई थी जिसने निवेशकों को चरणबद्ध तरीके से रिफंड देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।सेबी



की वेबसाइट पर डाली गई सूचना में कहा गया, यह स्पष्ट किया जाता है कि समिति ने किसी भी व्यक्ति या संस्थान को पीएसीएल लिमिटेड की संपत्तियों की बिक्री के लिए अधिकृत नहीं किया है और पीएसीएल की संपत्तियों को अवैध और अनधिकृत तरीके से कब्जे में लेने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सेबी ने दिसंबर, 2015 में पीएसीएल और इसके नौ प्रवर्तकों तथा निदेशकों की सभी संपत्तियों की कुर्की का आदेश दिया था क्योंकि कंपनी निवेशकों का पैसा नहीं लौटा पाई थी।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का पहली तिमाही का शुद्ध लाभ बढ़कर 234.78 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही का एकल शुद्ध लाभ 14.2 प्रतिशत बढ़कर 234.78 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 205.58 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। हालांकि, पिछली मार्च तिमाही से तुलना की जाए, तो बैंक के मुनाफे में 24.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। मार्च तिमाही में बैंक ने 310.31 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। अप्रैल-जून की तिमाही में बैंक की कुल आय मामूली बढ़कर 6,357.48 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक की आमदनी 6,299.63 करोड़ रुपये रही थी। हालांकि, मार्च तिमाही की तुलना में बैंक की कुल आय में गिरावट आई है। मार्च तिमाही में बैंक की कुल आय 6,419.58 करोड़ रुपये रही थी। जून

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India

तिमाही के अंत तक बैंक का कुल ऋण पर डूबे कर्ज के लिए प्रावधान घटकर 14.90 प्रतिशत रह गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 15.92 प्रतिशत था। मूल्य के हिसाब से बैंक की कुल गैर निष्पादित आस्तियां (एनपीए) 29,001.63 करोड़ रुपये थीं। जून, 2021 के अंत तक यह 27,891.70 करोड़ रुपये थीं। बैंक का शुद्ध एनपीए घटकर 3.93 प्रतिशत (6,784.70 करोड़ रुपये) पर आ गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 5.09 प्रतिशत (7,904.03 करोड़ रुपये) था।

### शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे चढ़कर 79.81 पर

मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के चलते सोमवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे चढ़कर 79.81 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 79.86 पर खुला। शुरूआती सौदों में रुपया 79.81 के ऊंचे स्तर और 79.87 के निचले स्तर तक गया। पिछले सत्र में, शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 79.90 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 106.62 पर आ गया। वैश्विक तेल सूचकांक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.54 प्रतिशत गिरकर 102.62 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 675.45 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

# जियो 5जी में मिलेगी फाइबर जैसी तेज इंटरनेट स्पीड

नई दिल्ली, एजेंसी

रिलायंस समूह की दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो अपनी 5जी सेवा में फाइबर केबल जितनी स्पीड उपलब्ध करा सकती है जिसके 4जी सेवा के मुकाबले 20 गुना अधिक होने की उम्मीद है। इस कड़ी में कंपनी ने बड़े पैमाने पर 5जी से जुड़े ऐप्स और सेवाओं के लिए परीक्षणों को पूरा कर लिया है। जियो ने सोमवार को एक बयान में कहा कि कंपनी के एनहांस्ड मोबाइल ब्राडबैंड (ईएमबीबी) के जरिए ग्राहकों को फाइबर जैसी स्पीड मिलेगी। परीक्षणों में स्पीड 1जीबीपीएस तक मापी गयी थी।

कंपनी ने कहा कि ग्राहकों को अपने मोबाइल फोन पर कहीं भी और कभी भी कम से कम 50 से 100 एमबी की स्पीड मिलेगी जो आदर्श स्थिति में इससे अधिक हो सकती है। इससे ग्राहक यूजर्स 8के वीडियो स्ट्रीमिंग, क्लाउड गेमिंग, जियो ग्लास, हेल्थकेयर सेगमेंट में 5जी रोबोटिक्स,




रियल टाइम इमर्सिव वर्चुअल रियलिटी मीटिंग, 5जी कनेक्टिड ड्रोन्स, वर्चुअल शॉपिंग और स्मार्ट होम्स सेवा का आनंद ले पाएंगे।

कंपनी ने दिल्ली, मुंबई, कोलकत्ता, हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, लखनऊ, अहमदाबाद और जामनगर में हुए इन परीक्षणों का डेटा दूरसंचार विभाग, टेलीकॉम इंजिनियरिंग सेंटर और वायरलेस प्लानिंग एंड कॉर्डिनेशन जैसी संस्थाओं के साथ साझा किए हैं। जियो ने 26 जुलाई से शुरू होने वाली 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में सबसे अधिक बयाना राशि जमा कराई है।

# केनरा बैंक का पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 72 प्रतिशत बढ़कर 2,022 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली, एजेंसी

फंसे कर्ज में कमी और आमदनी बढ़ने से सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक का एकल आधार पर शुद्ध लाभ जून तिमाही में 72 प्रतिशत बढ़कर 2,022.03 करोड़ रुपये हो गया है। एक साल पहले जून तिमाही में बैंक को 1,177.47 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। केनरा बैंक ने शेयर बाजारों को बताया कि अप्रैल-जून 2022-23 में उसकी कुल आय बढ़कर 23,351.96 करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले समान अवधि में 20,940.28 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में ब्याज से प्राप्त मूल आय 8.3 प्रतिशत बढ़कर 18,176.64 करोड़ रुपये हो गई। बैंक की परिसंपत्ति की गुणवत्ता के मामले में भी सुधार देखने को मिला है। 30 जून, 2022 के अंत तक बैंक की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) कम होकर कुल ऋण का




6.98 प्रतिशत रह गईं। जून, 2021 में यह आंकड़ा 8.50 प्रतिशत था। मूल्य के संदर्भ में देखा जाए तो बैंक का सकल एनपीए या फंसा कर्ज कम होकर 54,733.88 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वर्ष समान अवधि में 58,215.46 करोड़ रुपये था। इसी तरह बैंक का शुद्ध एनपीए भी पिछले वर्ष की समान अवधि के 3.46 प्रतिशत (22,434 करोड़ रुपये) से घटकर 2.48 फीसदी (18,504.93 करोड़ रुपये) रहा है। पहली तिमाही में बैंक का डूबे कर्ज और अन्य आकस्मिक खर्च के लिए प्रावधान (कर के अतिरिक्त) बढ़कर 3,690 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 3,458.74 करोड़ रुपये था। एकीकृत आधार पर जून तिमाही में बैंक का शुद्ध मुनाफा 88 फीसदी बढ़कर 2,058.31 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले समान अवधि में यह 1,094.79 करोड़ रुपये था। तिमाही के दौरान बैंक की एकीकृत आय पिछले वर्ष के 23,018.96 करोड़ रुपये से बढ़कर 23,739.27 करोड़ रुपये हो गई।

### पॉलिसीबाजार ने साइबर सुरक्षा घटना को स्वीकारा

नई दिल्ली। अग्रणी इंश्योरटेक प्लेटफॉर्म पॉलिसीबाजार ने स्वीकार किया है कि पिछले हफ्ते साइबर सुरक्षा की घटना से वह प्रभावित हुआ था, लेकिन कोई महत्वपूर्ण ग्राहक डेटा उजागर नहीं हुआ। एक स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कई बीमा योग्य कवरेज बेचने वाले प्लेटफॉर्म ने कहा कि 19 जुलाई को पॉलिसीबाजार आईटी सिस्टम में कुछ कमजोरियों की पहचान की गई थी और वही अवैध और अनधिकृत पहुंच के अधीन थे। 90 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करने वाली कंपनी ने कहा कि पहचानी गई कमजोरियों को ठीक कर दिया गया है और सिस्टम का गहन ऑडिट शुरू कर दिया गया है। कंपनी ने कहा, इस मामले की सूचना सुरक्षा टीम द्वारा समीक्षा की जा रही है। हालांकि हम एक विस्तृत समीक्षा करने की प्रक्रिया में हैं, हमारी समीक्षा में पाया गया है कि कोई महत्वपूर्ण ग्राहक डेटा उजागर नहीं हुआ है। पॉलिसीबाजार ने कहा कि वह उपयुक्त अधिकारियों तक पहुंच गया है।

# ज्योति लैब्स का पहली तिमाही में लाभ बढ़कर 47.73 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली, एजेंसी

दैनिक उपयोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली ज्योति लैब्स का एकीकृत शुद्ध लाभ 30 जून, 2022 को समाप्त पहली तिमाही में 18.73 प्रतिशत की बढ़त के साथ 47.73 करोड़ रुपये हो गया। ज्योति लैब्स ने सोमवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 40.20 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। ज्योति लैब्स की वित्त वर्ष 2022-23 की समीक्षाधीन अवधि के दौरान परिचालन आय 13.66 प्रतिशत बढ़कर 597.20 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 525.40 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने अपने वित्तीय विवरण में कहा, लागत संबंधी मुद्रास्फीति के कारण लाभ प्रभावित हुआ है। बीती तिमाही में कंपनी का कुल खर्च 15.45 प्रतिशत बढ़कर 553.71 करोड़ रुपए पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का कुल खर्च 479.61 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी ने कहा कि मांग-पक्ष और उच्च उत्पादन कीमतों जैसी कई अल्पकालिक चुनौतियों के बावजूद हमारा परिचालन प्रदर्शन स्थिर रहा है। ज्योति लैब्स के एफएमसीजी ब्रांड में उजाला, हेन्को, मिस्टर व्हाइट, एक्सो, प्रिल, मार्गो और नीम हैं।

### टाटा हाउसिंग का पहली तिमाही का राजस्व पांच गुना बढ़कर 623 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली। टाटा हाउसिंग की आवासीय परियोजनाओं की मजबूत मांग के बूते अप्रैल-जून 2022-23 के दौरान बिक्री पांच गुना बढ़कर 623 करोड़ रुपये हो गई। टाटा हाउसिंग, टाटा सन्स प्राइवेट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है और यह प्रमुख शहरों में परियोजनाओं का विकास कर रही है। टाटा रियल्टी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय दत्त ने कहा, कोरोना वायरस की पिछली लहर के बाद हालात सामान्य होने से मांग बढ़ी है। पहली तिमाही में टाटा हाउसिंग को 623 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। इसके अलावा मालदीव में लक्सा वन परियोजना भी शुरू की। पिछले वर्ष जून तिमाही में कोविड की दूसरी लहर की वजह से लगभग सभी रियल एस्टेट डेवलपरों की आवास बिक्री बुरी तरह से प्रभावित हुई थी।

# बिकवाली के दबाव में गिरकर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 535 अंक तक टूटा

नई दिल्ली, एजेंसी

आज शुरू हुए कारोबारी सप्ताह के पहले दिन ही घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली के दबाव की वजह से गिरावट दर्ज की गई। लगातार 6 कारोबारी दिन तक मजबूती का प्रदर्शन करने के बाद भारतीय शेयर बाजार आज कमजोर ग्लोबल संकेतों के दबाव के कारण गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स आज के कारोबार के दौरान 306 अंक से अधिक टूट कर बंद हुआ। निफ्टी भी फिसल कर 16650 अंक से नीचे चला गया।

पिछले सप्ताह 4 प्रतिशत की तेजी दर्ज करने के बाद आज बाजार में बिकवाली का दबाव बना रहा। दिन भर के कारोबार के दौरान निफ्टी का बैंक इंडेक्स 500 अंक फिसल गया। फार्मा इंडेक्स में भी 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। मेटल सेक्टर को छोड़कर बाकी सभी सेक्टर्स में आज कमजोरी दर्ज की गई। ऑटो, एनर्जी, ऑयल एंड गैस तथा रियल्टी सेक्टर के शेयरों में तेज गिरावट दिखी। हालांकि दिन भर के कारोबार के दौरान मेटल के साथ ही कैपिटल गुड्स और शुगर सेक्टर से जुड़े शेयरों में तेजी का रुझान बना रहा।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स आज 194.73 अंक की कमजोरी के साथ 55,877.50 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार



की शुरूआत होते ही कुछ समय के लिए शेयर बाजार में लिवाली का जोर बनता दिखा, जिसके कारण सेंसेक्स उछल कर 56,018.09 अंक के स्तर पर पहुंच गया। उसके बाद बाजार में बिकवाल हावी हो गए और चौतरफा बिकवाली शुरू कर दी, जिसके कारण सेंसेक्स भी तेजी से नीचे गिरने लगा। हालांकि बीच-बीच में खरीदारों ने लिवाली करके बाजार को सहारा देने की कोशिश भी की, लेकिन बिकवाली के दबाव में सेंसेक्स लगातार नीचे गिरता गया।

बाजार में बिकवाली का दबाव शुरूआती 2 घंटे तक लगातार बना रहा, जिसके कारण सेंसेक्स 535.15 अंक टूट कर 55,537.08 अंक तक पहुंच गया। इस गिरावट के बाद बाजार में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने एक्टिव होकर खरीदारी शुरू कर दी, जिसके कारण सेंसेक्स में सुधार आना शुरू हुआ। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 2:30 बजे तक सेंसेक्स उछलकर 55,965.49 अंक तक पहुंच गया, लेकिन आखिरी आधे घंटे के कारोबार में एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक तेजी से नीचे लुढ़कने लगा। दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 306.01 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 55,766.22 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी आज 56.90 अंक की कमजोरी के साथ 16,662.55 अंक के स्तर पर कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में निफ्टी भी खरीदारी के सपोर्ट से उछलकर 16,706.05 अंक के स्तर तक पहुंचा। इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण निफ्टी भी तेजी से नीचे लुढ़कने लगा।

लगभग 2 घंटे पर बिकवाली का दबाव झेलने के बाद बाजार में शुरू हुई खरीदारी से निफ्टी को भी काफी सहारा मिला और इस सूचकांक ने भी धीरे-धीरे रिकवर करना शुरू कर दिया। घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी बाजार बंद होने के एक घंटा पहले रिकवर करके 16,672.70 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की ओर से चौतरफा बिकवाली शुरू कर देने के कारण निफ्टी में भी तेज गिरावट आई। दिन भर के कारोबार के बाद इस सूचकांक ने 88.45 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 16,631 अंक के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया।

दिन भर के कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आज सबसे अधिक 2,581.47 करोड़ रुपये का सौदा हुआ। कारोबार के लिहाज से 1,684.62 करोड़ रुपये के की खरीद बिक्री के साथ आईसीआईसीआई बैंक दूसरे स्थान पर और 1,181.77 करोड़ रुपये के सौदे के साथ इंफोसिस के शेयर तीसरे स्थान पर रहे। दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद टाटा स्टील 2.63 प्रतिशत, इंडसइंड बैंक 2.08 प्रतिशत, कोल इंडिया 1.93 प्रतिशत, अपोलो हॉस्पिटल 1.57 प्रतिशत और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 1.52 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.83 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज 3.30 प्रतिशत, मारुति सुजुकी 2.37 प्रतिशत, ओएनजीसी 2 प्रतिशत और आयशर मोटर्स 1.93 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर




नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में दबाव के बीच देश में सोमवार को तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया। देश में करीब दो माह से ईंधन के दामों में स्थिरता आम-आदमी के लिए राहत बनी हुयी है।

सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) के अनुसार, दिल्ली में आज पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमशः 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर पर हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.66 प्रतिशत गिरकर 102.52 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 93.98 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहेः-

| महानगर | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| | (रुपए प्रति लीटर) | |
| दिल्ली | 96.72 | 89.62 |
| मुंबई | 106.31 | 94.27 |
| कोलकाता | 106.03 | 92.76 |
| चेन्नई | 102.63 | 94.24 |

### ईएसआईसी योजना से मई, 2022 में 14.93 लाख नए सदस्य जुड़े

नई दिल्ली। कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजना से मई, 2022 में करीब 14.93 लाख नए सदस्य जुड़े हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक, वित्त वर्ष 2021-22 में ईसीआईसी के साथ जुड़ने वाले कुल नए सदस्यों की संख्या 1.49 करोड़ हो गई। वित्त वर्ष 2020-21 में इससे 1.15 करोड़ नए सदस्य जुड़े थे। महामारी से ठीक पहले के वित्त वर्ष 2019-20 में 1.51 करोड़ नए सदस्य ईएसआईसी से जुड़े थे जबकि वर्ष 2018-19 में यह संख्या 1.49 करोड़ रही थी। इसके पहले सितंबर, 2017 से लेकर मार्च, 2018 के बीच करीब 83.55 लाख नए ग्राहक ईएसआईसी की सामाजिक सुरक्षा योजना का हिस्सा बने थे। एनएसओ की भारत में पेरोल आंकड़ों के बारे में जारी रिपोर्ट कहती है कि सेवानिवृत्ति कोष निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के साथ मई, 2022 में 16.81 लाख नए सदस्य जुड़े।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रमंडल खेल: संदीप मेहता की जगह अनेशा घोष प्रेस अटैची नियुक्त

नई दिल्ली। स्वतंत्र पत्रकार अनेशा घोष को गुरुवार से शुरू हो रहे बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए संदीप मेहता की जगह भारतीय दल का प्रेस अटैची नियुक्त किया गया है। घोष को अन्य चीजों के अलावा सोशल मीडिया को संभालने के लिए नियुक्त किया गया है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल खन्ना ने पीटीआई से कहा, हमें अन्य चीजों के अलावा सोशल मीडिया को संभालने के लिए किसी की जरूरत थी, इसलिए उन्हें (घोष) नियुक्त किया गया। खन्ना ने यह भी बताया कि आईओए बर्मिंघम शहर में प्रवासी भारतीयों के लिए दो कार्यक्रमों की मेजबानी करेगा। उन्होंने कहा, हम 26 जुलाई और सात अगस्त को प्रवासी भारतीयों के लिए दो कार्यक्रम भी आयोजित करेंगे।

### सीएसए टी20 लीग: क्लूजनर डरबन फ्रेंचाइजी के कोच बनें

कोलकाता। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व हरफनमौला लांस क्लूजनर को सीएसए (क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका) टी20 लीग की टीम डरबन फ्रेंचाइजी का सोमवार को मुख्य कोच नियुक्त किया गया। इस लीग का आयोजन अगले साल जनवरी और फरवरी में होगा। डरबन फ्रेंचाइजी का मालिकाना हक रखने वाले आरपीएसजी समूह की ओर से जारी मीडिया विज्ञप्ति में क्लूजनर को कोच बनाने की घोषणा की गयी। दक्षिण अफ्रीका के लिए 49 टेस्ट और 171 एकदिवसीय खेल चुके क्लूजनर ने कहा, मेरे लिये यह नयी चुनौती है। मैं इससे गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मुझे टीम से मिलने का इंतजार है। क्लूजनर ने अतीत में अफगानिस्तान की राष्ट्रीय टीम को कोचिंग दी है। आरपीएसजी समूह के पास इंडियन प्रीमियर लीग की टीम लखनऊ सुपरजायंट्स का भी स्वामित्व है।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ धीमी ओवर गति के कारण भारतीय टीम पर जुमार्ना

दुबई। वेस्टइंडीज के खिलाफ शुक्रवार को खेले गए पहले एकदिवसीय मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण भारतीय क्रिकेट टीम पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुमार्ना लगाया है। एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के रिची रिचर्डसन ने भारतीय टीम पर तय समय में लक्ष्य से एक ओवर कम फेंकने पर जुमार्ना लगाया है। खिलाड़ियों और खिलाड़ी समर्थन कर्मियों के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुमार्ना लगाया जाता है, जब उनकी टीम तय समय में पूरे ओवर गेंदबाजी करने में विफल रहती है।

### भारतीय क्रिकेट जगत ने क्रुणाल को पिता बनने पर दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर सहित भारतीय क्रिकेट जगत ने क्रुणाल पांड्या और उनकी पत्नी पंखुड़ी शर्मा को माता-पिता बनने पर शुभकामनाएं दी हैं। भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी क्रुणाल पांड्या की पत्नी पंखुड़ी ने रविवार को एक बच्चे को जन्म दिया, जिसका नाम उन्होंने कवि क्रुणाल पांड्या रखा है। क्रुणाल ने रविवार को अपने ट्विटर पर एक तस्वीर के साथ अपने बेटे के नाम की घोषणा की। फोटो में पंखुड़ी के साथ भारतीय ऑलराउंडर अपने बच्चे को अपने हाथों में पकड़े हुए थे। क्रुणाल ने कैप्शन में दिल वाले इमोजी के साथ लिखा, कवीर क्रुणाल पांड्या।

# भारतीय टेबल टेनिस टीम के लिए आसान नहीं होगा बर्मिंघम में गोल्ड

## राष्ट्रमंडल खेलों में 2018 की बराबरी भी कर लेती है तो यह उसके लिए बड़ी उपलब्धि होगी

**लंदन, एजेंसी**



पिछली बार गोल्ड कोस्ट में नई ऊंचाइयां हासिल करने वाली भारतीय टेबल टेनिस टीम यदि बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 2018 की बराबरी भी कर लेती है तो यह उसके लिए बड़ी उपलब्धि होगी। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक जीते थे। इनमें से दो स्वर्ण सहित आधे पदक मनिका बत्रा ने जीते थे जिसके बाद उनकी लोकप्रियता काफी बढ़ गई थी। दिल्ली की रहने वाली इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने सिंगापुर की ओलंपिक पदक विजेता फेंग तियानवेइ को एक बार नहीं बल्कि दो बार हराकर भारत को व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक दिलाया था।

सिंगापुर की 35 वर्षीय खिलाड़ी अब बर्मिंघम में मनिका से बदला लेने के लिए तत्पर होंगी। भारतीय महिला टीम इस समय थोड़ा बदली हुई नजर आएगी। विश्व में 41वीं रैंकिंग की मनिका के साथ श्रीजा अकुला, रीत ऋष्य और दिया चिताले भारतीय चुनौती पेश करेंगी। अपने पांचवें और आखिरी राष्ट्रमंडल खेलों में भाग ले रहे भारत के सर्वश्रेष्ठ टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल, सदाबहार जी साथियान, हरमीत देसाई और सानिल शेट्टी भारतीय पुरुष टीम की चुनौती पेश करेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों से पहले भारतीय खिलाड़ियों ने पुर्तगाल में अभ्यास किया और उसके बाद हंगरी में प्रतियोगिता में भाग लिया। भारतीय टेबल टेनिस टीम का गठन करना आसान नहीं रहा क्योंकि तीन खिलाड़ियों ने चयन नहीं होने पर अदालत का दरवाजा खटखटा दिया था। इनमें से केवल चिताले को ही फायदा हुआ जिन्हें अर्चना कामत की जगह टीम में लिया गया।

कामत खेलों में मनिका के साथ युगल जोड़ी बना सकती थी। चार सदस्यीय पुरुष दल में वही खिलाड़ी शामिल है जिन्होंने गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लिया था। इन खिलाड़ियों को काफी अनुभव है और उम्मीद की जा रही है कि वह टीम खिताब का बचाव करने में सफल रहेंगे। भारत को टीम स्पर्धा में इंग्लैंड और नाइजीरिया के बाद तीसरी वरीयता मिली है। एकल में आखिरी बार 2006 में मेलबर्न में स्वर्ण पदक जीतने वाले 40 वर्षीय शरत ने कहा, इंग्लैंड की टीम नाइजीरिया की तुलना में थोड़ा मजबूत है।

**बदलाव**
- भारतीय महिला टीम इस समय थोड़ा बदली हुई नजर आएगी

हमारा लक्ष्य निश्चित तौर पर व्यक्तिगत के अलावा टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीतना है। नाइजीरिया की टीम में विश्व के 12वें नंबर की खिलाड़ी अरुणा कादरी हैं जबकि इंग्लैंड की टीम में लियाम पिचफोर्ड और अनुभवी पाल ड्रिंकहाल हैं। भारतीयों के पास हालांकि सभी स्पधाओं में पदक जीतने के मौके रहेंगे। भारत ने गोल्ड कोस्ट में मिश्रित युगल और युगल में स्वर्ण पदक नहीं लेकिन कुल चार पदक जीते थे और इस बार भी इसी तरह के परिणाम की उम्मीद है। शरत और मनिका के अलावा साथियान भी पुरुष युगल और मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक के दावेदार हैं।

### नेक्स्ट जेन कप: प्रीमियर लीग टीमों के खिलाफ खेलेंगे बेंगलुरू एफसी और केरला ब्लास्टर्स

**लंदन।** बेंगलुरू एफसी और केरला ब्लास्टर्स एफसी, रिजर्व स्क्वाड प्रीमियर लीग द्वारा आयोजित नेक्स्ट जेनरेशन कप, 2022 में हिस्सा लेने के लिए यूनाइटेड किंगडम पहुंच गए हैं। यह टूनार्मेंट भारत में फुटबॉल के विकास का समर्थन करने के लिए प्रीमियर लीग और फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (ऋरऊछ) के बीच लंबे समय से चली आ रही साझेदारी का हिस्सा है। इन दो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लबों की युवा टीमों ने इस साल की शुरूआत में आयोजित रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग (आरएफडीएल) में शीर्ष दो में रहने के आधार पर अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट में प्रतिस्पर्धा करने के लिए क्वालीफाई किया था। आठ-टीम नेक्स्ट जेनरेशन कप में हिस्सा लेंगी, जिनमें पांच टीमें प्रीमियर लीग क्लबों की, दक्षिण अफ्रीका की एक अकादमी और बेंगलुरु एफसी और केरला ब्लास्टर्स एफसी की टीमें शामिल हैं। टीमों को दो ग्रुप में बांटा जाएगा और अपना पहला मैच 27 जुलाई को खेला जाएगा। प्रीमियर लीग के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड मास्टर्स ने एक बयान में कहा, प्रीमियर लीग और हमारे क्लब बेंगलुरु एफसी और केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाड़ियों का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं, पहली बार यूके में युवा विकास टूनार्मेंट आयोजित किया गया है।

# आउट होना मेरी नाराजगी का सबब बना : श्रेयस अय्यर

**पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी**



वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय टीम एक समय पर 17.2 ओवर पर अपने 3 विकेट गंवा चुकी थी। तभी क्रीज पर आए संजू सैमसन और पहले से मौजूद श्रेयस अय्यर ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने क्रमशः 54 और 63 रन की पारी खेली और टीम को खराब स्थिति से बाहर निकाला। इस दौरान चौथे विकेट के लिए दोनों बल्लेबाजों के बीच 99 रनों की साझेदारी हुई। अय्यर ने मैच समाप्त होने के बाद कहा, मैंने जिस तरह से पारी खेली उससे मैं खुश था, लेकिन जिस तरह से मैं आउट हुआ वह मेरे लिए नाराजगी का सबब बना। मुझे लगा कि मैं आसानी से टीम को जीत दिला सकता हूं। मैं और रन बनाने में सक्षम था, लेकिन आउट होने की वजह से नहीं बना सका। हालांकि दोनों के आउट होने के बाद भारत की पारी एक बार फिर डगमगाती हुई दिख रही थी। तभी अक्षर पटेल के नाबाद 64 रनों ने भारत को एक और मजबूत स्कोर के साथ पारी को आगे बढ़ाया और 2 विकेट से टीम को जीतने में मदद मिली। टीम ने इस जीत के साथ तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

उन्होंने आगे कहा, टीम में नंबर तीन सर्वश्रेष्ठ पदों में से एक है क्योंकि अगर सलामी बल्लेबाजों में से कोई भी आउट हो जाता है तो आप टीम के स्कोर को संभाल सके। अगर सलामी बल्लेबाजों के पास अच्छी साझेदारी है, तो आपको उस गति को आगे बढ़ाने और रन रेट को बनाए रखने में मदद करनी होती है। सैमसन के साथ निभाई गई साझेदारी को लेकर श्रेयस अय्यर ने कहा, हमने लगातार दो विकेट गंवाए। टीम एक समय पर 17.2 ओवर में अपने 3 विकेट गंवा चुकी थी। वहां से हमने पारी को संभाला और स्कोर की गति पकड़ी। उसके बाद संजू आए, तब तक मैं 20 गेंदों पर 15 रन पर था। मुझे पता था कि मैं आगे क्या करने जा रहा हूं और तभी संजू ने कुछ गेंदों का सामना किया।

# नंदी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए महिला जिम्नास्ट टीम के कोच नियुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**



रियो ओलंपिक 2016 में दीपा कर्माकर को ऐतिहासिक चौथे स्थान पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले जिम्नास्टिक कोच बिशेश्वर नंदी को विवादास्पद रोहित जायसवाल के स्थान पर बर्मिंघम में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय महिला टीम का कोच नियुक्त किया गया है। जायसवाल को पहले महिला टीम का कोच नियुक्त किया गया था लेकिन जिम्नास्ट अरुणा बुद्धा रेड्डी ने उन पर उनकी अनुमति के बिना वीडियोग्राफी करने का आरोप लगाया था जिसके बाद उन्हें राष्ट्रमंडल खेलों की टीम से हटा दिया गया था।

नंदी ने नयी दिल्ली में राष्ट्रीय शिविर से पीटीआई से कहा, मैंने एक दिन पहले वीजा संबंधी औपचारिकताएं पूरी की और मुझे कल तक वीजा मिलने की उम्मीद है। मैं 29 जुलाई तक टीम से जुड़ जाऊंगा। जायसवाल को हटाए जाने से उनकी शिष्या और भारत की तरफ से पदक की दावेदार प्रणति नायक की संभावनाओं को झटका लगा है लेकिन नंदी ने कहा कि वह टीम के प्रत्येक सदस्य का ध्यान रखेंगे।

नंदी ने कहा, यह कोई मसला नहीं होगा क्योंकि मैं उन्हें कई वर्षों से जानता हूं। इसके अलावा मेरी शिष्या प्रोतिस्ता सामंत भी है जिन्हें मैंने कई वर्षों तक प्रशिक्षण दिया है। इस साल के शुरू में मिस्त्र और अजरबैजान में अच्छे प्रदर्शन के बाद वह भी पदक की दावेदार है। भारतीय जिम्नास्टिक टीम इस प्रकार है: पुरुषः सत्यजीत मंडल, योगेश्वर सिंह और सैफ तंबोली। महिलाः प्रणति नायक, रुथुजा नटराज, प्रोतिस्ता सामंत, बावलीन कौर।

# धवन ने दूसरे मैच में मिली जीत का श्रेय दिया आईपीएल क्रिकेट को

**पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी**

वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में भारत के कप्तान शिखर धवन ने टीम की सफलता के लिए आईपीएल क्रिकेट को श्रेय दिया है क्योंकि टीम को क्वींस पार्क ओवल में यहां दूसरा हाई स्कोरिंग मैच जीतने में मदद मिली। भारत ने ऑलराउंडर अक्षर पटेल के 64 रनों की धुंआधार पारी की मदद से निकोलस पूरन के नेतृत्व वाली टीम को दो विकेट से हरा दिया। वहीं, टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। धवन ने पटेल की इस दौरान प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी 35 गेंदों की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी ने टीम को जीत दिलाई, जिसमें पांच छक्के और तीन चौके शामिल हैं। उन्होंने कहा कि, मुझे लगता है कि यह टीम का शानदार प्रदर्शन था। हमने गलतियां कीं, हमने चुनौती ली, जिससे हमारा आत्म-विश्वास बढ़ा। एकदिवसीय मैच में 300 से ज्यादा के स्कोर को चेज करना हमेशा से कठिन रहा है। भारत को आखिरी 10 ओवरों में जीत के लिए 100 रन की जरूरत थी। क्रीज पर दीपक हुड्डा और अक्षर पटेल थे। तब टीम के पास पांच विकेट मौजूद थे। साथ ही उन्होंने कहा, जिस तरह से वे बल्लेबाजी कर रहे थे, उसे देखकर वह अचंभित रह गए। उन्होंने आगे कहा, मैं हैरान था जिस तरह से बल्लेबाज लक्ष्य तक पहुंचे। हमारे मध्यक्रम को सलाम। सभी बल्लेबाज लाजवाब रहे, चाहे वे अक्षर हो या अवेश खान हो। अक्षर ने कहा, जब हम भीड़ के सामने खेलते हैं तो हमें आईपीएल क्रिकेट जैसी फिलिंग महसूस होती है। उससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है। मैंने आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ पारियां खेली। यहां भी मेरे पास बहुत समय था, मुझे बल्लेबाजी करने का मौका मिला, जिसे हमने गंवाया नहीं।

# महिला क्रिकेटर मिताली राज ने क्रिकेट में वापसी के दिए संकेत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय दिग्गज महिला क्रिकेटर मिताली राज ने क्रिकेट में वापसी के संकेत दिए हैं। मिताली ने कहा है कि वह उद्घाटन महिला आईपीएल में खेलने के लिए संन्यास से बाहर आने पर विचार कर सकती हैं। आईसीसी के नए पॉडकास्ट, 100 परसेंट क्रिकेट के पहले एपिसोड में मिताली ने इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटर ईसा गुहा और न्यूजीलैंड की ऑफ स्पिनर फ्रेंकी मैके के साथ एक स्पष्ट और मनोरंजक चैट के दौरान संन्यास से वापस आने के संकेत दिये। बहुप्रतीक्षित महिला आईपीएल का उद्घाटन संस्करण अगले साल शुरू होने की उम्मीद है। मिताली ने कहा,मैं उस विकल्प को खुला रख रही हूं। मैंने अभी तक फैसला नहीं किया है। महिला आईपीएल होने में कुछ और महीने बाकी हैं। महिला आईपीएल के पहले संस्करण का हिस्सा बनना शानदार होगा। राज ने पिछले महीने 23 साल के शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर पर विराम लगा दिया। उन्होंने पॉडकास्ट पर खुलासा किया कि उनका जीवन वास्तव में उतना धीमा नहीं था जितना उन्होंने उम्मीद की थी। उन्होंने कहा, मैंने सोचा था कि संन्यास लेने पर मेरी जीवन शैली धीमी हो जाएगी, इस अर्थ में कि मुझे अपने दिन, सप्ताह या अगली श्रृंखला की योजना बनाने की जरूरत नहीं है। अपने संन्यास की घोषणा के बाद, मैं कोविड संक्रमित हो गई थी, और जब मैं इससे उबर गई हूं। अब मैं अपने जीवन पर बनी फिल्म शाबाश मितू के प्रचार कार्यक्रमों में शामिल हो रही हूं। मिताली ने विस्फोटक बल्लेबाज शैफाली वर्मा की तारीफ करते हुए कहा,मैं उनके खेल की बहुत बड़ी प्रशंसक रही हूं। मैंने देखा है कि वह एक ऐसी खिलाड़ी हैं जो भारत के लिए किसी भी आक्रमण और किसी भी टीम के खिलाफ अकेले दम पर मैच जीताने की क्षमता रखती हैं।

# राष्ट्रमंडल खेलों में आईओए ने निशानेबाजी का नहीं उठाया मुद्दा : विजय कुमार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सबसे सफल भारतीय निशानेबाजों में से एक विजय कुमार का मानना है कि बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में निशानेबाजी को हिस्सा नहीं बनाया गया है। इससे खिलाड़ियों का भविष्य खराब हो रहा है, क्योंकि ज्यादातर निशानेबाज राष्ट्रमंडल खेलों पर निर्भर रहते हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में पांच स्वर्ण पदकों सहित छह पदक हासिल करने के बाद और 2012 लंदन ओलंपिक में 25 मीटर रैपिड-फायर स्पर्धा में रजत जीतकर उस सफलता को याद करते हुए विजय कुमार ने कहा, वह निराश हैं कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारतीय निशानेबाजी बिरादरी की भलाई के लिए मुद्दा नहीं उठाया।

निशानेबाजी को लेकर राष्ट्रमंडल खेलों में क्या सोच है? यह एक ऐसा आयोजन हुआ करता था, जहां प्रतिस्पर्धा करने के लिए लोग उत्सुक रहते थे और अब वह खेल का हिस्सा नहीं है। इस पर आपके क्या विचार हैं? राष्ट्रमंडल खेल दुनिया के तीन प्रमुख खेलों से एक हैं। पहले ओलंपिक, उसके बाद एशियाई और फिर राष्ट्रमंडल खेल आता है। यह बहुत ही अजीब और आश्चर्यजनक है कि ओलंपिक में अनुशासन होने के बावजूद निशानेबाजी को राष्ट्रमंडल खेलों से हटा दिया गया है। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कुछ गैर-ओलंपिक खेल शामिल हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि शूटिंग को छोड़ दिया गया है, जिससे शूटिंग के खिलाड़ियों पर अधिक प्रभाव पड़ा है। क्या आपको लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में सीजीएफ द्वारा राष्ट्रमंडल खेलों से निशानेबाजी को बाहर करने का ठोस प्रयास किया गया है? यहां बैठकर हम सिर्फ अनुमान लगा सकते हैं। मुझे और इस खेल से जुड़े बहुत से लोगों को लगता है कि सीजीएफ का लक्ष्य निशानेबाजी को राष्ट्रमंडल खेलों से हटाना था। यदि आप इसे तार्किक दृष्टिकोण से देखते हैं, तो घटनाओं का पूरा क्रम, जैसे कि शूटिंग की घटनाओं की संख्या को धीरे-धीरे कम करना और फिर इसे पूरी तरह से हटा देना, उस तथ्य की ओर इशारा करता है। मैंने हाल ही में कहीं पढ़ा है कि निशानेबाजी 2026 राष्ट्रमंडल खेलों का भी हिस्सा नहीं है। ये सभी बातें इस बात की ओर इशारा करती हैं कि यह भारत की पदक की उम्मीदों को कम करने के लिए उठाया गया कदम है। यदि आप हमारे प्रदर्शन को देखें, तो हमने राष्ट्रमंडल खेलों के 2006, 2010, 2014 के सीजनों की शूटिंग में उल्लेखनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। 2006 में मैंने दो स्वर्ण जीते, 2010 में मेरे पास चार पदक थे। राष्ट्रमंडल खेलों में मेरे कुल छह पदक हैं। व्यक्तिगत रूप से, यदि आप बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा होते तो आप कितने प्रेरित होते? बेहद प्रेरित, मैं कहूंगा। मैं निश्चित रूप से टीम में रहने की पूरी कोशिश करता। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान और गौरव की बात है।

**आश्चर्यजनक**
- यह बहुत ही अजीब और आश्चर्यजनक है कि ओलंपिक में अनुशासन होने के बावजूद निशानेबाजी को राष्ट्रमंडल खेलों से हटा दिया गया है

# केन विलियमसन, ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी की टीम में वापसी, वेस्टइंडीज से सीरीज

**नई दिल्ली, एजेंसी**



न्यूजीलैंड की टीम 8 साल बाद वेस्टइंडीज का दौरा करने को तैयार है। दोनों टीमें इस दौरे पर सिर्फ सीमित ओवरों की सीरीज ही खेलेंगी। 10 अगस्त से शुरू होने वाले इस दौरे पर 3 टी20कऔर 3 वनडे मैच खेले जाएंगे। इसके लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट ने आज अपनी टीम का ऐलान कर दिया। कप्तान केन विलियमसन, ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी की टीम में वापसी हुई है। इन दिग्गजों के अलावा टॉम लैथम और डेवोन कॉन्वे भी आराम के ही बाद टीम में वापसी कर रहे हैं।

वेस्टइंडीज का दौरा न्यूजीलैंड के लिए काफी अहम है क्योंकि इससे वह टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी टीम की तैयारियों का आकलन करना चाहेगा। न्यूजीलैंड ने इससे पहले आखिरी बार 2014 में वेस्टइंडीज का दौरा किया था। इससे पहले कीवी टीम इन दिनों आयरलैंड दौरे पर थी, जहां उसने 3 टी20कऔर इतने ही वनडे मैचों की सीरीज खेली है। कीवी टीम ने यहां भले अपने सभी स्टार खिलाड़ियों को आराम दिया था लेकिन इसके बावजूद वह मेजबान टीम का दोनों सीरीज में क्लीन स्वीप कर चुकी है। कीवी टीम विंडीज के दौरे से पहले अब स्कॉटलैंड का भी दौरा करेगी। यहां उसे 2 टी20क और एकमात्र वनडे सीरीज खेलनी है। यहां कीवी टीम के पास सीनियर खिलाड़ियों के तौर पर मार्टिन गप्टिल, लॉकी फर्ग्यूसन, इश सोढ़ी, जेम्स नीशम और मिशेल सेंटनर का नाम है लेकिन उसकी बाकी टीम युवा खिलाड़ियों से भरी है। न्यूजीलैंड टीम भी इस दौरे पर एक तरह से अपनी बी टीम को टेस्ट कर रही है। इन दिनों क्रिकेट मैचों की संख्या बढ़ने से अब यह ट्रेंड बढ़ने लगा है कि ज्यादातर क्रिकेट बोर्ड खिलाड़ियों की फिटनेस और वर्कलोड मैनेजमेंट का ध्यान रखते हुए स्टार खिलाड़ियों को आराम देकर अपने रिजर्व खिलाड़ियों को भी मौका दे रहे हैं। वेस्टइंडीज दौरे पर कीवी टीम इस प्रकार हैः केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कॉन्वे, लॉकी फर्ग्यूसन, मार्टिन गप्टिल, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी।

# जमशेदपुर एफसी ने लल्लवमावमा के साथ अपने अनुबंध का किया विस्तार

**जमशेदपुर, एजेंसी**

जमशेदपुर एफसी ने डिफेंडर रिकी लल्लवमावमा के साथ अपने अनुबंध का विस्तार किया है। रिकी 2024 तक क्लब में बने रहेंगे। डिफेंडर रिकी लल्लवमावमा ने जमशेदपुर के लिए पिछले दो सत्रों में प्रभावशाली आँकड़े दर्ज किए हैं, जिनमें 130 टैकल, 63 इंटरसेप्शन, 84 क्लीयरेंस और 75 ब्लॉक शामिल हैं। उन्होंने पिछले सीजन में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के खिलाफ 3-2 से रोमांचक जीत दर्ज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसके लिए उन्हें हीरो ऑफ द मैच का पुरस्कार भी मिला था। विस्तार पर हस्ताक्षर करने पर, रिकी ने कहा,"जमशेदपुर के साथ यह एक स्वप्निल यात्रा रही है, और मैं जमशेदपुर का प्रतिनिधित्व करना जारी रखने के लिए बेहद उत्साहित हूं। हम पिछले दो सत्रों में बड़े हुए हैं और एक साथ बड़ी सफलता हासिल की है। लेकिन हम यहां सिर्फ चैंपियंस ऑफ इंडिया के खिताब की रक्षा करने के लिए नहीं बल्कि इस बार प्रशंसकों के सामने ट्राफियां जीतने के लिए भी होंगे क्योंकि हम जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेलेंगे।"

मिजोरम में जन्मे, लालावमावमा ने अपने करियर की शुरूआत आइजोल से की, जहां उन्हें कप्तान बनाया गया। फिर वह 2014 में स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों, चनमारी में चले गए, जिसके बाद उन्होंने जो यूनाइटेड और आइजोल एफसी के साथ काम किया। 17 अगस्त 2017 को, उन्होंने मोहन बागान के साथ आई-लीग में खेलने के लिए करार किया। रिकी ने बाद में 2018-19 सीजन में एटीके कोलकाता के लिए अपने पहले आईएसएल सीजन में 17 मैच खेले।

# तीनों प्रारूपों में खेलना खिलाड़ियों के लिए मुश्किल हो जाएगा : डी कॉक

**लीड्स, एजेंसी**



दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक को लगता है कि भविष्य में खिलाड़ियों के लिए तीनों प्रारूपों में खेलना कठिन होगा। साथ ही कई पूर्व क्रिकेटरों द्वारा इसके अस्तित्व पर संदेह करने के बावजूद उन्होंने वनडे के भविष्य को अच्छा बताया है।

हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा वनडे मैच बारिश से रद्द होने से पहले डी कॉक ने नाबाद 92 रन बनाए थे। उन्होंने पितृत्व अवकाश पर जाने से पहले सेंचुरियन में पिछले साल भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद अपने टेस्ट करियर से संन्यास ले लिया था। बेन स्टोक्स के वनडे संन्यास के बाद से, खिलाड़ियों का कार्यभार और व्यस्त क्रिकेट कार्यक्रम क्रिकेट जगत में बहस का मुद्दा बना हुआ है। मैच के बाद डी कॉक ने कहा, तीन प्रारूपों में खेलना खिलाड़ियों के लिए यह कठिन होना शुरू हो गया है। ऐसा लगता है कि बहुत अधिक मैच हो रहे हैं। खिलाड़ियों को व्यक्तिगत रूप से निर्णय लेने की जरूरत है और अगर उन्हें लगता है कि वे तीनों प्रारूपों में खेल सकते हैं, तो यह बेहतर होगा। लेकिन लोगों को निर्णय अपने हाथों में लेने की जरूरत है। मेरे लिए, मैं जहां हूं वहां खुश हूं। डी कॉक ने यह भी आशा जताई है कि दक्षिण अफ्रीका को 50 ओवर के अधिक क्रिकेट खेलने को मिले और उन्होंने कहा कि वह प्रोटियाज के लिए वनडे विश्व कप जीतना चाहते हैं, जिसके लिए एक मौका अगले साल भारत में आएगा। डी कॉक ने स्वीकार किया कि टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उनका वनडे और टी20 में खेलना कम नहीं हुआ है, क्योंकि बांग्लादेश के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की सफेद गेंद की श्रृंखला में खेलने के बाद, डी कॉक आईपीएल 2022 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलने गए थे। वह भारत में पांच टी20 के लिए प्रोटियाज की ओर से खेलने भी आए थे और अब वनडे और टी20 श्रृंखला के लिए इंग्लैंड में हैं। डी कॉक दक्षिण अफ्रीका के भारत के छोटे दौरे और ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के लिए वापस आने से पहले द हंड्रेड, कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में भाग लेने वाले हैं।

# भारतीय दल में मुक्केबाजी सहायक कोच संध्या और मनोचिकित्सक गायत्री शामिल

**लंदन, एजेंसी**

राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) की शुरूआत से कुछ दिन पहले मुक्केबाजी की सहायक कोच संध्या गुरुंग और खेल मनोचिकित्सक गायत्री वर्तक को भारतीय दल में शामिल किया गया है। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता संध्या राष्ट्रीय शिविर में सहायक कोच हैं और वह तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन का मार्गदर्शन कर रही है। गायत्री मानसिक अनुकूलन कोच हैं जिन्होंने मई में भारतीय टेबल टेनिस टीम के साथ राष्ट्रीय शिविर में काम किया था। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एक सूत्र ने कहा, संध्या गुरुंग और गायत्री वर्तक को भारतीय दल में शामिल किया गया है। तोक्यो ओलंपिक से पहले लवलीना को मुश्किल मानसिक स्थिति से बाहर निकालने का श्रेय संध्या को जाता है। वह मुक्केबाजी दल के साथ आयरलैंड गयी थी, जहां मुक्केबाजों ने 15 दिवसीय शिविर में हिस्सा लिया था। संध्या को भारतीय दल में आखिरी क्षणों शामिल किया गया था, जिसके कारण उनका एक्रीडेशन नहीं पहुंच सका और बर्मिंघम पहुंचने पर उन्हें हवाई अड्डे पर रोक लिया गया। वह इसके बाद उस होटल में रूकी जहां अतिरिक्त अधिकारी ठहरे हुए हैं। गायत्री को अभी भी अपने वीजा का इंतजार है। सूत्र ने बताया, संध्या पहले ही बर्मिंघम पहुंच चुकी है लेकिन गायत्री अपने वीजा का इंतजार कर रही है जो कल आएगा। पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी गायत्री इन खेलों में मुख्य रूप से टेबल टेनिस खिलाड़ियों की मदद करेंगी।

वन्दे मातरम् वन्दे मातरम् वन्दे मातरम्

आज़ादी का अमृत महोत्सव



निष्ठा धृतिः सत्यम् SALUTE TIRANGA

मिडिया पार्टनर
प्रातः किरण हिंदी दैनिक

राष्ट्रीय अन्तराष्ट्रीय 75 लाख
देश भक्त होंगे शामिल

स्थानः वेस्टर्न कोर्ट एनेक्सी,
जनपथ दिल्ली सायं 4 बजे

26 जुलाई 2022

सैल्यूट तिरंगा द्वारा आयोजित
"राष्ट्रगान"
वन्दे मातरम्
घर-घर तिरंगा

राजेश झा
संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष
Phone No. 9350834252
Website : salutetiranga.org



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129